चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 21, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार



शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश 16

फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति 15

## एक नजर

### 17 तक बढ़ी पूर्व मंत्री सेंथिल की हिरासत

**चेन्नई।** सत्र अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी .सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। उन्हें ईडी ने धनशोधन के मामले में जून 2023 में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय पुझल कारागार में बंद द्रमुक नेता बालाजी को अभियोजन पक्ष ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अली की अदालत के समक्ष पेश किया, जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक बढ़ा दी। न्यायाधीश बालाजी की उस याचिका पर बुधवार को आदेश सुनाएंगे जिसमें उन्होंने मामले से मुक्त करने की अर्जी पर दोबारा जिरह का अनुरोध किया है। इस मामले में उनकी ओर से दलील देने की अवधि 22 मार्च को समाप्त हो गई थी।

### हुसैन की याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगी दलील

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को ईडी से उस तर्क में लिखित दलील देने को कहा, जिसमें एजेंसी ने दावा किया है कि 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के संबंध में हुसैन के खिलाफ धन शोधन मामले को रद करने के अनुरोध वाली पूर्व आप नेता की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने ईडी के वकील द्वारा पूर्व पार्षद हुसैन की याचिका की पोषणीयता पर सवाल खड़ा करने के बाद यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई सितंबर के लिए सूचीबद्ध की और हुसैन के वकील को ईडी के जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल करने की छूट दी। साथ ही अगली तारीख पर निचली अदालत के रिकॉर्ड भी पेश करने का निर्देश दिया।

### चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू

**देहरादून।** चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो रही है। यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले सोमवार से पंजीकरण शुरू हो गया है। पहले दिन 2.50 लाख तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए सबसे अधिक 85,034 पंजीकरण हैं। पर्यटन विभाग को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की आने की उम्मीद है। सुबह सात बजे पंजीकरण के लिए वेबसाइट खोल दी गई थी। सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने बताया कि आज से चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है।

## हरिद्वार के दक्षिण काली मंदिर में श्रद्धालुओं की डंडों से पिटाई

हरिद्वार, एजेंसी

- घटना रविवार शाम की, सोशल मीडिया पर किया गया वायरल

दक्षिण काली मंदिर में श्रद्धालुओं के दल को पुजारी तथा कर्मियों ने डंडों से पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें युवा पुजारी भी मंदिर के कर्मियों को सिर में लगी चोट दिखा रहा है और उनसे युवकों के दल को पीटने को कह रहा है। श्यामपुर थाने के अधिकारी नीतेश शर्मा ने बताया कि यह घटना रविवार शाम को हुई।

सूत्रों ने बताया कि मंदिर में टिकट और पार्किंग के मुद्दे पर श्रद्धालुओं और मंदिर कर्मियों के बीच बहस हुई जो संघर्ष में बदल गयी। मंदिर के पुजारी तथा कर्मियों ने श्रद्धालुओं का पीछा किया और उन्हें डंडों से मारा । पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में उन्हें अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से आए थे। सूत्रों ने बताया कि पार्किंग शुल्क को लेकर दोनों पक्षों में बहस छिड़ी थी। निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि मंदिर के मठाधीश हैं। उनसे संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनके वैयक्तिक सहायक ने फोन नहीं उठाया ।

## व्यापारियों ने फर्जी आयकर अधिकारी पकड़ कर पुलिस को सौंपा, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कुंदरकी थाना क्षेत्र के चक फाजलपुर का है आरोपी मुजफ्फर

**अमृत विचारः** खुद को आयकर अधिकारी बताने वाले व्यक्ति को व्यापारियों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। किराना व्यापारी रितेश रस्तोगी ने आरोपी मुजफ्फर पुत्र मोहम्मद अहमद के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी कुंदरकी थाना क्षेत्र के चक फाजलपुर गांव का रहने वाला है। इस पर फर्जी तरीके से आयकर अधिकारी बताने, आइडी रखने व धोखाधड़ी के आरोप हैं। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर ढाई बजे के दौरान आरोपी मुजफ्फर सबसे पहले कटरा नाज मॉर्केट में अमित गुप्ता के प्रतिष्ठान पर पहुंचा । उसने खुद को आयकर अधिकारी बताकर व्यापारी को रौब में ले लिया । कहा कि टैक्स जमा नहीं है, तुरंत टैक्स जमा करो । इस पर अमित ने फाइल दिखाई और कहा अभी छह महीने पहले ही टैक्स जमा किया है। इस पर शातिर मुजफ्फर ने सख्त लहजे में कहा कि नहीं...नहीं, कई महीने हो गए हैं तुरंत जमा करो। व्यापारी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट को फोन कर उनसे बात करने को कहा तो मना कर दिया। सीए ने व्यापारी को फोनकर फर्जी आयकर अधिकारी होने का संदेह व्यक्त किया। इस पर व्यापारी ने अन्य व्यापारियों को बुला लिया। सभी ने मिलकर फर्जी आयकर अधिकारी से पूछताछ की तो संदेह पुख्ता हो गया। व्यापारी उसे पकड़कर कोतवाली ले गए। आरोप है कि अपने को आयकर अधिकारी बताने वाला मुजफ्फर व्यापारियों को धमका कर 50,000 रुपये मांग रहा था। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक ने बताया कि अभियुक्त मुजफ्फर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सांड़ के हमले में किसान की मौत, ग्रामीणों में रोष

**हसनपुर (अमरोहा)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में सांड़ के हमले में किसान की मौत हो गई। इससे नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और छुट्टा पशुओं को नहीं पकड़े जाने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

गांव लुहारी खादर निवासी किसान करन सिंह (70) सोमवार सुबह सात बजे घर के बाहर हैंडपंप पर हाथ धो रहे थे, तभी सांड़ ने उन्हें उठाकर पटक दिया। परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के यहां ले गए, चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ओमप्रकाश, मेवाराम, हरिराज व अन्य ग्रामीण एकत्र हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि छुट्टा पशुओं के चलते किसान काफी परेशान हैं। पशु फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही हमला कर लोगों की जान ले रहे हैं। ग्रामीणों ने नारेबाजी करके छुट्टा पशुओं को नहीं पकड़े जाने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी। एसडीएम भगत सिंह ने बताया कि सांड़ के हमले से किसान की मौत की सूचना नहीं मिली है। घटना के बारे में जानकारी की जा रही है।

# सेवानिवृत्त जजों का सीजेआई को पत्र न्यायपालिका को किया जा रहा कमजोर

### पत्र लिखने वालों में उच्चतम न्यायालय के चार सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक समूह ने सोचे समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक रूप से अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के कुछ गुटों के बढ़ते प्रयासों पर प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को एक पत्र लिखा है। न्यायधीशों ने कहा कि ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं तथा न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह पत्र भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों में वाकयुद्ध के बीच लिखा गया है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ को भेजी गई चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वालों में उच्चतम न्यायालय के चार पूर्व न्यायाधीश- न्यायमूर्ति दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह शामिल हैं। बाकी 17 विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया है। पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता संरक्षित रहे। पत्र में कहा गया है कि हम विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के प्रयासों में चिंतित हैं। यह कोशिश न केवल अनैतिक हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी हैं।



- न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर अपनाए जा रहे कपटपूर्ण तरीके

### डराने-धमकाने के लिए पत्र लिखवाया गयाः कांग्रेस

न्यायाधीशों के एक समूह द्वारा प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखा जाना न्यायपालिका को डराने-धमकाने की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्यायपालिका को सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से है। 21 पूर्व न्यायाधीशों ने खत लिखा है जो इस बात की एक और मिसाल है कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उच्चतम न्यायालय को धमकी दे रहे हैं, डरा रहे हैं और दबाव बना रहे हैं। उनका कहना था, उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि मणिपुर में संविधान नहीं बचा है। इसके बाद उसने कहा था कि चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक है। उच्चतम न्यायालय में एक न्यायाधीश ने नोटबंदी की आलोचना की थी। इसलिए एक निष्पक्ष न्यायपालिका को डराने और धमकी देने के लिए यह तरीका अपनाया गया है।

### दोषारोपण करके न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों को दी जा रही सीधी चुनौती

पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि यह हमारे संज्ञान में आया है कि ये तत्व संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित होकर हमारी न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके इस मामले में काम करने के तरीके कहीं अधिक कपटपूर्ण हैं। उन्होंने उन तरीकों से स्पष्ट रूप से दोषारोपण करके न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया। इस तरह की कोशिश न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी हैं।

### भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर पार्टी कार्यालय में की पत्रकार वार्ता

# जो प्रधानमंत्री मोदी का विजन वही हमारे लिए मिशन : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- सीएम बोले, देश को मोदी की गारंटी पर है विश्वास
- नारा दिया- 80 बनेगा आधार एनडीए 400 के पार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी बताते हुए इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की उद्घोषणा करार दिया है। योगी के मुताबिक, आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

सोमवार को यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, इस घोषणापत्र में हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने उप्र. में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि '80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।'

योगी ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है। बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। आजादी के अमृतकाल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अंत्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं।

## 23 तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

**आबकारी नीति घोटाला**



- वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री

दिल्ली की अदालत ने धन शोधन मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी। सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ा दी। केजरीवाल वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कोर्ट में पेश हुए। ईडी ने जांच महत्वपूर्ण चरण में होने की बात कहते हुए केजरीवाल की हिरासत 14 दिन बढ़ाने की मांग की। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार को ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल के उस आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा गया था।

वहीं,अदालत ने कविता की जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस भेजा। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया और संघीय एजेंसी को 22 अप्रैल तक अर्जी पर जवाब देने का निर्देश दिया। सीबीआई ने कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। कथित ईडी के गिरफ्तार करने के बाद से तिहाड़ जेल में थीं।

### चनप्रीत गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में चनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आप के कोष का कथित तौर पर प्रबंधन किया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और अगले दिन विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया।

## रामनवमी पर श्रद्धालुओं को 19 घंटे दर्शन

**अयोध्या।** रामनवमी पर रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे। रामलला के जन्मोत्सव पर 17 अप्रैल को सुबह चार से रात 11 बजे तक मंदिर में प्रवेश मिलेगा। दोपहर में 12:16 बजे सूर्याभिषेक होगा।

पांच मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने सोमवार को उत्सव की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रृंगार, आरती आदि दर्शन के साथ-साथ चलते रहेंगे। दोपहर 12 बजे से पहले वस्त्र श्रृंगार होगा और 12 बजते ही पर्दा खुल जाएगा। मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नपेंद्र मिश्र ने बताया कि 12:16 बजे रामलला का सूर्याभिषेक होगा।

## सुप्रीम कोर्ट 5 अगस्त से करेगा सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

**कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद**



- हाईकोर्ट के सर्वेक्षण संबंधी आदेश पर रोक जारी

उच्चतम न्यायालय ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे विवादित शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण कराने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक जारी रखते हुए सोमवार को कहा कि वह इस मामले में 5 अगस्त से सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि तब तक इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर 2023 के आदेश पर रोक बरकरार रहेगी। शीर्ष अदालत ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर कार्रवाई करते हुए 16 जनवरी 2024 को उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी। पीठ ने कहा, अंतरिम आदेश (सर्वेक्षण पर रोक) जारी रहेगा। इसके साथ ही हम स्पष्ट करते हैं कि हमने उच्च न्यायालय के समक्ष अन्य कार्यवाही पर रोक नहीं लगाई है। शीर्ष अदालत ने तब यह भी स्पष्ट किया था कि मामले में उच्च न्यायालय के समक्ष अन्य कार्यवाही जारी रहेगी। उच्च न्यायालय ने मौजूदा मामले में 14 दिसंबर 2023 को अदालत की निगरानी में एडवोकेट कमिश्नर की तीन सदस्यीय टीम द्वारा मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। उच्च न्यायालय ने सर्वेक्षण करने के लिए एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करने का भी निर्देश दिया था।

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 845 अंक लुढ़का

**मुंबई।** शेयर बाजारों में सोमवार को दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और सेंसेक्स 845 अंक और लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित रही।

तीस शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स 845.12 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 929.74 अंक तक टूटा था। एनएसई का निफ्टी भी 246.90 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,272.50 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 793.25 अंक और निफ्टी 234.40 अंक के नुकसान में था। दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,638 अंक यानी 2.19 प्रतिशत और निफ्टी 481 अंक यानी 2.13 प्रतिशत टूटा है। व्यापक बाजार में, बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 1.54 प्रतिशत और मिडकैप में 1.50 प्रतिशत की गिरावट आई।

## सलमान के घर के बाहर फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो को उठाया

मुंबई, एजेंसी

- लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य अनमोल ने सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी ली थी

महाराष्ट्र में मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर कई राउंड फायरिंग के 24 घंटे में मुंबई अपराध शाखा ने नवी मुंबई से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य अनमोल बिश्नोई ने कल शाम हमले की जिम्मेदारी ली थी।

मुंबई पुलिस अपराध शाखा के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि बांद्रा पुलिस की प्रारंभिक जांच के बाद अब मामले की जांच अपराध शाखा कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो हमलावरों ने बांद्रा स्थित सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पांच राउंड फायरिंग की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद दोनों शूटरों को पहचान की है।

### बाइक के मालिक से पूछताछ

अभिनेता के घर के बाहर हुई फायरिंग के मामले में पनवेल के सहायक पुलिस आयुक्त अशोक राजपूत ने बताया कि बाइक पनवेल में रहने वाले व्यक्ति के नाम पर है, जिसके बाद अपराध शाखा की टीम वहां गई और वाहन मालिक व दो अन्य को पूछताछ के लिए ले आई।

## पत्नी की मौत से आहत एसडीएम ने की आत्महत्या

**आजमगढ़ ।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में एक पीसीएस अधिकारी ने रविवार देर रात फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों ने अनुसार बूढ़नपुर कस्बा निवासी आलोक कुमार सिंह (43) गाजीपुर जिले में बतौर एसडीएम तैनात थे और नगर पालिका गाजीपुर के प्रभारी ईओ का काम भी देख रहे थे। 2003 बैच के पीसीएस अधिकारी बीते 15 दिनों से अवकाश पर थे।

एक साल पूर्व आलोक कुमार की पत्नी का निधन हो गया था जिसके बाद से वे डिप्रेशन में थे। रविवार को आलोक कुमार घर पर अकेले थे और इसी दौरान उन्होंने घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पट्टीदारों व पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर अतरौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की दो पुत्रियां हैं। दोनों बाहर रहकर पढ़ाई कर रही हैं।

# ऋण लेने वालों को अब देनी पड़ेगी संपूर्ण जानकारी

मुंबई, एजेंसी




- एक अक्टूबर से कर्ज लेने वालों को ऋण से संबंधित पूरी जानकारी उपलब्ध कराएंगे बैंक

बैंकों और एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां) को एक अक्टूबर से खुदरा और एमएसएमई कर्ज के लिए ऋण लेने वाले को ब्याज और अन्य लागत समेत ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी (केएफएस) देनी होगी। वाणिज्यिक बैंकों की तरफ से दिये गये व्यक्तिगत कर्जदारों, आरबीआई के दायरे में आने वाली इकाइयों के डिजिटल ऋण और छोटी राशि के कर्ज के संबंध में ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी अनिवार्य रूप से देनी होगी।

रिजर्व बैंक ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि कर्ज के लिए केएफएस पर निर्देशों को सुसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है। यह आरबीआई के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के उत्पादों को लेकर पारदर्शिता बढ़ाने और सूचना की कमी को दूर करने के लिए किया गया है। इससे कर्ज लेने वाला सोच-विचारकर वित्तीय निर्णय कर सकेंगे। यह निर्देश आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले सभी इकाइयों (आरई) की तरफ से दिये जाने वाले खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामलों में लागू होगा। केएफएस सरल भाषा में ऋण समझौते के मुख्य तथ्यों का एक विवरण है। यह कर्ज लेने वालों को एक मानकीकृत प्रारूप में प्रदान किया जाता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, वित्तीय संस्थान दिशानिर्देशों को जल्द-से-जल्द लागू करने के लिए आवश्यक उपाय करेंगे। एक अक्टूबर, 2024 को या उसके बाद स्वीकृत सभी नये खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामले में दिशानिर्देश बिना किसी अपवाद के अक्षरशः पालन किया जाएगा। इसमें मौजूदा ग्राहकों को दिये गये नये कर्ज भी शामिल हैं।

आरबीआई ने कहा कि वास्तविक आधार पर तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं की ओर से केंद्रीय बैंक के दायरे में आने वाले संस्थानों द्वारा कर्ज लेने वाले संस्थानों से वसूले गए बीमा और कानूनी शुल्क जैसी राशि भी वार्षिक प्रतिशत दर (एपीआर) का हिस्सा होगी। इसके बारे में अलग से खुलासा किया जाना चाहिए। जहां भी आरई ऐसे शुल्कों की वसूली में शामिल है, उचित समय के भीतर प्रत्येक भुगतान के लिए कर्ज लेने वालों को प्राप्ति रसीदें और संबंधित दस्तावेज प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा, ऐसा शुल्क जिसका जिक्र केएफएस में नहीं है, उधारकर्ता की स्पष्ट सहमति के बिना ऋण की अवधि के दौरान किसी भी चरण में इस प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा सकता है। हालांकि, क्रेडिट कार्ड के मामले में प्राप्त होने वाली राशि को लेकर प्रावधानों से छूट दी गई है।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

☞ कृष्णा विहार स्थित मनोकामना मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ प्रात: 6:30 बजे।

## एक नजर

### आज जिले का भ्रमण करेंगे विशेष प्रेक्षक

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में प्रथम चरण में 19 अप्रैल मतदान होगा। रामपुर संसदीय क्षेत्र में होने वाले मतदान के संबंध में तैयारियों को लेकर चुनाव आयोग के निर्देश पर 16 अप्रैल को विशेष प्रेक्षक (सामान्य) अजय वी नायक और विशेष प्रेक्षक (व्यय) राजेश टुटेजा जनपद का भ्रमण करेंगे। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विशेष प्रेक्षकों द्वारा जनपद में मतदान दिवस की तैयारी और ईसीआई द्वारा निर्धारित विभिन्न प्रावधानों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा भी की जाएगी।

### जिले में 17 अप्रैल से बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि जनपद में मादक पदार्थों की बिक्री व देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर एवं मॉडल शॉप की थोक एवं फुटकर दुकानें तथा होटल बार आदि 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति के समय से 48 घंटे पूर्व बंद कर दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को सायं छह बजे से 19 अप्रैल को मतदान खत्म होने तक एवं चार जून को मतगणना के चलते पूरे दिन पूरी तरह बन्द रहेंगी। बंदी में अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

# जीपीएस युक्त वाहनों से जाएंगी पोलिंग पार्टियां

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने पत्रकार वार्ता में दी चुनाव की तैयारियों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि मतदान कराने के लिए डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी स्थल से 18 अप्रैल को जीपीएस युक्त वाहनों से पोलिंग पार्टियां मूव करेंगी। मतदान 19 अप्रैल को होगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पहली बार ऐप तैयार किया गया है जिसके माध्यम से हर दो घंटे के बाद मतदान प्रतिशत की अपडेट मिलती रहेगी। इससे पहले मैन्युअल तरीके से मतदान प्रतिशत निकाला जाता था। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से 15 अप्रैल तक शेड्यूल के मुताबिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि चुनाव पूरी ईमानदारी से कराया जाएगा। मतदान के दौरान 130 बूथों पर अलग से फोटोग्राफी कराई जाएगी। जिले में 775 क्रिटीकल मतदान केंद्र हैं। जबकि 310 क्रिटीकल मतदेय स्थल हैं। जिले में 148 गुंडा एक्ट, 177 को जिला बदर और 577 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। चुनाव में 3578 ईवीएम लगाई जाएंगी। जबकि 888 ईवीएम रिजर्व में रहेंगी। इस दौरान 2223 वीवीपेट लगेंगी। मतदान के लिए 152 सेक्टर और 25 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। इसके अलावा 194 माइक्रो आब्जर्वर की भी तैनाती रहेगी। सभी का प्रशिक्षण करा दिया गया है। जो लोग सीख नहीं पाए उनका दोबारा प्रशिक्षण कराया गया है। उन्होंने कहा कि पिंक बूथ, युवा बूथ मतदाताओं में मतदान के प्रति रुचि जगाते हैं। मतदान केंद्रों पर दिव्यांगों को व्हील चेयर दी जाएगी। उन्हें मतदेय स्थल तक लाने व ले जाने के लिए बीएलओ तैनात रहेंगे। जिले में तीन कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। सड़क पर सभा करने के लिए किसी को भी अनुमति नहीं दी जा सकती।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वीप के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सोमवार की सुबह से वह मतदाताओं के घर पहुंचकर नॉक दि डोर के माध्यम से वोट डालने की अपील कर रहे थे। स्वीप के तहत 12 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला, स्कूल-कालेजों में मेहंदी और पोस्टर प्रतियोगिताएं, मतदाता जागरूकता रैली, बाइक रैली और दौड़ आदि कार्यक्रम कराए गए हैं। पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकार वार्ता में बोलते जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह।

### प्रदेश में रामपुर पांचवें पायदान पर, 30497 नए मतदाता बने

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नए मतदाता बनाने के मामले में रामपुर जनपद प्रदेश में पांचवें स्थान पर है। जिले में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 36597 नये मतदाता बढ़े हैं। इसमें 2.05 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। जिले में कुल 1731836 मतदाता हैं। इनमें 915998 पुरुष और 815678 महिला मतदाता हैं। इनके अलावा 160 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जिले में 1071 मतदान केंद्र और 1789 मतदेय स्थल हैं। चुनाव में 300 हल्के और 480 भारी वाहन लगाए जाएंगे।

### उत्तराखंड बॉर्डर पर लगाए गए 11 बैरियर

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि उत्तराखंड बॉर्डर पर आसामाजिक तत्वों एवं अवैध सामग्री की रोकथाम के लिए 11 बैरियर बनाए गए हैं और सुपर जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। चुनाव में 600 इंसपेक्टर और सब इंसपेक्टर, 4800 कांस्टेबिल, 3000 होमगार्डस, महिला फोर्स और 31 कंपनी अर्धसैनिक बल तैनात रहेंगी। कहा कि अभियान चलाकर 7000 लीटर शराब और आठ अवैध असलाह बनाने की फैक्ट्रियों को पकड़ा जा चुका है। जिले में 12000 असलाह के सापेक्ष करीब 11000 लोगों से असलाह जमा करा लिया गया है। 250 लोग बाहर हैं जबकि, पांच-छह सौ लोगों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए असलाह जमा नहीं किए हैं।



लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह।

# मतदाताओं के दरवाजे पर डीएम ने चस्पा किए स्टिकर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद में मतदाता जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान दिवस में बूथ पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सोमवार की सुबह जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने लोगों के घर पहुंचकर मतदान करने की अपील की और मतदान से संबंधित स्टिकर चस्पा किए।

आवास विकास क्षेत्र में नॉक द डोर कार्यक्रम चलाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने मतदाताओं के दरवाजे पर पहुंचकर जागरूकता से संबंधित स्टिकर चस्पा किए। मतदाताओं से कहा कि वह 19 अप्रैल को अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना वोट अवश्य दें। लोकतंत्र के इस महापर्व में जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपना योगदान दें।

इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.एसपी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार और उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



नुक्कड़ सभा में बोलतीं पूर्व सांसद बेगम नूरबानो। ● अमृत विचार

# मेरे नाम से है नूरमहल की पहचान : नूरबानो

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** पूर्व चेयरमैन पप्पू खां के आवास पर सोमवार को हुई नुक्कड़ सभा में पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने कहा कि रामपुर की आवाम मुझसे मोहब्बत करती है। नूर महल की पहचान मेरे नाम से है।

पूर्व सांसद ने सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार मौलाना मोहिबुल्ला नदवी के लिए लोगों से समर्थन मांगा। इस मौके पर सपा प्रत्याशी मौलाना मोहिबुल्ला नदवी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, मुसर्रत अली खां उर्फ पप्पू खां, मतलूब अंसारी, जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन, शकील अहमद नदवी, अफरोज अली खां, तजेंद्र सिंह विर्क, फैसल लाला आदि मौजूद रहे।

## क्षत्रिय महासभा से की सहयोग की अपील

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह के कृष्णा विहार आवास पर बैठक हुई। इसमें सांसद और लोकसभा के उम्मीदवार घनश्याम सिंह लोधी ने विचार रखे। क्षत्रिय समाज के साथ और सहयोग के लिए अपील की।

बैठक में नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, कौशलेंद्र सिंह ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में सचिन सिंह, संजीव सिंह, शालमेंद्र चौहान, संजीव फौजी, अरविंद फौजी, राजीव सिंह, प्रदीप सिंह, अजय ठाकुर,अजय राठौर, हर्ष सिंह,ओमवीर सिंह आर्य, धर्मपाल सिंह तोमर, रमेश सिंह, ऋषभ ठाकुर, पुष्पेंद्र चौहान,अनिल चौहान, संजय सिंह, कैप्टन राजपाल सिंह, यतेंद्र सिंह, अजय तोमर आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता शिशुपाल सिंह चौहान तथा संचालन युवा जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने किया।

# शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई

- लोकतंत्र को बचाने के लिए अवश्य करें मतदान : मुजम्मिल
- कार्यपालिका व न्यायपालिका देते हैं लोकतंत्र को मजबूती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य मुजम्मिल हुसैन ने अभिभावकों, छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका, पत्रकारिता चारों स्तंभ हमारे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं। हमें लोकतंत्र व लोकतांत्रिक मूल्यों पर गर्व है। लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। इससे पूर्व शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को शपथ दिलाई गई।

कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीपुर ठेका में स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। स्कूल के शिक्षकों, प्रबंध समिति के सदस्यों, मीना-मंच व बाल संसद के प्रतिनिधियों ने गांव में रैली निकाल कर संपर्क करते हुए घरों पर मतदान प्रेरक स्टीकर लगाकर व जिलाधिकारी द्वारा मतदान के लिए की गई अपील के पंफलेट वितरित कर मतदान के लिए जागरूक किया। स्कूल परिसर में हुई गोष्ठी में प्रधानाध्यापक नितिन राजपूत ने कहा कि किसी भी जागरूकता अभियान की स्वीकार्यता और सफलता के लिए यह महत्वपूर्ण है कि शत, प्रतिशत लोगों की सहभागिता अवश्य हो। ऐसा ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है मतदान करना। इसे हम गैर जरूरी या कुछ अन्य लोगों की जिम्मेदारी मात्र मान लेते हैं। बाल संसद के सदस्यों ने मदन मोहन सिंह के नेतृत्व में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में युवा एवं पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संवाद किया। कहा कि 19 अप्रैल को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने और अपने गांव तथा पड़ोसियों को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रयास करना है। बाल संसद की उप प्रधानमंत्री इलमा व पावर एंजिल सृष्टि ने लोगों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए शपथ दिलाई तथा संकल्प पत्र भरवाए।



मतदान के लिए शपथ लेते शिक्षक एवं ग्रामीण। ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर नितिन राजपूत, प्रताप सिंह, मदन मोहन सिंह, गौरव त्यागी, नरेंद्र कुमार, अजय कुमार,अंशु, शहादत, मोहम्मद इसलाम, सिराज अहमद, मुजम्मिल हुसैन, शर्मिला बी, शराफत अली, शबनम बी, नईम जहां, अरमान, बब्बो, मीना, शमशाद, अमरीन, सायरा बानो, फातिमा बी आदि उपस्थित रहे।



भाजपा में शामिल हुए लोग। ● अमृत विचार

# कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** स्वार विधानसभा के तीन चेयरमैन भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। इनमें टांडा की पालिकाध्यक्ष के पति हाजी सरफराज आलम, नगर पंचायत अध्यक्ष नरपत नगर खालिद अली और नगर पंचायत अध्यक्ष दढ़ियाल खुर्शीद अहमद शामिल हैं।

इनके साथ टांडा के सभासद साकिब, रोहित सैनी, वसीम, मैटलम मुन्ना, गोकुल ने भी भारतीय जनता पार्टी की विकास की नीतियों को देखते हुए इस लोकसभा चुनाव में भाजपा पार्टी का दमन थाम लिया। जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने भारतीय जनता पार्टी का पटका पहनकर उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया। उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी स्वार विधानसभा लक्ष्मी सैनी, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, दिनेश शर्मा, गोपाल गुप्ता, दिनेश गोयल, अर्जित सक्सेना, विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

## डा. भीमराव के संविधान से देश कर रहा तरक्की

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी सांसद घनश्याम सिंह लोधी सोमवार को मिलक पहुंचे। रास्ते में भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया। भाजपा के समर्थन में नारेबाजी की।

सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि कुछ कहते हैं कि संविधान खतरे में है। लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि संविधान के जनक बाबा साहब हैं। उन्होंने संविधान लिखा। लोग आज की तारीख में संविधान बचाने की बात करते हैं। लेकिन जिन्होंने संविधान लिखा है, उन्हीं का सम्मान नहीं करते। ऐसे लोगों को रामपुर ही नहीं पूरा देश माफ नहीं करेगा। बाबा साहब किसी एक जाति या धर्म के नहीं हैं। वह 140 करोड़ की आबादी में सभी के हैं। उन्होंने हमें हक दिलाने का कार्य किया है। आज देश उनके बताए हुए रास्तों पर तरक्की कर रहा है।



सांसद से मिलते रावत समाज के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# रावत समाज के पदाधिकारियों ने सांसद से की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रावत समाज उत्थान समिति का एक प्रतिनिधि मंडल सांसद घनश्याम सिंह लोधी से मिला। रावत समाज के प्रदेश अध्यक्ष मदनपाल सिंह रावत ने अपनी बिरादरी की समस्याओं से अवगत कराया।

अध्यक्ष ने बताया कि रावत समाज के लोग 50 वर्ष से भाजपा को वोट डालते हैं लेकिन उनकी समस्या का अभी तक हल नहीं हुआ है। मदनपाल सिंह रावत ने भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को समर्थन दिया है। इस मौके पर लेखराज रावत, रमेशबाबू रावत, गौरव रावत, ताराचंद्र रावत, सचिन रावत, शक्ति सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहब का अपमान करने वालों का होगा बहिष्कार

**रामपुर, अमृत विचार:** भारतीय आंबेडकर सभा के जिला संयोजक धर्म कुमार वाल्मीकि ने कहा कि सपा प्रत्याशी को दलितों का वोट तो चाहिए लेकिन दलितों के मसीहा डा. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि देना गंवारा नहीं है। इससे उनकी मानसिकता साफ दिखाई देती है। वह दलितों का अपमान कर रहे हैं। ऐसे में दलित विरोधी प्रत्याशी का बहिष्कार करें। सोमवार को अस्तबल रोड के निकट भारतीय आंबेडकर सभा की बैठक हुई।

इसमें संयोजक धर्मकुमार वाल्मीकि ने कहा कि बाबा साहब की जयंती मनाई गई। लेकिन मोहिबुल्लाह नदवी ने कार्यक्रम में आकर भी बाबा साहब को सम्मान नहीं दिया। इससे उनकी मानसिकता साफ है। इस अवसर पर संस्थापक अविनाश तपन, अनिल राज, नवीन कुमार सोनू, सचिन कुमार, शाहिद, रंजीत कठेरिया आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



चुनावी संवाद के दौरान ग्रामीणों से वार्ता करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# एसडीएम ने की अधिक से अधिक मतदान की अपील

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव में एसडीएम सुनील कुमार व क्षेत्राधिकारी अतुल पाण्डेय ने लोगों के साथ बैठक कर सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने को कहा। इस दौरान उन्होंने अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी की।

सोमवार को हुई बैठक में एसडीएम ने कहा कि चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदान करें। उन्होंने रोजगार के सिलसिले में बाहर रह रहे मतदाताओं को भी बुलाने का आग्रह किया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। कोई भी आपको धमकाता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

गांवों में जितने भी पुराने मुकदमे हैं, उनके अभियुक्तों को चिह्नित कर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। उन पर नजर भी रखी जा रही है। उन्होंने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने के लिए कहा।

**लापरवाही** किसी का पहिया तो किसी के पुर्जे हो गए गायब, जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर खड़ी हैं एंबुलेंस

# कबाड़ में बदल गईं जिला अस्पताल में खड़ीं एंबुलेंस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मोर्चरी के सामने खड़ी करोड़ों रुपये कीमत की एंबुलेंस कबाड़ हो गई हैं। इनमें से अधिकांश के पहिए गायब हो गए हैं। जबकि कुछ के पुर्जे भी चोरी हो चुके हैं। शासन ने यह एंबुलेंस मरीजों को लाने-ले जाने के लिए भेजी थीं। लेकिन, लापरवाही के चलते एंबुलेंस खड़े-खड़े कबाड़ हो गईं हैं।

सरकार की ओर से रोगियों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराई गई 108 एंबुलेंस लापरवाही के चलते खटारा हो गई हैं। इन एंबुलेंस के रखरखाव का ध्यान नहीं रखा गया। समय पर इनकी मरम्मत भी नहीं कराई गई। इसके चलते एक-एक करके यह पूरी तरह खराब हो गईं। जिला अस्पताल में लाइन से कई एंबुलेंस खड़ी हैं। इनके पहिए भी गायब हो चुके हैं। हेड लाइट और कमानी भी चोरी हो गई हैं। मगर विभाग को इसकी कानों कान खबर नहीं है। जानकारी में आया है कि कबाड़ में खड़ी एंबुलेंस के पहिए, हेड लाइट, कमानी चोरी करके बेच दी गई या उन्हें अपने निजी प्रयोग में ले लिया गया है। खटारा एंबुलेंस लंबे समय से खड़ी हैं।



जिला अस्पताल में खड़ीं खटारा एंबुलेंस। ● अमृत विचार

> लोकसभा चुनाव के चलते एंबुलेंसों की नीलामी नहीं हो पाई है। सामान व एंबुलेंस की नीलामी के लिए टेंडर निकाले गए थे। सामान की नीलामी तो हो चुकी है। इसके बाद एंबुलेंस के लिए टेंडर निकाला गया। लेकिन चुनाव होने के चलते नीलामी नहीं हो सकी है।
> –डा. एचके मित्रा, डीमुख्य चिकित्साधीक्षक, पुरुष जिला अस्पताल

### शाहबाद में खड़ी एंबुलेंस में लग चुकी है आग

जिला अस्पताल में खराब एंबुलेंस में कभी भी आग लग सकती है। दो एंबुलेंस में सफाई कर्मचारियों ने सामान भर दिया है। सप्ताह भर पहले ही शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खड़ी एंबुलेंस में आग लग गई थी। कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया था। जल्द ही इनको नहीं हटाया गया या नीलामी नहीं किया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। इस बारे में जिम्मेदार पूरी तरह अंजान है। जानकारी में यह भी आया है कि कुछ दिन पूर्व अस्पताल में पुराने कबाड़ के साथ एंबुलेंस की भी नीलामी होनी थी। मगर आचार संहिता के कारण नीलामी नहीं हो सकी। जबकि अन्य सामान की नीलामी हो चुकी है।

# पैनकार्ड-ड्राइविंग लाइसेंस से भी कर सकते हैं मतदान

- मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के रूप में कर सकते हैं इस्तेमाल
- मनरोगा जॉब कार्ड, बैंकों व डाकघरों की पासबुक भी मान्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के समय अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक बूथ में दिखाना होगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह ने बताया कि फोटो पहचान पत्र के विकल्प के रूप में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों व डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज हैं।

इसके अलावा सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान-पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार एवं केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र आदि शामिल किए गए हैं।












# आचार संहिता उल्लंघन में बसपा प्रत्याशी समेत तीन पर रिपोर्ट

## सिविल लाइन के दरोगा अजय राणा ने लिखाई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आचार संहिता का उल्लंघन करना बसपा प्रत्याशी को भारी पड़ गया। सिविल लाइन में तैनात दरोगा अजय राणा की तहरीर पर पुलिस ने बसपा प्रत्याशी जीशान खां के अलावा मुकर्रम और मोहसिन के खिलाफ धारा 188 और 171 एच के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन का जिले में पहला मामला दर्ज होने से प्रत्याशियों में खलबली मची है। इससे पहले फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा पर आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कोर्ट में विचाराधीन हैं।

सिविल लाइन थाने में तैनात दरोगा अजय कुमार राणा, सिपाही परवेंद्र व मोनू कुमार के साथ 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर निकलने वाले जुलूसों की शांति व्यवस्था में लगे थे। शोभायात्रा के साथ करीब साढ़े छह बजे गांधी समाधि के पास पहुंचे तो पाया कि गांधी समाधि के पास सड़क पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा के स्वागत के लिए बसपा के प्रत्याशी जीशान खां द्वारा संचालित टैंट पर पार्टी का डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाओं वाला बड़ा पोस्टर लगा था। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री मायावती, रामपुर की पूर्व प्रत्याशी शहला खान, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, सांसद गिरीश चंद्र, जिलाध्यक्ष प्रमोद निरंकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सागर, जोन कोऑर्डिनेटर शहाब खां और लोकसभा सात के प्रत्याशी जीशान खां के फोटो और बसपा का चुनाव चिन्ह छपा था।

इसके अलावा कई अन्य पदधिकारियों के भी फोटो लगे थे। प्रत्याशी जीशान खां, मुकर्रम और मोहसिन ने इस पोस्टर को चुनाव प्रचार के लिए लगाया गया था। यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। तहरीर आधार के पर पुलिस ने बसपा प्रत्याशी सहित तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पूर्व सांसद के जारी हो चुके हैं गैर जमानती वारंट



फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 में स्वार और केमरी थाने में आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया था। यह दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं। इस पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे।



पुलिस की गिरफ्त में गैंगस्टर का आरोपी।

## गैंगस्टर के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**स्वार, अमृत विचार :** गिरोह बनाकर समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने पर पुलिस ने फरार चल रहे गैंगस्टर के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

नगर के मोहल्ला काशीपुर निवासी सोनू सरोज उर्फ जग्गा गैंगस्टर के मामले काफी समय से फरार चल रहा है। वह गैंग बनाकर गोवंशीय पशुओं का वध और हत्या के प्रयास जैसी घटनाओं को अंजाम देता है। उसका क्षेत्र में आतंक है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने पर उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। सोमवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर कस्बा इंचार्ज ललित कुमार उसे बिलासपुर मार्ग स्थित पिरानी के बाग से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे कोर्ट करके जेल भेज दिया गया।

# दो लाख और कार नहीं मिलने पर महिला को जलाने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- महिला थाने में पति सहित सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज
- पीड़िता ने ससुर पर लगाया उस पर गलत नजर रखने का आरोप

**अमृत विचार:** दहेज में दो लाख रुपये और कार नहीं मिलने पर ससुरालियों ने महिला के ऊपर तेल डालकर जलाने का प्रयास किया। ससुर ने जबरन बहू से शरीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। तहरीर के आधार पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी पति सहित सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि 24 मई 2021 को उसकी शादी टांडा के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। उसके मां और भाई ने काफी दान दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे। शादी के एक दिन बाद से ही उन्होंने दहेज में कार और दो लाख रुपये की मांग कर दी थी। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराली उसके साथ मारपीट करते थे। इतना ही नहीं मारपीट करके उसे घर से निकाल दिया था। पंचायत होने पर ससुराली महिला को बुलाकर ले गए। तीन माह के बाद महिला का पति काम करने के लिए विदेश चला गया। पीड़िता का कहना है कि ससुर उस पर गलत नजर रखता था। कमरे में अकेले होने पर ससुर उसके पास चला आता था और छेड़खानी करता था। उस पर जबरन संबंध बनाने का दवाब बनाता था। विरोध पर ससुराली मारपीट करते थे। 15 अक्टूबर 2023 को ससुराल वाले उस पर मिट्टी का तेल डालकर लाग लगाने लगे। वह किसी तरह से जान बचाकर मायके आ गई और परिजनों को पूरी बात बताई। कुछ दिन पहले ससुराली महिला के मायके पहुंचे और पीटकर उसे घायल कर दिया।

पीड़िता ने महिला थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने उसके पति, ससुर व सास समेत सात आरोपियों के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## तहस-नहस किए अवैध शराब बनाने के ठिकाने

**बिलासपुर, अमृत विचार :** आबकारी विभाग ने क्षेत्र के आठ गांवों में छापेमारी कर शराब के ठिकानों को तहस-नहस कर दिया। मौके से 60 लीटर अवैध शराब व उपकरण बरामद कर 800 किग्रा लहन नष्ट किया है।

सोमवार को आबकारी निरीक्षक मोहम्मद सरफराज आलम के नेतृत्व में टीम ने मानपुर ओझा, शिवनगर, भवंरका, उदयपुर, खेमपुर, मनौना, कुआंखेड़ा एवं डंडिया वन जंगल आदि में अवैध शराब की धरपकड़ के लिए छापेमारी की। इसकी भनक लगते ही अवैध शराब बनाने व बेचने में जुटे लोग फरार हो गए। इस दौरान टीम को एक स्थान से 60 लीटर अवैध शराब व शराब बनाने उपकरण मिले। इसके साथ ही टीम ने 800 किग्रा लहन मौके पर ही नष्ट कर दिया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि शासन व जिला आबकारी अधिकारी एसके शर्मा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह अभियान चलाया जा रहा है। आठ गांवों में अभियान चलाा गया। इस दौरान आबकारी अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। इस दौरान टीम ने देशी व विदेशी मदिरा की दुकानों पर चेकिंग भी की।

## मारपीट में दंपती समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** ढकिया चौकी क्षेत्र के रवानी पट्टी ऊदा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मारपीट का रूप ले लिया। इसमें दोनों पक्षों के कई लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर के छह लोगों पर मामला दर्ज किया है। एक पक्ष ने छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया है।

एक ग्रामीण का आरोप है कि सोमवार की सुबह पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही दो लोग अपने दो साथियों के साथ उनके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ भी की। दूसरे पक्ष की महिला ने भी दंपती खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि 12 अप्रैल को उनकी बकरी दंपती के खेत में घुस गई थी। इस पर दंपती ने उनके के मंदबुद्धि बेटे की पिटाई कर दी। वह बचाने गई तो उसे भी पीट दिया।

# शत्रु संपत्ति मामले में सुनवाई 26 को

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में शत्रु संपत्ति से जुड़े मामले की तारीखें हो रही हैं। सोमवार को इस मामले की सुनवाई होनी थी। मगर मुकदमे के वादी अल्लामा जमीर रिजवी अदालत में हाजिर नहीं हुए। पहले की तारीखों पर नहीं आने के कारण कोर्ट उनके खिलाफ नौ अप्रैल को गैर जमानती वारंट जारी कर चुकी है। अब इस मामले की सुनवाई 26 अप्रैल को होगी।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें शत्रु संपत्ति कब्जाने का भी मामला है। यह मामला सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अल्लामा जमीर रिजवी ने अजीमनगर थाने में दर्ज कराया था। इसमें शत्रु संपत्ति को जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने का आरोप है। जौहर यूनिवर्सिटी का संचालन जौहर ट्रस्ट करता है। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन आजम खां समेत अन्य सदस्यों को नामजद किया था। पुलिस ने जांच पूरी कर कोर्ट में आजम खां, उनके बड़े बेटे अदीब आजम, छोटे बेटे अब्दुल्ला आजम, पत्नी डा. तंजीन फात्मा, चमरौआ से विधायक नसीर अहमद खां आदि के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। इस मामले की सुनवाई एमपीए-एमएल स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हो रही है। पिछली तारीखों पर कोर्ट ने 14 आरोपियों पर आरोप तय कर दिए थे। इस मामले में पिछली तारीख यानी नौ अप्रैल को सरकार के वकील कोर्ट पहुंचे, लेकिन मुकदमे का गवाह नहीं आने के कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिए थे। इस मामले में सोमवार को सुनवाई होना थी, लेकिन नहीं हो सकी। अब इस मामले में 26 अप्रैल को सुनवाई होगी।

### डूंगरपुर के मामले में महिला ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में महिला ने अपने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 18 अप्रैल को सुनवाई होगी। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हो रही है। वर्ष 2019 में डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर घरों में घुसकर तोड़फोड़, लूटपाट का आरोप लगाते हुए कई मुकदमे दर्ज कराए गए थे। आरोप था कि मकान खाली कराने के लिए तत्कालीन सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली, परवेज आलम सहित काफी लोगों ने मकानों में तोड़फोड़ और लूटपाट की थी। इस मामले में नन्ही ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां को भी आपराधिक षड्यंत्र का आरोपी बनाया गया था। यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में विचाराधीन है। सोमवार को महिला ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 18 अप्रैल को सुनवाई होगी। डूंगरपुर से जुड़े दूसरे मामले में पत्रावली अंतिम बहस में लगी हुई थी। इसमें अब 22 अप्रैल को सुनवाई होगी।

## हादसे में बाइक मिस्त्री घायल, अस्पताल में भर्ती

**मसवासी, अमृत विचार :** दुकान बंद करके पैदल जा रहे बाइक मिस्त्री को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाइक मिस्त्री को बाजपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रविवार की देर शाम गांव मोतीपुरा निवासी मनोज कुमार स्वार-बाजपुर मार्ग पर बाइक मरम्मत का काम करता है। देर शाम दुकान बंद करके वह अपने घर जा रहा था। इस दौरान अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। दुर्घटना होते ही मार्ग पर राहगीरों की भीड़ लग गई। उन्होंने घायल मनोज कुमार को बाजपुर के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि घायल के परिवार की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# इलाके को लेकर उत्तराखंड व यूपी के किन्नरों में मारपीट

संवाददाता, मसवासी

- पुलिस द्वारा हिरासत में लेने के बाद हुआ समझौता
- सरेराह मारपीट होने से मौके पर मची अफरा-तफरी

**अमृत विचार :** बधाई मांगने के दौरान इलाके को लेकर किन्नरों के दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने बीच-बचाव कराने की कोशिश भी की मगर किन्नरों का रौद्र रूप देख उनकी हिम्मत जवाब दे गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को चौकी ले गई। बाद में दोनों में पक्षों में समझौता हो गया।

मामला उत्तराखंड बॉर्डर से सटी उत्तर प्रदेश सीमा का है। सोमवार को उत्तराखंड के कुछ किन्नर बधाई मांगते हुए उत्तर प्रदेश के गांव पट्टी कलां में घुस गए। इसकी जानकारी होते ही स्थानीय किन्नर मौके पर पहुंच गए। स्वार थाना क्षेत्र के किन्नरों ने उत्तराखंड के किन्नरों को यूपी की सीमा में बधाई मांगने का विरोध किया। इसके लेकर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई फिर लात-घूंसे चलने लगे। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्वार थाना क्षेत्र के किन्नरों ने उत्तराखंड के किन्नरों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। किसी राहगीर ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के किन्नरों को पुलिस चौकी ले आई। चौकी में पहुंचने के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। तय हुआ कि उत्तराखंड के किन्नर उत्तर प्रदेश की सीमा में आकर बधाई मांगने के हकदार नहीं होंगे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में महिला समेत दो घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव मधुकर निवासी रामेश्वर शर्मा अपनी पत्नी सुनीता के साथ बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें सुनीता जख्मी हो गई। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं, दूसरी ओर जनपद बदायूं की कोतवाली इस्लामनगर निवासी निजाम किसी काम से शाहबाद आ रहे रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें वह जख्मी हो गए। एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी भेजा गया। चिकित्सकों ने हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दंगा व जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** दंगा व जानलेवा हमले के मामले में तारीखों पर हाजिर नहीं हो रहे दो आरोपियों को बिलासपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में इंदरपुर गांव निवासी सत्यम तथा दिबदिबा गांव निवासी समर उर्फ शाकिर शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि इन दोनों के विरुद्ध बीते साल दंगा व जानलेवा हमले में मुकदमा दर्ज हुआ था। अदालत में हाजिर न होने के कारण इनके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किए थे।

# स्कूल गया सातवीं कक्षा का छात्र रहस्यमयी ढंग से लापता

संवाददाता, मिलक

**घटना**

- पुलिस ने दर्ज की अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट
- शनिवार को गया था स्कूल, मगर वहां पहुंचा नहीं था दीपक

**अमृत विचार :** स्कूल गया सातवीं कक्षा का छात्र अचानक लापता हो गया। दो दिन खोजबीन करने के बाद परिजनों को छात्र का पता नहीं लगा। परिजनों ने थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



क्षेत्र के क्योरार गांव निवासी उमेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 14 वर्षीय बेटा दीपक गांव के ही उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा सात का छात्र है। प्रतिदिन की तरह शनिवार की सुबह भी वह घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। दोपहर बाद घर न पहुंचने पर स्कूल में संपर्क किया तो पता चला कि दीपक शनिवार को स्कूल नहीं पहुंचा था। घबराए परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारों के घर बहुत खोजा लेकिन उसका सुराग नहीं मिल सका।

परिजनों ने कोतवाली मिलक में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज हुई है। दीपक के लापता होने से घर में कोहराम मचा है।

## मारपीट कर भाई-भाभी को किया घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** बंटवारे को लेकर हुए विवाद में तीन सगे भाइयों ने चौथे भाई व उसकी पत्नी को लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों भाइयों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

मारपीट करने वालों में केमरी कस्बे के मोहल्ला इमामबाड़ा की नई बस्ती निवासी इरफान, रिजवान व अजीम शामिल हैं। केमरी के प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इनके विरुद्ध इनके भाई उस्मान ने ही रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुराने बंटवारे को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने शनिवार की दोपहर उस्मान व उसकी पत्नी गुलफशां को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। घायलों का मेडिकल कराया गया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार गौतम ने आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है।

# तेज धूप से जिला अस्पताल में बढ़ने लगे नेत्र रोगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गर्मी शुरू होते ही आंखों की बीमारी बढ़ गई है। आंख लाल होने के साथ ही खुजली और सूजन होने लगी है। जिला अस्पताल में रोजाना करीब 100 लोग आंखों में एलर्जी व सूजन की शिकायत लेकर आ रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी और धूप बढ़ने की वजह से आंखों में कई समस्याएं बढ़ने लगी हैं। आंखों की एलर्जी के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। मौसम में बदलाव का असर आंखों पर भी पड़ने लगा है।

तेज धूप के साथ गर्मी बढ़ते ही आंखों में दिक्कत के मामले बढ़ने लगे हैं। हवा के साथ उड़ने वाली धूल और छोटे कीड़े परेशानी का सबब बन रहे हैं। जिला अस्पताल में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है। चिकित्सकों का कहना है कि आंखों में कुछ गिर जाए तो मसलें नहीं।



जिला अस्पताल में रोगी की आंखों की जांच करते नेत्र सर्जन। ● अमृत विचार

- हवा, धूल और छोटे कीड़े बन रहे परेशानी का सबब
- जिला अस्पताल में रोजाना पहुंच रहे हैं 100 से ज्यादा मरीज

कई बार दोपहिया वाहन चालक आंखों में कीड़े गिरने पर उन्हें मसल देते है। ऐसा करने पर कीड़े के जहर का अंश आंखों में ही रह जाता है। जो बड़ी समस्या बना देता है। आंख में कुछ गिरने पर मसलने की बजाए पानी से धोएं। बिना चिकित्सक की सलाह के आंख में कोई भी दवा न डालें। गर्मी में जिला अस्पताल में नेत्र रोगियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। रोजाना 100 से ज्यादा मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं। इनमें से 40 से 50 मरीज ऐसे है जो आंखों के संक्रमण से पीड़ित है। तेज धूप से आंखों में लालपन, खुजली व पानी आने की समस्या बढ़ी है।

### यह हैं लक्षण

तेज धूप के कारण आंखों में खुजली।
सूजन, लाल होना।
आंखों में जलन, आंसू आना।
आंख से धुंधला दिखना।

### यह बरतें सावधानी

बाइक चलाते समय चश्मा पहनें।
आंखों को दिन में दो-तीन बार साफ पानी से धोएं।
आंख में कुछ गिरने पर मसलने के बजाए पानी से धोएं।
बिना डॉक्टर की सलाह के किसी तरह का उपचार न करें।

गर्मी में आंखों की सफाई बेहद जरूरी है। लक्षण होने पर सबसे पहले साफ और ठंडे पानी से आंखों को धुलना चाहिए। तेज धूप में बाहर जाना हो तो काला चश्मा जरूर पहनें। खुद से दवा लेने की बजाए चिकित्सक को दिखाएं।

-डा. शम्मी कपूर, नेत्र सर्जन जिला अस्पताल



अर्धसैनिक बलों का स्वागत करतीं महिला एसओ निशा खटाना। ● अमृत विचार

# मतदान केंद्र पर तैनात होंगे अर्धसैनिक बल के जवान

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर पुलिस-प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए बूथ पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती भी की जाएगी। पहले इक्का-दुक्का मतदान केन्द्रों पर ही अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जाती थी।

लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए सोमवार की शाम अर्धसैनिक बल की एक कम्पनी भोट थाने पहुंची। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि मतदान को सकुशल निपटाने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था काफी चाक चौबंद रहेगी। मतदान केन्द्रों पर पुलिस के जवानों के साथ अर्धसैनिक बल के जवान भी तैनात रहेंगे। अर्धसैनिक बल के जवानों के रुकने की व्यवस्था थूनापुर स्थित वीरांगना अवंतीबाई इंटर कालेज में की गयी है। चुनाव में खलल डालने वाले शरारती तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।

**अनदेखी** नियम बनाकर भूल गए अधिकारी, शहर में मानकों के विपरीत चल रहे है वाहन धुलाई के सेंटर

# वाहनों की धुलाई में खर्च हो रहा 3.50 लाख लीटर पानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर में भूगर्भ जल दोहन की वजह से एक बार फिर पेयजल का संकट गहरा सकता है। नियम के विपरित शहर के कई क्षेत्रों में संचालित वाहन धुलाई सेंटर (सर्विस सेंटर) इसकी वजह बन सकते हैं। नगर पालिका ने गर्मी शुरू होने से पहले कार व बाइक धुलाई सेंटरों की जांच करने, सेंटरों की एनओसी जांचने और भू गर्भ जल दोहन करने का आंकलन करने के साथ ही जुर्माने का नियम भी बनाया है। शहर में संचालित 200 सर्विस सेंटरों पर प्रतिदिन करीब साढ़े तीन लाख लीटर पानी खर्च होता है।

अवैध रूप से संचालित वाहन धुलाई सेंटर प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी की बर्बादी कर रहे हैं। पालिका के जलकल अभियंता मूलचंद ने बताया कि एक कार की धुलाई में औसतन 150 से 200 लीटर और बाइक में 55-60 लीटर पानी खर्च होता है। नगर पालिका ने पानी की बर्बादी रोकने के निर्देश दिए गए थे। सर्वे में पाया गया कि धुलाई सेंटरों पर जलकल विभाग की ओर से पानी का कनेक्शन नहीं लिया गया है। बोरिंग के जरिए पानी का दोहन किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार शहर में 200 से ज्यादा वाहन धुलाई सेंटर हैं। गली-मोहल्ले के धुलाई सेंटर इनसे अलग हैं। सर्विस सेंटर वालों को पानी का कामर्शियल कनेक्शन लेना होता है। कामर्शियल मीटर भी लगाना पड़ता है। लेकिन किसी ने भी ऐसा नहीं किया है। बिना एनओसी के संचालन भी गैर कानूनी है।




अजीतपुर में सर्विस सेंटर पर कार की धुलाई करता संचालक। ● अमृत विचार

### यहां चल रहे हैं सर्विस सेंटर

डायमंड रोड, बरेली गेट, पहाड़ी गेट, माला रोड, शाहबाद गेट, मोहल्ला खटकान, पनवड़िया, थाना पाखड़, पीला तालाब, मोहल्ला मैगजीन, राम रहीम पुल, मीना बाजार, अजीतपुर क्षेत्र में वाहन धुलाई सेंटर संचालित है। अधिकतर सर्विस सेंटर जलकल विभाग की अनुमति के बिना ही संचालित है।

सर्विस सेंटर संचालन के लिए जलकल विभाग से कमर्शियल कनेक्शन और मीटर लगाने की एनओसी लेनी होती है। बिना एनओसी के चल रहे सर्विस सेंटरों के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पेयजल संकट को देखते हुए टीम का गठन किया गया है।

-मूलचंद, जलकल अभियंता

जलकल विभाग के निर्देश पर मई, जून और जुलाई में धुलाई सेंटर को बंद किया जाता है। लेकिन यह बंदी भी सिर्फ कागजों पर ही होती है।

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 2.88 लाख ठगे

संवाददाता, पटवाई

- पटवाई थाना क्षेत्र का मामला, तहरीर देने के बाद भी दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 2.88 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया। पीड़ित ने दस अप्रैल को थाना प्रभारी को बताया और तहरीर भी दी। लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी सतीश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ महीने पहले इसी थाना क्षेत्र के गांव कली की मडैया निवासी एक युवक ने भारतीय खाद्य निगम में नौकरी दिलाने की बात कही। इसके लिए सात लाख रुपये में सौदा तय हो गया। पीड़ित ने आरोपी के कहने पर उसके द्वारा बताए गए नंबरों पर 2.88 लाख रुपए खाते में डाल दिए। बाकी पैसे नौकरी लगने के बाद देने को कह दिया था। कई महीने बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लगी तो वह घबरा गया। उसने आरोपी से नौकरी लगवाने को कहा। तब आरोपी ने कहा की जिसे पैसे डाले हैं उससे बात करो। पीड़ित सतीश ने युवक के बताए लोगों से बात की तो उन्होंने कहा कोई नौकरी नहीं है। आपके द्वारा दिए गए पैसे आरोपी युवक को वापस कर दिए हैं। इस पर सतीश के हाथ पांव फूल गए। दस अप्रैल को वह थाने पहुंचा और थाना प्रभारी अजय शर्मा को तहरीर देते हुए पूरी जानकारी दी। लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने ठगी करने वाले आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

## एक नजर

### अग्निशमन विभाग ने दिए आग से बचाव के टिप्स

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सोमवार की दोपहर अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी योगेश वर्मा डाम कॉलोनी स्थित ब्रह्मदत्त सरस्वती सीनियर सेकेंड्री स्कूल और माठखेड़ा रोड स्थित श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज पहुंचे। उन्होंने दोनों स्कूलों में विद्यार्थियों को आग से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद विभाग की ओर से निबंध, व्याख्यान व चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। इनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### लोगों को सरकार की योजनाएं बताईं

**रामपुर, अमृत विचार :** राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने सोमवार को अपनी विधानसभा के आधा दर्जन से अधिक गांवों का भ्रमण कर मतदाताओं से संपर्क किया। नुक्कड़ सभाएं भी आयोजित कीं। लखीमपुर भीका गांव में राज्यमंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि देश में मोदी की 400 पार वाली सरकार बनने जा रही है। लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी को जिताकर जनता 400 की जीत की माला में एक मोती अपने नाम भी करे। उन्होंने अपने विकास कार्य गिनाए। कहा कि भाजपा का सांसद बनने के बाद विकास की गंगा की धारा और तेज हो जाएगी। इस अवसर पर डीसीसी डायरेक्टर नंद किशोर गंगवार, मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यदुवंशी, रवि गंगवार, मुकेश पटेल, अंकित गंगवार आदि मौजूद रहे।

### पालिका की टीम ने निर्दलीय प्रत्याशी के होर्डिंग उतरवाए

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका की टीम ने निर्दलीय के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी के होर्डिंग उतरवा दिए। प्रत्याशी को सिर्फ शुतरखाना, चीनी मिल के पास होर्डिंग लगाने अनुमति मिली है। इसके बाद भी उसने बरेली गेट, शाहबाद गेट, गांधी समाधि, मालगोदाम, आंबेडक पार्क, बी अम्मा गेट, स्टार चौराहा, पक्की विहार की दीवारों पर होर्डिंग लगवा दिए। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी के निर्देश पर कर विभाग के राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार ने टीम के साथ होर्डिंग उतरवा दिए। निरीक्षक ने बताया कि प्रत्याशी को होर्डिंग लगवाने के लिए दो स्थानों की अनुमति मिली थी। अन्य स्थानों पर लगे होर्डिंग उतरवा दिए हैं।

# भक्तों ने मां कालरात्रि की पूजा कर मांगी मुरादें

## चैत्र नवरात्र के सातवें दिन महिलाओं ने मंदिरों में गाए छन्द, माता को अर्पित की श्रृंगार की सामग्री

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के सातवें दिन भक्तों ने घरों और मंदिरों में मां के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि का विधि-विधान से पूजन किया। माता रानी को पुष्प, अक्षत व रोली आदि अर्पित किए। शहर के काफी मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ रही।

चैत्र नवरात्र में सोमवार को मां कालरात्रि की पूजा हुई। भक्तों ने घरों के बाद मंदिर पहुंचकर लौंग, कपूर, पुष्प, तिल, फल, नारियल आदि से माता की विधिवत पूजा-अर्चना की। माता को श्रृंगार सामग्री अर्पित की और दीपक जलाया। सुबह-शाम मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर मां की महिमा का गुणगान किया।

पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने बताया कि देवी भगवती का यह सातवां स्वरूप अनंत है। काल को जीतने वाली मां काली देवियों की केंद्रीय सत्ता हैं। भगवान शिव द्वारा माता को काली कहे जाने के बाद माता का यह नाम पड़ा। मां काली को प्रसन्न करने के लिए भक्तों ने अखंड ज्योति जलाकर काले तिलों से पूजा की। विधिवत पूजा-अर्चना करने से माता अपने भक्तों को काल से बचाती हैं। माता के भक्त को अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता।

माता कालरात्रि से ही सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। इसलिए तंत्र-मंत्र के साधक मां कालरात्रि की विशेष रूप से पूजा-अर्चना करते हैं। मां कालरात्रि की विधिवत पूजा-अर्चना करने से आरोग्य की प्राप्ति होती है। परिवार में सुख-शांति का वास होता है। माता की विशेष पूजा रात्रि के समय होती है।


पुराना गंज स्थित माई का थान मंदिर में आरती गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार


राधा रोड स्थित कृष्णा मंदिर में भजन गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### सुबह से ही मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

सुबह सात बजे से भक्तों का कृष्णा मंदिर, मनोकामना मंदिर, श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ, श्री हरिहर मंदिर, माई का थान, आवास विकास स्थित नव दुर्गा वैष्णो माता मंदिर, शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर, हरि मंदिर में भक्तों ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे भी लगाए। दोपहर बाद महिलाओं ने माता के छन्द गाए।

• **अनंत है देवी भगवती का यह सातवां स्वरूप : विश्वनाथ मिश्रा**


माई का थान मंदिर में सजी मां की प्रतिमा।


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू से जुड़े किसान। ● अमृत विचार

# ढकिया में खोली जाए जिला सहकारी बैंक की शाखा

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन असली ने गांव ढकिया में प्रस्तावित जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की मांग की। किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार शिवकुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार की दोपहर किसान शाहबाद तहसील में एकत्र हुए और तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि गेहूं खरीद के लिए सेंटरों की संख्या बढ़ाई जाए। ताकि क्षेत्र का किसान अपने नजदीकी केंद्र पर ही गेहूं बेच सकें। किसानों का यह भी कहना है कि बिना जमीन वाले मजदूरों को भी ऋण दिया जाए। ढकिया में प्रस्तावित जिला सहकारी बैंक की शाखा को जल्द से जल्द खोला जाए। ताकि किसानों को भटकना न पड़े।

किसानों ने कहा कि पिछले साल के गेहूं की फसल के मुआवजे का भुगतान भी जल्द किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष हाजी रफीक अहमद, मोहम्मद जान, शौकीन, आसिफ हुसैन, इकरार, भूरे खां, इदरीस एवं वेदराम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।


महिलाओं को संबोधित करतीं गुंजन सक्सेना। ● अमृत विचार

# मतदान के बाद जलपान करें महिलाएं : गुंजन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रीष गुप्ता के आवास पर महिलाओं की बैठक हुई। इसमें शहर विधायक की पत्नी गुंजन सक्सेना ने कहा कि सभी महिलाएं पहले मतदान और फिर जलपान करें।

उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा महिला सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। कहा कि महिलाओं को व्यापार में सुविधा, सीनियर सिटीजन को चिकित्सा बीमा की सुविधा, ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय आदि की सुविधा उपलब्ध कराई है। बैठक में पारुल अग्रवाल, पूर्व सभासद नीलम गुप्ता, विजय लक्ष्मी शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर निधि गुप्ता, ममता गुप्ता, प्रीति गुप्ता, नीतू गुप्ता, सुनीता गुप्ता, निशि गुप्ता, बबिता गोयल, सुषमा गुप्ता, नीलम रस्तोगी, शालिनी सक्सेना ,रूपम गुप्ता, रानी गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।

## बीएलओ की लापरवाही से मतदान नहीं कर सके दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाता

**मसवासी, अमृत विचार :** बीएलओ की लापरवाही से मसवासी क्षेत्र में तमाम दिव्यांग और वृद्ध मतदान करने से वंचित रह गए। अब दिव्यांगों को बूथों पर लाइन में लगकर मतदान करना होगा।

मसवासी क्षेत्र के आसपास के गांवों में तमाम दिव्यांग और वृद्ध मतदान से वंचित रह गए। 12 से 15 अप्रैल तक दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओ को बेलेट पेपर से डोर टू डोर मतदान कराने के निर्देश दिए गए थे। बिजारखाता में बीएलओ की लापरवाही से दिव्यांग ओमपाल और करीब 100 वर्षीय बुजुर्ग हाजी सखावत तथा हाजी जमीर अहमद मतदान करने से वंचित रह गए हैं। अब ऐसे मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर ही कतार में लगकर मतदान करना होगा। एसडीएम स्वार अवनीश कुमार का कहना है कि बीएलओ की भूमिका की जांच की जाएगी।

# शत-प्रतिशत मतदान का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत गुप्ता ने कहा कि उनको रामपुर लोकसभा प्रभारी के रूप में प्रवास दिया गया है। ताकि भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के समर्थन में समाज को एकत्र करने का कार्य कर सकें।

सोमवार को अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा की बैठक प्रदेश अध्यक्ष गौरव अग्रवाल के मिस्टनगंज स्थित आवास पर हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत गुप्ता ने अपनी कार्यकारिणी के साथ बैठक करके कहा कि एक-दूसरे की समस्या को समझें। प्रदेश अध्यक्ष ने वैश्य समाज के सभी वर्गों से एकजुट होकर शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। मतदान के दिन घरों से निकलकर चुनावी पर्व के साक्षी बनें। कहा कि हमारी एकता ही हमारी पहचान है। यही समाज को आगे ले जा सकती है। इस मौके पर महिला मंडल अध्यक्ष प्रतिभा अग्रवाल ने पटका पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न देकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में प्रतिभा अग्रवाल, कुशाल गुप्ता, दीपक बंसल, अशोक अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, देवेश गुप्ता, प्रभात अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, राधा गुप्ता, रिमझिम गुप्ता, बीना अग्रवाल, शिवराज सरन अग्रवाल, बीना महेश्वरी, कमल रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।


अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत गुप्ता का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

• **अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा की बैठक**

## एसडीएम ने टर्न आउट वाले बूथों की समीक्षा की

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत स्थानीय प्रशासन द्वारा केमरी थाने में बैठक की गई। इसमें पुलिस अधिकारियों, बीएलओ व सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया।

उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने टर्न आउट वाले बूथों की समीक्षा की। इनसे सम्बंधित बीएलओ व सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वह अधिक से अधिक मतदान कराने का प्रयास करें। इसके लिए मतदाताओं से लगातार संपर्क करते रहें। पुलिस को भी निर्भीक, निष्पक्ष व ज्यादा से ज्यादा पोलिंग कराने में मदद करने के लिए कहा गया। एसडीएम ने कहा कि 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। यह लक्ष्य लेकर चलना है।

बैठक में तहसीलदार निश्चय कुमार, खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार व केमरी थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।


केमरी में पैदल गश्त करता पुलिस बल। ● अमृत विचार

# अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** नगर व केमरी कस्बे में चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान फोर्स ने नागरिकों को जागरूक करते हुए लोकतंत्र के पर्व पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

सोमवार को कस्बा चौकी प्रभारी संजय तेवतिया के नेतृत्व में बीएसएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। कोतवाली से शुरू हुआ यह मार्च केमरी तिराहा, रामपुर रोड, मुख्य चौराहा, माठखेड़ा रोड, नैनीताल रोड, तहसील रोड, सिनेमा रोड, पंजाबी कॉलोनी आदि पहुंचा। इस दौरान नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि वह लोकतंत्र का हिस्सा बनें। इसके अलावा केमरी थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने भी कस्बे में अर्द्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया। इसी के साथ ग्रामीण इलाकों में भी फोर्स ने लोगों को जागरूक किया।

## राजस्थान से गुम हुई बच्ची अजीमनगर क्षेत्र में मिली

**सैदनगर, अमृत विचार :** राजस्थान के अजमेर से आठ दिन पहले गुम हुई बच्ची अजीम नगर थाना क्षेत्र में मिल गई है। बच्ची को थाना क्षेत्र के तीन युवक अपने साथ ले आए थे।

फर्रुखाबाद निवासी मोहम्मद अनीस आठ दिन पहले अजमेर दरगाह गए थे। वहां उनकी तीन साल की बेटी आयत गुम हो गई थी। परिजनों ने दरगाह थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। आरोपियों की तलाश में राजस्थान पुलिस सोमवार की सुबह रामपुर पहुंची। इसके बाद अजीम नगर पुलिस से संपर्क कर आरोपियों की पहचान कराई। इसके बाद नगलिया आकिल से आरोपियों के साथ बच्ची को भी बरामद कर लिया। आरोपियों ने बताया दरगाह के गेट पर बच्ची रो रही थी। काफी देर तक उसके परिजनों को तलाश किया। परिजनों का पता नहीं चलने पर बच्ची को अपने साथ ले आए।

# बूथों पर पानी, बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त कराएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

• **ग्राम पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत को दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी ने जनपद के छह ब्लॉकों के ग्राम पंचायत सचिवों व सहायक विकास अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी को बूथों पर बुनियादी सुविधाएं दो दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि 19 अप्रैल को मतदान से पहले स्वच्छ पेयजल, विद्युत कनेक्शन, पंखा, बल्ब, चार्जिंग साकेट, खिड़की दरवाजों की जांच व मरम्मत शौचालय, क्रियाशील हैंडपंप, दिव्यांग मतदाता के लिए व्हील चेयर, दिव्यांग रैंप का काम पूरा होना चाहिए।

जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए ग्राम पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी पंचायतों को निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों और पंचायत भवनों में बूथ बनाए गए हैं, वहां साफ-सफाई, पर्याप्त फर्नीचर, लाइट, पानी और शौचालय की व्यवस्था कराई जाए। बूथ के बाहर कहीं भी जलभराव न हो।

साफ-सफाई का प्रमाण ग्राम पंचायत सचिव और सहायक विकास अधिकारी पंचायत 17 अप्रैल को देंगे। ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान कुछ लोगों को लगाकर रखें। ताकि कहीं कोई समस्या हो तो उसका तत्काल समाधान किया जाए। चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जादू के करतब देख रोमांचित हुए बच्चे

**रामपुर, अमृत विचार :** राहे रजा स्थित ग्रीनवुड स्कूल में मैजिक शो का आयोजन किया गया। ग्रीनवुड स्कूल 50 वर्ष पूरे होने पर गोल्डन जुबली मना रहा है। इसी संदर्भ में स्कूल में मैजिक शो का आयोजन किया गया।

इसमें जादूगर जुगनू और उनकी टीम ने जादू के कई हैरतअंगेज करतब दिखाए। इन्हें देख बच्चे रोमांचित हो गए। इस कार्यक्रम में अंकुश जुगनू, अनुभव जुगनू, अभिनव जुगनू ने भी करतब दिखाकर बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

खाली टोपी के अंदर से कबूतर निकलते देख बच्चे आश्चर्यचकित रह गए। कुछ इसी तरह से करतब जादूगर अंकुश जुगनू ने दिखाए। इस मौके पर डायरेक्टर शाहिद खां, प्रधानाचार्य नीरज तिवारी, उप प्रधानाचार्य शकील अहमद, फिरोज हैदर आदि मौजूद रहे।


पुलिस के साथ फ्लैग मार्च करते बीएसएफ के जवान। ● अमृत विचार

# फ्लैग मार्च से दिया निर्भीक होकर मतदान का संदेश

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार:** लोकसभा सभा चुनाव को शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। सोमवार को नगर समेत क्षेत्र में पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान लोगों से निर्भीक होकर और निष्पक्ष तरीके से मतदान करने की अपील की।

**लोकसभा चुनाव** जिले में अपनी पसंद के प्रत्याशी के पक्ष में वोट करेंगे 36497 नए मतदाता

# पहली बार मतदान को लेकर युवा उत्साहित

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** लोकसभा के गठन को लेकर इस बार युवा वर्ग काफी उत्साहित है। जिले में इस बार 36497 नए मतदाता अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करेंगे। नए मतदाताओं में वोट करने के लिए गजब का जोश है। कहते हैं कि उन्होंने अपने बुजुर्गों से बहुत किस्से सुनें हैं कि वह बैलेट से वोट डालते थे। लेकिन उन्हें लोकसभा चुनाव में ईवीएम से मतदान करने का अवसर नहीं मिलेगा। वह ईवीएम का बटन दबाकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे। पहली बार मतदान करने जा रहे युवा मतदाताओं ने कहा कि वह देश की लोकतांत्रिक सरकार चुनने के लिए अपना वोट देने के लिए उत्साहित हैं। वह विकास, रोजगार और शिक्षा के मुद्दे पर वोट देंगे। अमृत विचार ने पहली बार वोट डालने के लिए तैयार युवाओं से बातचीत की।


मेरा वोट विकास के मुद्दों पर ही होगा। पहली बार वोट डालने का अनुभव होगा। मुझे केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिल रहा है। 18 साल की आयु पूरा करने वाले हर युवा को देश के निर्माण के लिए वोट करना चाहिए। **- समी खान**


पहली बार वोट देने को लेकर उत्साहित हूं। वोट देकर सरकार चुनने के लिए हर युवा को आगे आना चाहिए। वहीं, शिक्षा के साथ रोजगार देने वाले एवं लड़कियों की सुरक्षा की गारंटी देने वाले प्रत्याशी को प्राथमिकता दूंगी। **- सबा खान**


18 साल की आयु पूरी होने के बाद मैं पहली बार वोट डालूंगी। यह मेरे लिए काफी शानदार पल होगा। मुझे केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिलेगा। शिक्षा को बढ़ावा देने वाले प्रत्याशी को चुनेंगे। मेरा वोट विकास के मुद्दे पर होगा। **- फबी खान**


देश का विकास तेजी से हो इसलिए। मेरा मुद्दा विकास के साथ रोजगार होगा। जो रोजगार की बात करेगा, वोट उसी को मिलेगा। यह क्षण हर युवा के लिए बड़ा है। देश के निर्माण के लिए हर व्यक्ति को वोट करना चाहिए। **- हर्षित यदुवंशी**

## मजार पर चादरपोशी कर मांगीं दुआएं

**रामपुर, अमृत विचार :** हजरत शाह विलायत साहब के सालाना उर्स के तीसरे दिन अकीदतमंदों ने मजार शरीफ पर चादरपोशी कर दुआएं मांगी। इसमें इमाम ए शहर मुफ्ती महबूब अली ने अल्लाह और रसूल के रास्ते पर चलने का पैगाम दिया। कहा कि जो लोग शरीअत के मुताबिक अपनी जिंदगी गुजारते हैं, अल्लाह उन्हें दुनिया और आखिरत की कामयाबी अता फरमाता है।

सैजनी नानकार स्थित हजरत पीर बरखुदार शाह विलायत साहब हसनी हुसैनी कादरी चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर उर्स के तीसरे दिन अकीदतमंदों की भीड़ रही। हाजी मोहम्मद अकील की ओर से चादरपोशी हुई

इस अवसर पर सैयद शाह नासिर मियां, हाजी मोहम्मद आकिल,सैयद उस्मान मियां, सैयद फैजान, सैयद साकिब मियां, राकिब मियां और सैयद आमिर मियां आदि शामिल रहे।

# मताधिकार करने को प्रोत्साहित करने पर दिया जोर

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी कर ली है। सोमवार को उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सुझाव देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी ने मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

सोमवार को तहसील सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि मतदाताओं को अधिक से अधिक मत का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। विधान सभा चमरौआ में ऐसे बूथ की सूची उपलब्ध कराएं, जहां मतदान प्रतिशत कम रहा है। बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी सम्बन्धितों को निर्देश दिए। कहा कि सभी अपने क्षेत्र के बूथों के मतदाताओं को अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार एवं प्रचार वाहन के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया जाए।

यह भी बताया कि लोकसभा चुनाव-2019, विधान सभा चुनाव 2022 व लोकसभा उप निर्वाचन-2022 में कम मतदान वाले 50-50 बूथों पर राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार के निर्देशन में सम्बन्धित बीएलओ एवं सुपरवाइजर के माध्यम से सभी बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मुनादी कराएंगे। मतदाताओं को अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने, नुक्कड़ चौपाल के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने के सम्बन्ध में भी बताया। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को भी मतदान दिवस पर मतदाताओं की पहचान के सम्बन्ध में अनावश्यक रूप से दस्तावेज चेक नहीं करने को कहा। बैठक में टांड, अजीमनगर तथा स्वार के प्रभारी निरीक्षक, भोट, शहजादनगर, कोतवाली, बिलासपुर, सिविल लाइन के थानाध्यक्ष, चौकी इंचार्ज सैदनगर, चमरौआ और माठखेड़ा आदि मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते उप जिलाधिकारी और मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

• **एसडीएम टांडा ने चुनाव के संबंध में थाना प्रभारियों के साथ की बैठक**

एक नजर

### राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव को शहीदों का दर्जा दिलाने निकला युवक

रामपुर, अमृत विचार : शामली का युवक विशाल हिन्दुस्तानी दो मार्च को बेड़ियों में जकड़कर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव सिंह को शहीदों का दर्जा दिलाने के लिए दो मार्च को शामली से निकल पड़ा। सोमवार को वह कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहां उसने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इस मौके पर उसने बताया कि राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव को अभी तक शहीदों का दर्जा नहीं मिला है। इनको शहीदों का दर्जा दिलाने के लिए निकला हूं। पूरे देश में घूमा जाएगा। रामपुर के बाद बरेली जाएगा।

### चार चिकित्सकों ने 1172 रोगियों की देखी नब्ज

रामपुर, अमृत विचार : जिला अस्पताल में सोमवार को चार चिकित्सकों ने 1172 रोगियों की नब्ज टटोली। जनरल फिजीशियन डा. संजय अग्रवाल, डा. दशरथ सिंह, चेस्ट फिजिशियन डा. डीके वर्मा और बाल रोग विशेषज्ञ डा. युगल किशोर ने मरीजों को देखा। डा. डीके वर्मा ने बताया कि मौसम में बदलाव होने पर इन दिनों मरीजों की संख्या बढ़ी है। इनमें ज्यादातर उल्टी, दस्त के ज्यादा रोगी आ रहे हैं। इसके अलावा पुरानी बिल्डिंग में बना डायरिया वार्ड में तीन नए रोगी भर्ती हुए।

# आसमान में बादल देख बढ़ीं किसानों के दिलों की धड़कनें

## मौसम वैज्ञानिक गरज-चमक के साथ जता रहे वर्षा का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहने से किसानों के दिलों की धड़कन बढ़ गई। वर्षा होने से गेहूं समेत रबी की अन्य फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। मौसम वैज्ञानिकों ने गरज-चमक के साथ वर्षा का अनुमान जताया है। जबकि, गेहूं की पिछैती फसल खेतों में कटने के लिए तैयार खड़ी है। किसान बारिश नहीं होने के लिए दुआएं मांग रहे हैं।

सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहने से किसानों की धड़कनें बढ़ गईं। वर्षा तो नहीं हुई लेकिन बादल पूरे दिन उमड़ते-घुमड़ते रहे। कृषि वैज्ञानिक डा. लक्ष्मीकांत ने बताया कि यदि तेज बारिश हो गई तो खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर जाएगी और दाना काला पड़ सकता है। बताया कि हल्की बारिश से तैयार फसल को कोई नुकसान नहीं होगा। आम की फसल को तो हल्की बारिश से लाभ ही मिलेगा। इस समय खेतों में गेहूं की पिछैती फसल लगभग तैयार हो चुकी है और कटने के लिए तैयार है। किसान मोहम्मद अहमद ने बताया कि गेहूं की कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। इसके चलते किसानों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर मजदूर नहीं मिल रहे हैं जबकि दूसरी ओर मौसम लगातार रंग बदल रहा है। सोमवार को भी पूरे दिन आसमान में बादल मंडराते रहे। मौसम वैज्ञानिकों ने 14 और 15 अप्रैल को गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान जताया था। दोनों दिन आसमान में बादल तो उमड़े लेकिन, वर्षा नहीं हुई।


खेत में तैयार खड़ी गेहूं की फसल।

"तेज वर्षा होने से गेहूं की तैयार फसल को नुकसान पहुंच सकता है। किसानों की रबी की पिछैती फसलें अभी खेतों में खड़ी हैं। बारिश से गन्ना और आम की फसल को लाभ मिलेगा। किसान जल्दी से गेहूं की फसल की कटाई करा लें।
-डा. लक्ष्मीकांत, कृषि वैज्ञानिक

रबी की फसलों का जिले में रकबा

| फसल | रकबा |
|---|---|
| गेहूं | 1.31 लाख हेक्टेअर |
| सरसों | 17 हजार हेक्टेअर |
| दलहन | 6 हजार हेक्टेअर |
| गन्ना | 34 हजार हेक्टेअर |


बच्चों को बिस्कुट-समोसे बांटते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# बच्चों का ख्याल रखना सभी का फर्ज : अवतार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: बैसाखी पर्व के अवसर पर जरुरतमंद बच्चों को समिति की ओर से मिठाई, बिस्कुट, समोसे चाय आदि बांटे गए।

समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कि इन बच्चों का भी ख्याल करने का हम सब का फर्ज बनता है। सभी बच्चों का मन करता है कि वह अच्छे तरीके से रहें। कोई भी बच्चा अगर पढ़ना चाहता है तो समिति उसकी हर संभव मदद करेगी। ऐसे बच्चों का एडमिशन करवाएगी और कॉपी-किताबें भी दिलाएगी। वीर खालसा सेवा समिति व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री गुरु सिंह सभा की ओर से हमेशा जरुरतमंदों की मदद की जाती है।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सरदार निर्मल सिंह, सचिव सरदार मनमीत सिंह, अमरजोत सिंह, सेवा सिंह, मनजीत सिंह, सुखजीत सिंह, जबल हरदेव सिंह मौजूद रहे।

# केक काटकर मनाया बाबा साहब का जन्मोत्सव

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार: संविधान के निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर का 133वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र में जगह-जगह लगीं उनकी प्रतिमाओं पर लोगों ने माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया। रात को केक काटकर लोग डीजे की धुन पर खूब झूमे और रंग-बिरंगी रोशनियों से घरों को सजाया।

बाबा साहब के अनुयायियों ने जगह-जगह जन्मोत्सव कार्यक्रम कर केक काटा और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। लोगों ने रंग-बिरंगी लाइटों, मोमबत्तियों व दीपक जलाकर घरों को सजाया। कई गांवों में दिवाली जैसा माहौल रहा। सिंगरा गांव में आंबेडकर जागरण हुआ। इसमें गायक कलाकारों ने आंबेडकर व गौतम बुद्ध के गीतों की प्रस्तुति दी। पंडाल जय भीम के नारों से गूंज उठा। क्षेत्र के सिरीं, धर्मपुरा, भैंसोड़ी, लखीमपुर, सैंडोली, कपनेरी का मझरा, नानकार, जीवाई, खानपुर, अशोकपुर, पुरैनिया खुर्द, पटिया, रहपुरा, हरसुनगला आदि गांवों में भी आंबेडकर जन्मोत्सव मनाया गया।


कार्यक्रम का आरंभ करते मुख्य अतिथि बौद्धाचार्य कालीचरण बौद्ध। ● अमृत विचार

### धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती

सैदनगर, अमृत विचार : दिलपुरा में भारत रत्न, भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि बौद्धाचार्य कालीचरण बौद्ध और विशिष्ट अतिथि राजेश खन्ना, हरिओम रवि ने फीता काटकर कार्यक्रम का आरंभ किया। गांव के बुजुर्ग वीर सिंह और ओमप्रकाश वाल्मीकि ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज ऐसे महापुरुष की जयंती है जिन्होंने देश को उसका संविधान दिया। बाबा साहब ने सभी को शिक्षित होना बहुत जरुरी बताया। सुखवीर सिंह हिंदुस्तानी ने कहा कि बाबा साहब ने अपने चार बच्चे कुर्बान किए और समाज का कद ऊंचा किया। सुनील कुमार, जॉनी सागर, भानु प्रताप सिंह, दिनेश बाबू, राजेश कुमार, राजेश खन्ना, भीम प्रिय गौतम, जितेंद्र गौतम, अशोक कुमार, बलवीर सिंह, उमेश कुमार, सोहन लाल, विनोद कुमार, सत्यवीर सिंह सागर, सोनू सागर आदि मौजूद रहे।


आंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

# बाबा साहब के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार: संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कई स्थानों पर अनुयायियों ने कार्यक्रम किए। शाहपुर देव में ग्रामीणों ने कार्यक्रम किया।

नंद किशोर दिवाकर ने बाबा साहब के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इसके बाद उनके जीवन से रूबरू कराया और उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर मोनू कुमार, ज्ञान सिंह डीलर, सुमित यादव, राज गौतम एवं अखिलेश आदि मौजूद रहे।


क्विज प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

# क्विज प्रतियोगिता में सूबिया रहीं प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार : राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा 10 की सूबिया प्रथम, महक माजिद द्वितीय और मेहरीन तृतीय स्थान पर रहीं।

कॉलेज में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता में छात्राओं ने सामान्य ज्ञान के प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम की रूपरेखा में प्रधानाचार्य डा. शालू कौशल ने छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। आसपास के लोगों को 19 अप्रैल को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। शिक्षिकाओं शमीम खान, रेणु देवी, पूजा, कल्पना सिंह, प्रगति गोयल ने छात्राओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया। नाजिया और खदीजा ने कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया।

## टांडा एसओ को पुलिस कार्यालय से किया अटैच

टांडा, अमृत विचार : टांडा के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र पचौरी को शिकायत के आधार पर पुलिस कार्यालय से अटैच कर दिया गया है। उनके स्थान पर इंस्पेक्टर प्रिन्स शर्मा को टांडा का प्रभारी बनाया गया है।

कुछ दिन पहले सपा और बसपा के प्रतिनिधि मंडल ने टांडा में तैनात इंस्पेक्टर सुरेंद्र पचौरी को हटाकर निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम चुनाव आयोग को पत्र भेजा था।

इसके बाद सोमवार को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने वाचक सेल में तैनात प्रिन्स शर्मा को टांडा का इंस्पेक्टर बनाया है। जबकि सुरेंद्र पचौरी को पुलिस कार्यालय से अटैच कर दिया गया है। सोमवार की दोपहर जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक की कलेक्ट्रेट सभागार में हुई पत्रकार वार्ता में भी टांडा थानाध्यक्ष की शिकायतों का मुद्दा गूंजा था।


शांतिपूर्ण मतदान को लेकर बैठक करते एसडीएम अवनीश कुमार।

# शांतिपूर्ण मतदान के लिए जनता से मांगा सहयोग

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने जनता से सहयोग मांगा है। आश्वासन दिया है कि वह सदैव जनता के साथ हैं।

सोमवार को नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में स्वार के एसडीएम अवनीश कुमार, सीओ संगम कुमार ने जनता के साथ बैठक की। इसमें उप जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या है तो अपने बीएलओ से संपर्क करें। निडर होकर निष्पक्ष तरीके से पोलिंग बूथ पर अपना वोट डालें। असामाजिक और शरारती तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराना पुलिस-प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है।

टीस | आढ़तियों और व्यापारियों को होती है काफी परेशानी, स्वार में मंडी कार्यालय की भी दरकार


# मंडी स्थल स्थापना की मांग अधूरी, गेट पास बनवाने जाना पड़ता है 20 किमी दूर

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : मंडी स्थल की स्थापना न होने के कारण आढ़तियों और व्यापारियों को गेटपास बनवाने समेत अन्य कार्यों के लिए बीस किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते आढ़तियों व व्यापारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन माननीय इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

आढ़ती व व्यापारी तीन दशक से अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से नगर में मंडी स्थल की मांग कर रहे हैं। स्वार क्षेत्र को मिर्च व लहसुन के मिनी हब के नाम से जाना जाता है। यहां से देश के विभिन्न राज्यों में मिर्च व लहसुन की आपूर्ति की जाती है। मंडी स्थल न होने के कारण व्यापारियों व आढ़तियों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। कुछ वर्ष पूर्व तत्कालीन एसडीएम ने मंडी स्थल के लिए भूमि चिह्नित कर शासन को प्रस्ताव भेजा था, लेकिन आज तक समस्या ज्यों की त्यों है। तत्कालीन एसडीएम ने जाम से निजात दिलाने के लिए मंडी को रविवार के साप्ताहिक बाजार में लगवा दिया था। सुरक्षित जगह न होने के कारण आढ़तियों व व्यापारियों ने हाथ खड़े कर दिए थे। इस पर विधायक शफीक अहमद अंसारी ने नगर से दो किलोमीटर दूर बिलासपुर मार्ग पर अपनी जगह में टीन शेड डालकर आढ़तियों व व्यापारियों को सहूलियत पहुंचाई थी। तब आढ़तियों व व्यापारियों ने राहत महसूस की थी।

वहीं एक मंडी कार्यालय की भी दरकार है। लेकिन मंडी सचिव व किसी कर्मचारी के न होने पर आढ़तियों व व्यापारियों को गेटपास समेत अन्य कार्यों के लिए बीस किलोमीटर दूर टांडा जाना पड़ता है। इसमें उनका काफी समय बर्बाद होता है।


स्वार में स्थित अस्थायी मंडी समिति स्थल। ● अमृत विचार


"मंडी समिति का कार्यालय न होने के कारण गेट पास व अन्य काम कराने के लिए बीस किलोमीटर दूर टांडा जाना पड़ता है। कार्यालय बनने से व्यापारियों व आढ़तियों को सहूलियत मिलेगी। - नौबतराम सैनी, आढ़ती


"मंडी की स्थापना की मांग लगभग तीन दशक से की जा रही है। लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इसके कारण आढ़तियों-व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। - गुड्डू अली


"जनप्रतिनिधियों से भी मंडी स्थल बनवाने की मांग कई बार की जा चुकी है। चुनाव आने पर वोट मांगने आते समय वादों की झड़ी भी लगा देते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वादों को भी भूल जाते हैं। - अतीक अहमद अंसारी, आढ़ती


"अधिकारियों ने मंडी स्थल के लिए जगह चिह्नित कर शासन को प्रस्ताव भी भेजा था। लेकिन शासन स्तर से कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। इससे आढ़ती व व्यापारियों में गुस्सा है। - लक्ष्मीकांत सैनी, आढ़ती

## राष्ट्र को मजबूत बनाने में बाबा साहब का अमूल्य योगदान : रमेश

रामपुर, अमृत विचार : नवनिर्माण संघ के संयोजक रमेश प्रभाकर ने कहा कि भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर हमारे राष्ट्रनायक है। उन्होंने समाज, राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए योगदान दिया।

भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनसभा का आयोजन हुआ। इसमें नविनर्माण संघ के संयोजक ने कहा कि भारत को सशक्त करने के लिए दलितों, पिछड़ों में समाजिक एकता की भावना को मजबूत करना बहुत आवश्यक है। इसी एकता से राष्ट्र मजबूत होगा। इस अवसर पर सुनील कुमार, सुभाष मुन्ना, अनिल कुमार, राहुल कुमार, अंशिका प्रभाकर, सिद्धार्थ, सुमनलता आदि शामिल रहे। अध्यक्षता सुनील कुमार ने की।



ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पर दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टॉसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

## एक नजर

### मतदान को प्रेरित करने वाले करेंगे धार्मिक यात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रशासन की ओर से लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। वहीं आम नागरिक भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे है। ऐसे में दिल्ली रोड स्थित एक सोसाइटी में लोगों को अनोखे तरीके से जागरूक किया जा रहा है। दिल्ली रोड स्थित इलेविन आर्चिड स्थित मंदिर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन के दौरान लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है और उन्हें मतदान की शपथ दिलाई जा रही है। पूनम यादव, नंदनी अग्रवाल, भावना, पूजा चौधरी, अंजुला रानी, मधु, नीरू देवी, प्रिया रानी समेत अन्य भक्तों को लोगों को मतदान की शपथ दिलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। सोसायटी के डायरेक्टर अनिल तोमर ने बताया कि टॉप फाइव लोगों को 19 अप्रैल को सम्मानित किया जाएगा और वैष्णो देवी, बालाजी या फिर मथुरा की धार्मिक यात्रापर भेजा जाएगा।

### कविताओं के माध्यम से किया मतदान को प्रेरित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर देश भर में स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के चलते संस्था अल्फाज अपने फाउंडेशन की ओर से सोमवार को नवीन नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में टीम सदस्य एवं युवा साथियों द्वारा रचनाओं का पाठ करते हुए मतदान की अपील की गई। इस कार्यक्रम में गीतकार मयंक शर्मा एवं दोहाकार राजीव प्रखर ने मुख्य अतिथि रहे। साथ ही पंकज शर्मा और मंजू लता सक्सेना विशिष्ट अतिथि रहीं। सदस्य कमल शर्मा, आकांक्षा, मोहिनी व समस्त अतिथियों ने विचार रखे और मतदान की महत्ता समझाई। कार्यक्रम में सूरज सक्सेना, ऋषभ, नमिता, कुसुम, ममता, सुनीता अरोड़ा, रेखा शर्मा, निर्मला, शशि, दक्ष जौहरी आदि मौजूद रहे। संचालन राघव गुप्ता ने और संस्थापिका अभिव्यक्ति सिन्हा ने आभार ज्ञापित किया।

### रॉड से हमला कर युवक से नकदी व फोन लूटा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर उससे नकदी और मोबाइल फोन लूटने का मामला सामने आया है। घटना मझोला थाना क्षेत्र की है। घटना के बाद आरोपी युवक को घायल अवस्था में ही छोड़कर भाग गए थे। बताया जा रहा है कि युवक पर दो लोगों ने हमला किया है। मामले में युवक के भाई ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। एकता कालोनी निवासी नानू कश्यप सोमवार को एसएसपी के सामने पेश हुए थे। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल की रात करीब 10 बजे उनका भाई तन्नू कश्यप काम पर से घर लौट रहा था। रास्ते में कॉलोनी के ही दो युवकों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर तन्नू को मारपीट कर घायल कर दिया था। बाद में उसकी जेब से रुपये और मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पहुंचे ने पुलिस को जानकारी दी गई थी। इसके बाद वह अपने घायल भाई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। नानू ने बताया कि घटना के दिन ही थाने पर शिकायत की थी लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने मझोला थानाध्यक्ष को घायल युवक का मेडिकल कराकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



लाइनपार स्थित रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को स्मृति चिह्न देते रणविजय सिंह वह अन्य बसपा नेता। ● अमृत विचार



रामलीला मैदान में बहुजन समाज पार्टी की जनसभा में उपस्थित महिलाएं एवं कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# सपा का मुसलमानों से सरोकार नहीं, लोकतंत्र मिटाने पर तुली भाजपा

## लाइनपार के रामलीला मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने जनसभा को संबोधित किया, बोलीं- जुमलेबाजी करने वालों की सरकार को हटाने का समय

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि बसपा बिना किसी गठबंधन के सर्वसमाज के अधिकारों की रक्षा करने के लिए अकेले खड़ी है। समाजवादी पार्टी और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा का मुसलमानों से कोई सरोकार नहीं है। जबकि भाजपा की नीतियां जनविरोधी हैं। भाजपा सरकार व उनके नेता धर्म के नाम पर बांटकर लोकतंत्र को मिटाने पर तुले हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। अब जुमलेबाजी करने वालों की सरकार हटाने का समय है।

लाइनपार के रामलीला मैदान में सोमवार को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने मुरादाबाद में सपा सांसद का टिकट काटकर रुचि वीरा को देने पर सपा पर मुस्लिम विरोधी होने का आरोप लगाया। कहा कि समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम बाहुल्य आबादी वाले मुरादाबाद में मुस्लिम प्रत्याशी का टिकट काटकर हिंदू प्रत्याशी को टिकट दे दिया है। जबकि बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है। इससे साफ है कि मुस्लिमों का हितैषी कौन है। बसपा प्रमुख ने केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार की संकीर्ण, सांप्रदायिक, देश विरोधी नीतियों की आलोचना की। कहा कि धर्म व जाति के नाम पर बांटा जा रहा है। इसलिए अब भाजपा सरकार को हटाने का समय आ गया है। उन्होंने तंज कसा कि भाजपा सरकार के नेता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल जुमलेबाजी करते हैं। इन लोगों ने विकास का एक चौथाई काम भी नहीं किया है। यह सरकार पूंजीपतियों व कारपोरेट घरानों के इशारे पर चल रही है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में अपनी चार बार की सरकार की उपलब्धियां गिनाकर कहा कि अपराधी डरते थे। उनकी सरकार ने मुसलमानों, दलितों, पिछड़े सबके लिए एक समान रूप से कार्य कर सर्वसमाज का भला किया था। उन्होंने कांग्रेस व भाजपा पर पूंजीपतियों का संरक्षण करने का आरोप लगाया।



जनसभा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती।

मायावती ने कहा कि अल्पसंख्यकों, दलितों का विकास नहीं हो पाया है। निजी क्षेत्र में दलितों , अल्पसंख्यकों को आरक्षण नहीं दिया गया है। बसपा प्रमुख यहीं नहीं रूकीं, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की सीमाओं को पूरी तरह सुरक्षित नहीं किया है। यह चिंता की बात है। इनकी गलत नीतियों को जनता देख समझ चुकी है। यह लोग साम दाम दंड भेद अपनाकर किसी भी कीमत पर सत्ता में आना चाहते हैं। इनसे सावधान रहने की नसीहत दी। मीडिया के ओपिनियन पोल व सर्वे पर भरोसा न करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र जारी करने की बजाय उनकी पार्टी जनता के हित में काम करने में भरोसा करती है। बिना चुनावी घोषणा पत्र के उनकी चार बार उत्तर प्रदेश में सरकार बन चुकी है। यदि जनता ने आशीर्वाद दिया तो उत्तर प्रदेश की तरह केंद्र में भी बसपा की सरकार बनने पर सबका विकास करेंगी। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी कटाक्ष किया। केंद्र सरकार के मुफ्त अनाज वितरण पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि भाजपा के लोग वोट देने के लिए धमकाते हैं। मुफ्त अनाज कहीं ओर से नहीं आता है। आपके और हम सबसे टैक्स के पैसे से ही आता है। अपने पार्टी की प्राथमिकता गिनाते हुए कहा कि उनकी सरकार केंद्र में बनी तो लोगों को बेरोजगारी भत्ता देने की बजाय रोजी रोटी देने का काम करेगी। सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि बसपा की सरकार बनने पर दलितों, मुसलमानों, पिछड़ों, अगड़ों सहित अन्य समाज के लोगों का विकास किया जाएगा। हवा हवाई काम नहीं करेंगे। अंत में उन्होंने अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने की अपील कर संबोधन समाप्त किया।

मंच पर इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी शमसुद्दीन राइन, मंडल कोआर्डिनेटर रणविजय सिंह, जिलाध्यक्ष सुनील आजाद, मुरादाबाद से बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी, संभल के प्रत्याशी आदि मौजूद रहे।

### पार्टी प्रत्याशियों ने भी रखी अपनी बात

जनसभा को वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह, बसपा के संभल से प्रत्याशी व पूर्व विधायक शौलत अली सिद्दीकी, मुरादाबाद प्रत्याशी इरफान सैफी ने अपनी बात रखकर बसपा के पक्ष में जनता से समर्थन मांगा।

### एसएसपी ने मतदाताओं से की मतदान कीअपील

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद लोक सभा क्षेत्र में प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान हो रहा है। इस मौके पर एसएसपी हेमराज मीना ने अपील करते हुए कहा है कि सभी मतदाता बढ़-चढ़कर लोक तंत्र में भाग लें और मतदान करें। अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें, चूंकि ये लोकतंत्र का महापर्व है और इस मौके पर जितने भी मतदाता हैं, वह बूथ स्थल पर पहुंचे और मत का दान करें। जिससे लोकतंत्र को और अधिक मजबूती मिले।

## भाजपा, सपा और कांग्रेस को सत्ता में आने से रोकें: मायावती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बोलीं- उत्तर प्रदेश में मूर्त रूप में नहीं आ सका इंडिया गठबंधन

**अमृत विचार :** रामलीला मैदान में आयोजित बहुजन समाज पार्टी की जनसभा में बसपा सुप्रीमो मायावती ने किसी नए मुद्दे पर बात नहीं की। सिर्फ दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और कमजोर वर्ग की बात की। वहीं भाजपा, कांग्रेस और सपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए लोगों से अपील की। मायावती ने इंडिया गठबंधन के अस्तित्व पर ही प्रश्न चिह्न लगा दिया। हालांकि इंडिया गठबंधन की बात सपा और कांग्रेस की जनसभाओं में की जा रही है।

जनसभा में मायावती ने किसी नए मुद्दे की बात नहीं की। न ही किसी प्रकार का आक्रामक बयान ही दिया। बोलीं- इंडिया गठबंधन जिस उद्देश्य को लेकर बनाया गया था, वह अधूरा रह गया है। सिर्फ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, सरकारी योजनाओं पर ही अपनी बात को केंद्रित रखा। महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी के लिए भाजपा सरकार को दोषी ठहराया, लेकिन ऐसी कोई बात नहीं कही, जिससे राजनैतिक दलों का पारा ऊपर चढे। मायावती के तेवर ने साफ कर दिया कि वह आक्रामक होकर काम नहीं करेंगी। मतदाता शांतिपूर्ण तरीके से बसपा के लिए काम करें और भाजपा, कांग्रेस व सपा को वोट न दें। यह बात कहीं न कहीं से बसपा की अनाक्रामक रणनीति का एक उदाहरण है। अब तक हुई सपा, कांग्रेस और भाजपा की जनसभाओं में जिस प्रकार से उसके प्रचारक आक्रामक हो रहे हैं, बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहीं से भी आक्रामकता नहीं दिखाई। लगभग आधा घंटे तक सहज तरीके से ही मायावती ने अपना भाषण दिया और फिर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। हालांकि मायावती के आने पर कार्यकर्ताओं का जोश देखते बन रहा था।



बुधबाजार में जनसंपर्क के दौरान सपा प्रत्याशी रुचि वीरा का स्वागत करते क्षेत्रवासी।

## रुचि वीरा ने वाल्मीकि बस्ती में जनसंपर्क कर मांगे वोट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा ने महानगर में कई मोहल्लों में जनसंपर्क कर पक्ष में मतदान की अपील की।

रुचि वीरा ने गुरहट्टी चौराहे से गंज बाजार होते हुए चौमुखा पुल तक, कटरा बाजार टाउन हॉल, बुध बाजार, मिशन कम्पाउंड, वाल्मीकि बस्ती कटघर में रहने वाले लोगों से जनसंपर्क कर वोट देने की अपील की। वाल्मीकि समाज ने प्रभात मार्केट में रुचि वीरा का स्वागत किया। रुचि वीरा ने कहा कि मुरादाबाद से जितना प्रेम और मोहब्बत मुझे लोगों की मिल रही है उसको मैं कभी नहीं भूल सकती। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस विनोद गुम्बर, विक्टर मैसी, चाउल मैसी, प्रेम बाबू वाल्मीकि, मनोज यादव, जुगल किशोर वाल्मीकि,प्रयांक चौधरी,अमित प्रजापति, प्रिंस अरोड़ा, अमित शर्मा, आशीष जाटव, राजेश कुमारी यादव, नाग भारती, राकेश राठी, मनोज शर्मा, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## अखिलेश हमें दबाना चाहते थे, इसलिए टूटे संबंध: जयंत चौधरी

संवाददाता, मुरादाबाद/छजलैट

- रालोद अध्यक्ष बोले- चौ.चरण सिंह को भारत रत्न देकर भाजपा सरकार ने किया सभी किसानों का सम्मान

**अमृत विचार :** अखिलेश हमें दबाना चाहते थे, इसलिए उनसे संबंध टूट गए। लेकिन, राजनीति में सबके संबंध एक-दूसरे से रहते है। अखिलेश से मेरे संबंध पहले की तरह रहेंगे। चुनाव में काले पैसे का प्रयोग होता है। इसलिए इस पर अंकुश लगना चाहिए। यह बातें भाजपा-आरएलडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहीं।

सोमवार को राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी छजलैट के भीकनपुर गांव में भाजपा-आरएलडी गठबंधन प्रत्याशी सर्वेश कुमार सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जयंत चौधरी का आने का समय दोपहर तीन बजे था, लेकिन वह एक घंटा देरी से जनसभा में पहुंचे। उनके आने से पहले जनसभा स्थल पर रागनी से लोगों को जोड़े रखा। जयंत चौधरी के पहुंचते ही राष्ट्रीय लोकदल और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर सभी किसानों को सम्मानित किया है। भाजपा की सरकार बनने पर सत्ता की सारी बागडोर किसानों और कामगारों के हाथ में होगी।



रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का माला पहनाकर स्वागत करते भाजपा व रालोद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि सरकार आने पर किसानों के हितों में अनेक फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह जिस क्षेत्र में भी सभा करने जा रहे हैं। वहां भाजपा एवं रालोद कार्यकर्ताओं के अलावा सभी किसानों एवं आम नागरिकों द्वारा भारी समर्थन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने सभी किसानों से एकजुट होकर भाजपा-रालोद गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। वहीं भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण उनके पुत्र कुंवर सुशांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। उनका कहना था कि भाजपा प्रत्याशी की जीत होने पर पूरी लोकसभा का विकास होगा। इस मौके पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, रालोद जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, रालोद के वरिष्ठ नेता एडवोकेट अजीत चौधरी, अभिनय चौधरी, भाजपा के जिला महामंत्री राजन विश्नोई, भाजपा के क्षेत्रीय सहसंयोजक नवीन चौधरी, राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व विधायक जाहिद हुसैन अंसारी, रालोद के प्रदेश सचिव राजवीर सिंह गुर्जर, मतलूब हुसैन, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी, डॉ. जितेंद्र प्रजापति, संजय ढाका समेत अन्य लोग शामिल रहे। जनसभा का संचालन रालोद जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी ने किया।

**सतर्कता** | बूथ के अंदर आने वालों की वीडियोग्राफी, कैमरे की चिप जमा होने तक कैमरामैन नहीं जा सकेगा घर

# 135 क्रिटिकल बूथों पर प्रत्येक गतिविधि कैमरे में होगी कैद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लोक सभा चुनाव को लेकर घोषित क्रिटिकल बूथों पर होने वाली हर गतिविधि और किसी प्रकार के बवाल को कैद करने के लिए निर्वाचन आयोग ने 135 कैमरामैनों की व्यवस्था की है। सोमवार को जिला ग्राम्य अभिकरण के परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में जिला वैज्ञानिक अधिकारी सुरेश शर्मा ने पंचायत भवन सभागार में कैमरा ऑपरेटर करने वाले पंचायत सहायकों व विकास खंडों के कैमरामैनों को प्रशिक्षण दिया। सभी कैमरामैन 18 अप्रैल को निर्धारित बूथों पर पोलिंग पार्टी के साथ रवाना होंगे।

जिला निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 135 क्रिटिकल बूथों को चयनित किया गया है। जिन पर कैमरामैनों की तैनाती जिला प्रशासन की ओर से की जा चुकी है। इसके लिए पंचायत भवन सभागार में सोमवार को पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण के बाद कैमरे आवंटित किए गए। सभी को निर्देश दिए गए कि 18 अप्रैल को बूथ आवंटित किए जाएंगे। वहीं से पोलिंग पार्टी के साथ रवाना किया जाएगा। 19 अप्रैल को मतदान से 90 मिनट पहले होने वाले मॉक पोल की वीडियोग्राफी करनी होगी। इसके बाद वास्तविक मतदान के लिए पीठासीन अधिकारी द्वारा ईवीएम मशीन पर लगाई जाने वाली सील की वीडियोग्राफी करना अनिवार्य रूप से बताया गया। बूथ के अंदर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति चाहे मतदाता व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, आब्जर्वर या फिर पर्यवेक्षक हो उसके चेहरे को कैमरे में कैद करना होगा। बूथ से 200 मीटर की परिधि में किसी प्रकार की होने वाली घटना को कैमरे में अनिवार्य रूप से कैद करना होगा। ताकि कार्रवाई के दौरान उसे साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। मतदान संपन्न होने के बाद बूथ पर ही ईवीएम मशीन की सील के वक्त वीडियोग्राफी करने होगी। इसके साथ कैमरामैन को स्ट्रांग रूम तक पोलिंग पार्टी के साथ ही आकर संबंधित अधिकारी को कैमरे की चिप जमा करने तक वहीं रहना होगा।



पंचायत भवन सभागार में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद माइक्रो ऑब्जर्वर।

### 332 माइक्रो ऑब्जर्वर 2511 बूथों की करेंगे निगरानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारत सरकार के सभी विभागों से 367 कार्मिकों को लोकसभा चुनाव में जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने माइक्रो ऑब्जर्वर का दायित्व सौंपा है। सभी को 1146 मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन होने वाली हर गतिविधियों पर पैनी निगाह रखनी होगी। हालांकि वह कहीं भी किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करेंगे। यह जानकारी पंचायत भवन में प्रशिक्षण के दौरान जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी एमपी सिंह ने दी। सोमवार को 367 केंद्र सरकार के कर्मियों को पंचायत भवन सभागार में माइक्रो ऑब्जर्वर के रूप में बुलाया गया। जहां उन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार चुनाव आयोग के नियमों का पालन करते चुनाव में ऑब्जर्वर के दायित्वों की जानकारी दी गई। 1146 मतदान केंद्रों के 2511 बूथों पर मतदान के दौरान होने वाली हर गतिविधियों पर पैनी निगाह रखने की अहम जिम्मेदारी दी गई। प्रशिक्षण अधिकारी ने बताया कि 367 में अभी 280 ऑब्जर्वर को उनकी जिम्मेदारी सौंप दी गई। बाकी को तीसरे प्रशिक्षण में जिम्मेदारी दी जाएंगी। हालांकि 35 लोगों को आरक्षित की सूची रखा गया है।

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत भाजपा की प्रतिबद्धता व नरेंद्र मोदी की गारंटी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बोले- 2047 तक देश बनेगा विकसित राष्ट्र

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा ने अपने दूरगामी संकल्प पत्र के माध्यम से आगामी योजनाओं को स्पष्ट कर दिया है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत भाजपा की प्रतिबद्धता और मोदी की गारंटी है।

यह बातें उपमुख्यमंत्री ने सोमवार की शाम दिल्ली रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने कहा कि गरीबों के जीवन में खुशहाली लाने की गारंटी मोदी की है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलेगा यह मोदी की गारंटी है। करोड़ों परिवारों को सूर्यघर से मुफ्त बिजली देने की मोदी की गारंटी है। इस सरकार ने सुरक्षित भारत, सशक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत बनाने का काम किया है। 24 घंटे बिजली लोगों को मिलेगी यह मोदी की गारंटी है। 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है यह मोदी की गारंटी है।



दिल्ली रोड स्थित होटल में पत्रकारों से वार्ता करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य।

उन्होंने कहा कि भाजपा विरासत पर गर्व कर भविष्य की स्थितियों को देखते हुए सबका साथ सबका विकास की नीति मोदी की गारंटी है। जनता तय कर चुकी है कि कांग्रेस मुक्त भारत और सपा मुक्त उत्तर प्रदेश बनाना है। भाजपा व उसके सहयोगी मिलकर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतेंगे। अबकी बार 4 जून को 400 पार, केंद्र में तीसरी बार फिर मोदी सरकार का संकल्प ले चुकी है।

## एक नजर

### 633 मतदान केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांति एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के लिए जिले के समस्त मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। अब तक 633 मतदान केंद्रों पर अच्छी गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं। सोमवार को जिले में मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अब तक अमरोहा नगर में 43, अमरोहा देहात में 71, डिडौली में 66, नौगांव सादात में 89, मंडी धनोरा में 49, बछरांयू में 42, गजरौला में 49, रजबपुर में 56, हसनपुर में 49, सैदनगली में 34, आदमपुर में 43, रहरा में 42 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस तरह से 633 मतदान केंद्रों पर अच्छी गुणवत्ता वाले कैमरे लगाए गए हैं। 12 थाने व चौकियों पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम दूर दृष्टिगत स्थापित किए गए हैं।

### आठ क्रय केंद्रों पर 200 क्विंटल गेहूं की हुई खरीद

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में गेहूं खरीद के लिए खोले गए 344 केंद्र में से आठ केंद्रों पर 200 क्विंटल गेहूं की खरीदी गई है। सोमवार को डिप्टी आरएम सुभाष कुमार ने बताया कि जिले में गेहूं खरीद के लिए शासन के निर्देश पर 344 केंद्र खोले गए हैं। इन सभी पर गेहूं खरीद की व्यवस्था की गई है। गेहूं केंद्रों पर खरीदारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आठ गेहूं खरीद केंद्र पर अब तक 200 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। मौसम खराब होने से गेहूं की कटाई प्रभावित हो रही है। बताया कि गेहूं के खरीदारी केंद्रों पर धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। मौसम के खुलते ही गेहूं की कटाई और गहाई का कार्य तेज हो जाएगा। इसके बाद केंद्रों पर गेहूं की खरीद बढ़ जाएगी।

### ग्राम समाज की भूमि पर बांधे जा रहे पशु, शिकायत

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के एक गांव में ग्राम समाज की भूमि पर ग्रामीण पशु बांध रहे हैं। लेकिन प्रशासन जिम्मेदार बेखर है। इसे लेकर ग्रामीणों में रोष है। गांव शेरगढ़ के पंचायत भवन के पास ग्राम समाज की भूमि खाली पड़ी है। इस पर गांव के ही लोग अपने पशु बांध रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कुछ ग्रामीण पशु बांधकर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। खंड विकास अधिकारी नीरज गर्ग ने बताया कि इस मामले में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो जांच कराकर ग्राम समाज की भूमि खाली कराई जाएगी।

### 25 टीमों ने घर-घर जाकर अपनी निगरानी में पोस्टल बैलेट से डलवाए वोट, आज भी कर सकेंगे मतदान

# जिले भर में 676 बुजुर्ग व दिव्यांगों में से 629 ने किया मतदान

संवाददाता, अमरोहा/हसनपुर



मंडी धनौरा में बुजुर्ग महिला मतदाता से मतदान कराते कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को 85 वर्ष की आयु से अधिक वाले और दिव्यांग मतदाताओं ने घरों पर ही पोस्टल बैलेट से वोट डाले। 676 में से 629 ने अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव कर्मचारियों ने इनका सहयोग किया।

जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इससे पहले 85 से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं और दिव्यांगों को घर से ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए 25 टीमें लगाई गई हैं। अपर जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार को जिले की पांच विधानसभा सीटों पर घर-घर जाकर मतदान कराया गया। विधानसभा धनौरा में 6, नौगांवा विधानसभा में 6, अमरोहा में आठ व हसनपुर पांच पोलिंग पार्टियां शामिल हैं। इन टीमों ने सोमवार सुबह से ही काम शुरू कर दिया। जिले में 385 बुजुर्गों व 291 दिव्यांगां ने फार्म 12डी भरकर घर पर ही वोट डालने की इच्छा जताई थी। धनौरा क्षेत्र में 107 ने मतदान किया है। नौगांवा विधानसभा में 183 में से 170 ने मतदान किया है। अमरोहा विधानसभा में 145 में से 135 ने मतदान किया है। हसनपुर विधानसभा में 173 में से 160 ने मतदान किया है। गढ़ में 61 में से 57 ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। बाकी मतदाताओं के लिए मंगलवार को टीमें घर-घर जाएंगी। एडीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को भी पोस्टल बैलेट से घर-घर जाकर मतदान कराया जाएगा।

### 107 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से डाले वोट

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** क्षेत्र में सोमवार को 85 साल से अधिक उम्र वालों व दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घरों पर ही पोस्टल बैलेट से मतदान किया। एसडीएम चंद्रकांता ने अपनी देखरेख में मतदान कराया। एसडीएम कहा कि बुजुर्गों और दिव्यांगों को घर पर मतदान की सुविधा देना आयोग की उनके प्रति देखभाल और सम्मान की अभिव्यक्ति है। तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव ने बताया कि धनौरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 114 दिव्यांग एवं 85 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं को मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए चिह्नित किया गया है। मतदान कराने के लिए एक टीम में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर और वीडियोग्राफर के साथ दो पुलिसकर्मी शामिल है। मतदान कराने को विधानसभा में सात टीमें लगाई गई हैं।

# कार्यालय में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी में मारपीट, हंगामा

### राज्य मंत्री व जिलाध्यक्ष ने दोनों को समझाकर शांत कराया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



मारपीट के दौरान बीच-बचाव करते सुरक्षाकर्मी और भाजपा के जिलाध्यक्ष।

**अमृत विचार :** भाजपा के कार्यालय में सोमवार को राज्यमंत्री की प्रेस वार्ता से पहले जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार व मीडिया प्रभारी रमेश कलाल के बीच गाली गलौज और मारपीट हो गई। दोनों ने एक-दूसरे को थप्पड़ जड़े। 15 मिनट तक कार्यालय में हंगामा हुआ। जिलाध्यक्ष व राज्यमंत्री ने दोनों को समझाकर शांत कराया। इस घटना वीडियो वायरल हो रहा है।

जोया रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में सुबह 11 बजे राज्यमंत्री ब्रजेश सिंह ने पहुंचे। इस दौरान वहां दो पत्रकार मौजूद थे। उन्होंने जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी और जिला मीडिया प्रभारी रमेश कलाल से नाराजगी जताते हुए अन्य मीडियाकर्मियों को बुलाने को कहा। तभी जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार और जिला मीडिया प्रभारी के बीच कहासुनी हो गई। जिला मीडिया प्रभारी ने जिला उपाध्यक्ष के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर जिला मीडिया प्रभारी ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। बाद में जिला उपाध्यक्ष ने भी उन्हें थप्पड़ मार दिया। दोनों एक-दूसरे की शर्ट के कॉलर पकड़कर मारपीट करने लगे। यह देखकर जिलाध्यक्ष की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी बीच बचाव कराने लगे। लेकिन दोनों नहीं माने। इससे 15 मिनट तक हंगामा चलता रहा। जिलाध्यक्ष और राज्यमंत्री ने दोनों को शांत कराया। जिलाध्यक्ष ने जिला उपाध्यक्ष और जिला मीडिया प्रभारी को गले एक-दूसरे के मिलवाया। इस घटना के बाद राज्य मंत्री ब्रजेश सिंह ने प्रेसवार्ता की। इस घटना का वीडियो भाजपा कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। इस दौरान पदाधिकारियों के बीच मारपीट को लेकर पूछने पर उन्होंने बताया कि बड़े परिवार में छोटी बातें हो जाती हैं।

> दोनों पदाधिकारियों के बीच हुए विवाद के बाद उन्हें गले मिलवाकर मामला खत्म करा दिया गया था। कुछ मामूली बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। दोनों को गले मिलवा दिया।
> – उदयगिरी गोस्वामी, भाजपा जिलाध्यक्ष

### शरियत से नहीं चलता है यह देश : ब्रजेश



**अमरोहा, अमृत विचार :** भाजपा के जिला कार्यालय में लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह ने सोमवार को प्रेसवार्ता की। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताया। एआईएमआई के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधा। कहा कि यह देश शरियत से नहीं चलता, लोकतांत्रिक व्यवस्था संविधान से चलता है। कहा कि दो बच्चों का कानून भी जल्द लागू किया जाएगा। मंत्री ब्रजेश सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा, मोदी की गारंटी है कि पांच वर्ष तक मुफ्त राशन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमारे घोषणा पत्र को झूठा बता रही है। उन्होंने कहा कि हम नागरिकता संशोधन कानून भी लागू करेंगे और दो बच्चों का कानून भी लागू करेंगे। उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी का सिर्फ एक विधायक है और कहीं ऐसा न हो कि इस लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की प्रासंगिकता ही खो दें।

### जिले में 106 शस्त्र धारकों के लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए जिलाधिकारी को भेजी रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर पुलिस ने शस्त्रों का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया।

इस अभियान के दौरान जिले की पुलिस ने 106 शस्त्र धारकों के लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज दी है। अमरोहा नगर कोतवाली पुलिस ने 10 शस्त्र लाइसेंस को निरस्तीकरण के लिए भेजा है। डिडौली पुलिस ने 17, रजबपुर पुलिस ने 18, नौगांवा सादात ने 6, अमरोहा देहात ने 10, मंडी धनौरा पुलिस ने आठ, बछरायूं ने 11, गजरौला पुलिस ने 16, हसनपुर ने 3, सैदनगली पुलिस ने 4, आदमपुर ने एक, रहरा पुलिस ने दो शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए रिपोर्ट तैयार कर जिला अधिकारी को भेज दी है।

### सेवायोजन एकीकृत पोर्टल कराया विकसित

**गजरौला, अमृत विचार :** रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम व एमए पाठयक्रमों के अंतिम वर्ष में अध्यनरत सभी छात्र छात्राओं के लिए एकीकृत पोर्टल विकसित किया गया है। अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को स्वयं ही अपना पंजीकरण करने के बाद उसकी कॉपी महाविद्यालय में जमा करनी है। महाविद्यालय के करियर एवं गाइडेंस सेल में सम्पर्क किया सकेगा।

### कारों से स्टंट करने में 11 लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा के पास कार सवार युवकों ने खिड़कियों से बाहर निकालकर जोखिम भरे स्टंट किए। इस घटना का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने 11 कार सवारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

यह मामला थाना रजबपुर क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे का है। दरअसल हाईवे पर कारों को दौड़ाकर कुछ युवक स्टंट बाजी करते नजर आए। युवक खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंट करते दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो के आधार पर 11 कार सवारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। सभी कारों को ट्रेस कर सीज किया जाएगा।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। जगह-जगह कार्यक्रम हुए।

गांव चचौरा के भोगपुरा में झांकियों का प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा प्राथमिक विद्यालय के मुख्य गेट से होते हुए मुख्य मार्ग, तिराहे से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां शाम को गीत, कविता, नाटक, रागनी सहित जीवनी पर प्रकाश व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान रंजीत शर्मा, मनवीर सिंह, कुलदीप शर्मा, श्योराज सिंह, हरिसिंह,जशवंत राणा शिवचरण, कलुवा सिंह, विजयपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, श्यामलाल, सूरजभान, गंगाराम सिंह, राधेकिशन सिंह, रोहताश सिंह, हुकम सिंह व भीमराज, अंकित आदि रहे।

### 13 दिन से लापता युवक का शव खेत में मिला

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव रखेडा के रहने वाले ओमकार (28) का शव सोमवार को 13 दिन बाद धौरिया बिड़ला के जंगल में मिला। परिजनों ने जंगली जानवरों द्वारा शव नोचने की आशंका जताई है।

रखेडा में किसान रामकुंवर परिवार रहा है। उनका पुत्र ओमकार मानसिक रूप से कमजोर था। वह दो अप्रैल को लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला था। 10 अप्रैल को परिजनों ने कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार सुबह नौ बजे गांव धौरिया बिड़ला में संजय के गेहूं के खेत में ओमकार का शव मिला। उसके शव की हालत देखकर ऐसा प्रतीत होता था, जैसे किसी जंगली जानवर ने नोच कर खा लिया हो। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।



गांव लुहारी खादर में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## किसान की मौत को लेकर भड़के ग्रामीण, किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गांव लुहारी खादर में सांड के हमले से किसान की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। छुट्टा पशुओं को नहीं पकड़े जाने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

प्रदर्शनकारी हरीराज सिंह ने बताया कि गांव में छुट्टा पशु घूम रहे हैं। अब से पहले भी पशु हमला कर कई लोगों को मार चुके है। कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन पशु पकड़ने के नाम पर ग्रामीणों को आश्वासन मिला। बाद में परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। इस दौरान ओमप्रकाश, मेवाराम, हरिराज, हरकिशोर, राजकुमार, लाला, शौकत अली, महेंद्र सिंह, बंटी, राहुल, बालवीर, कलुआ, बाबू, टीकाराम, डॉ. ओमप्रकाश, छोटेलाल व जगराम आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश आर्य को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### डॉ. आंबेडकर के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के आंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विचार गोष्ठी हुई। इसमें लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के आदर्शों पर संकल्प चलने का लिया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश आर्य ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संघर्ष करके वंचित वर्गों को हक दिलाया। उन्होंने कहा था कि किसी भी समाज की प्रगति शिक्षा पर निर्भर करती है। भाजपा नेता हेम सिंह आर्य ने कहा कि हम सभी बाबा साहब की विचारधारा पर चलने के लिए कटिबद्ध हैं। इस मौके पर आंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, रामवीर सिंह, महिपाल सिंह, चंद्रपाल सैनी, मोहम्मद तालिब खान, मुजाहिद चौधरी, शाहनवाज अंसारी, डॉ. नरेश कुमार, एसडीओ सतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को पीटा, तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दहेज की मांग को लेकर सुसराल वालों ने महिला को पीटकर घायल कर दिया गया। पीड़िता परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। गांव बाईखेड़ा निवासी मुखिया ने तीन वर्ष पहले ग्राम रुखालू के रहना वाले ऋषिपाल के साथ अपनी पुत्री प्रेमवती की शादी की थी। लेकिन ससुराल वाले दहेज की मांग करते हुए प्रेमवती को प्रताड़ित करने लगे। रविवार रात्रि नशे में पति व उसके भाई- बहन ने प्रेमवती को मारा पीटा। इससे वह घायल हो गई। किसी ग्रामीण ने उसके परिजनों को सूचना दी तो महिला के पिता मुखिया गांव पहुंचे और अपनी पुत्री को लेकर आ गए। सोमवार सुबह महिला अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची। उसने पति, देवर, ननद के खिलाफ तहरीर दी। वरिष्ठ उप निरीक्षक शौकेंद्र बालियान ने बताया कि तहरीर लेकर घायल को सीएचसी भेज दिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रों ने मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक

**अमरोहा, अमृत विचार :** आईएम इंटर कॉलेज के छात्रों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। राहगीरों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य डॉ. जमशेद कमाल ने मतदाताओं को वोट का अधिकार बताया। 26 अप्रैल को मत का प्रयोग करने के लिए कहा। विद्यार्थियों ने आह्वान किया कि यदि वह अनुशासन में रहेंगे तो स्वच्छता का ध्यान रखेंगे। छात्रों ने लोगों को बताया कि आपका एक वोट एक अच्छी सरकार बना सकता है। देश व समाज को मजबूत बनाने के लिए लोगों को अपने मत का सही प्रयोग करना चाहिए। वोट डालने की अपील करते वाहनों पर स्टीकर चिपकाए। इस दौरान प्रवक्ता डॉ. मुनव्वर, सहायक अध्यापक मुजाहिद अब्बास नकवी आदि मौजूद रहे।

### संविदा कर्मी लाइनमैन को कार्यमुक्त किया

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** तहसील नौगांव सादात क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र मिठठेपुर कला में संविदा कर्मी लाइनमैन अबुद्दीन कार्यरत है। जूनियर इंजीनियर अब्दुल सलाम ने लापरवाही पर उसे कार्यमुक्त किया।

### संस्कृति का आधार ही है संस्कृत

**बुरावली, अमृत विचार :** गांव पथरा के कंपोजिट विद्यालय प्रशिक्षण शिविर में संस्कृत भाषा को लेकर चर्चा की गई। देवदत्त शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य केवल संस्कृत भाषा को घर-घर पहुंचना है। संस्कृति का आधार ही केवल संस्कृत है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 35 छात्र-छात्राओं को खेल-खेल में संस्कृत बोलना और समझना सिखाया जाएगा। प्रधानाचार्य मुनेंद्र कुमार ने कहा कि संस्कृत भाषा को सिखाना सौभाग्य की बात है। इस मौके पर आशीष चौधरी, सत्येंद्र कुमार, अंकुश त्यागी, इंद्रजीत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### चौपला चौकी के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**गजरौला,अमृत विचार :** चौपला चौकी क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर के चौपला स्थित शिवालिक फैक्ट्री के आगे सोमवार सुबह शव मिला। बताया जा रहा है कि शव देखने में किसी भिखारी का लग रहा है, हालांकि अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उधर, आशंका जताई जा रही है कि बीमारी के चलते व्यक्ति की मौत हुई है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### प्रेक्षक ने चुनाव सामग्री का किया निरीक्षण

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के प्रेक्षक राहुल शर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहे निर्वाचन स्टेशनरी सामग्री जो की पोलिंग पार्टियों को मतदान करने के लिए दी जाएगी। उसकी पैकिंग के कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। सोमवार को प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर वहां पर पोलिंग पार्टियों दी जाने वाली स्टेशनरी की पैकिंग के कार्य का निरीक्षण किया और सूची के अनुसार थैली में कौन से सामग्री पैकिंग की गई है। प्रेक्षक ने निर्वाचन कार्यालय एवं वेयरहाउस का भी निरीक्षण किया।



प्रतियोगिता में मेहंदी रचाकर दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### मेहंदी प्रतियोगिता से किया मतदान के प्रति प्रेरित

**रहरा, अमृत विचार :** मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार को ब्लाक गंगेश्वरी के राजकीय महाविद्यालय रहरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्राओं ने लोगों से 26 अप्रैल को मतदान करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता की विजेता टीमों को सम्मानित किया गया। पूनम शर्मा ने महाविद्यालय में नए प्रवेश कराने के लिए आने वाले अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें 26 अप्रैल को अवश्य मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बाद में रैली निकालकर जागरूक किया। इस दौरान प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार, विजेंद्र, धर्मेंद्र, वंदना भारद्वाज, तोताराम आदि उपस्थित रहीं।



झनकपुरी में भाजपा उम्मीदवार के साथ भाकियू शंकर के पदाधिकारी

### भाजपा प्रत्याशी ने विकास के नाम पर मांगे वोट

**अमरोहा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर ने मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव बहलोलपुर, नगलिया मेव, मोहरका पट्टी में जन संपर्क किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री विकास के लिए योजनाएं चला रहे हैं, जिनका लाभ लोगों को मिल रहा है। 26 अप्रैल को कमल खिलाने के लिए अधिक से अधिक मतदान करें। इस दौरान ब्लाक प्रमुख पति वीरेंद्र चौधरी, डॉ. उत्तम प्रजापति, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश प्रधान, सोनू कुमार, कैलाश गुर्जर, धर्मवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, मोनू यादव, विचित्र भाटी, अंकुर आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर ने अपने कार्यकर्ताओं संग कैंप कार्यालय झनकपुरी में कंवर सिंह तंवर से मुलाकात की। इस मौके पर स्वामी मनोद दास प्रदेश संरक्षक, चौधरी धर्मवीर सिंह, सतपाल सिंह, महीपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

**नवरात्र** भक्तों ने की मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना, परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की

# चामुंडा मंदिर में 108 दीपकों से की माता रानी की आरती

संवाददाता, हसनपुर/ गजरौला/ सैदनगली



हसनपुर में चामुंडा मंदिर में पूजन करते भक्त। ● अमृत विचार



गजरौला में चामुंडा देवी मंदिर पर पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र पर भक्तों ने 108 दीपकों से माता रानी की आरती की। साथ ही माता रानी का भोग लगाया। श्री बांके बिहारी सेवा समिति की ओर से नवरात्र पर नगर के शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर महाआरती का आयोजन किया जा रहा है।

प्रत्येक नवरात्र को 108 दीपकों से माता रानी की आरती की जा रही है। अंतिम नवरात्र को 2100 दीपकों से माता रानी की आरती की जाएगी। रविवार देर रात्रि मां दुर्गा की 108 दीपों से आरती की गई।

इस मौके पर पुनीत रस्तोगी,बॉबी अग्रवाल,मनोज जोशी, नीरज, उज्ज्वल वर्मा आदि मौजूद रहे। उधर, चैत्र नवरात्र के सातवें सोमवार को मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। गांव सोहरका मार्ग स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर में मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। उधर, गजरौला, क्षेत्र में भी नवरात्र पर घरों व देवी मंदिरों में मां भगवती का गुणगान किया गया। सोमवार को मां कालरात्रि की पूजा की।

मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन का सिलसिला जारी रहा। लहंगा, चुनरी, ध्वज, नारियल, धूप, दीप आदि समर्पित करते हुए भक्तों ने मां की अराधना की। शहर में इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ मंदिर, बस्ती मार्ग स्थित चामुंडा देवी मंदिर, ललिता देवी मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर के अलावा शहर व आसपास ग्रामीण क्षेत्र के अन्य मंदिरों में भी सुबह से ही पूजा करने के लिए भक्तों की भीड़ जुटी रही।

शाम को भजन-कीर्तन का गायन भी किया गया। उधर, सैदनगली के सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवरात्र पर मां दुर्गा की पूजा की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय,प्रभा शंकर तिवारी, संजीव,सूरज सिंह, हितेश गायत्री, सौरभ शर्मा रहे।

### दोहरे हत्याकांड में गवाही देने वाले भाइयों को पीटा

**गजरौला, अमृत विचार :** दोहरे हत्याकांड में गवाही देने वाले तीन भाइयों के साथ मारपीट कर दी गई। जान से मारने की धमकी देते हुए मामले में गवाही नहीं देने का दबाव बनाया गया। पुलिस ने हत्यारोपी के बेटे व उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अजय यादव, उसके भाई अरुण यादव व अमित यादव के खेत गांव गुलालपुर में अनिरुद्ध व रतनपाल भाटी के बराबर में हैं। आठ अक्तूबर की रात अनिरुद्ध व रतनपाल की हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया था। एक हत्यारोपी नया गांव निवासी पूरन भी है। बीते दिनों अजय, अरुण व अमित अपने खेत पर काम कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान हत्यारोपी पूरन का बेटा संजीव अपने तीन साथियों के साथ उनके पास पहुंचा और गाली-गलौज कर मारपीट की।

## एक नजर

### आरोपी को चोरी की बाइक व तमंचा के साथ दबोचा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर पुलिस ने अलावलपुर की पुलिया के पास युवक को चोरी की बाइक व तमंचे के साथ हिरासत में लिया है। जिसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी इश्तयाक पुत्र मुश्ताक रविवार कोअपने मामा के घर थाना बनियाठेर क्षेत्र के कस्बा नरौली में कन्या पाठशाला के पास आए थे। वह बाइक बाहर खड़ी करके घर में चले गए। कुछ देर बाद देखा तो बाइक नदारद थी। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। सोमवार को पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी पुलिस ने गांव अलावलपुर मार्ग स्थित पुलिया के पास बाइक सवार को आते देखा। पुलिस ने उसे रोक लिया और पूछताछ करने लगी। पूछताछ में युवक ने अपना नाम ताहिर उर्फ बुंदू निवासी मोहल्ला बंजारी कुंआ कस्बा नरौली बताया। पुलिस ने युवक के पास से इश्तयाक की बाइक के अलावा एक तमंचा बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# कमरे में कुंडे से लटका मिला छात्र का शव, हत्या का आरोप

## संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कक्षा आठ की परीक्षा उत्तीर्ण की थी

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा



रजपुरा में छात्र की मौत के बाद जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

- फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए पुलिस ने शुरू की जांच
- परिजनों ने हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र का शव कमरे में कुंडे के सहारे लटका मिला। परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए जबकि पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

थाना क्षेत्र के कस्बा गवां के मुहल्ला कायस्थान निवासी बृजेश गिरी की गवां में ही मिठाई की दुकान है। बृजेश गिरी के बेटे करन (14 वर्ष) ने इस बार कक्षा आठ उत्तीर्ण की थी। सोमवार को सुबह बृजेश गिरी मिठाई की दुकान पर था जबकि उसकी पत्नी रजनी मंदिर में पूजा करने चली गई। करीब 10 बजे जब रजनी वापस घर पहुंची तो करन का शव कमरे में कुंडे के सहारे लटक रहा था। यह देखकर रजनी की चीख निकल गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने करन के शव को नीचे उतारा। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया लेकिन पुलिस को तहरीर नहीं दी है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# छात्रा को मोबाइल देने पर दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- घायलों को सीएचसी लेकर पहुंची पुलिस, यहां भी हुई मारपीट
- पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में किया चालान

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका कार्यालय के बाहर युवक द्वारा छात्रा को मोबाइल देने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस दो घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा, तो दोनों पक्ष यहां भी भिड़ गए। पुलिस ने दोनों पक्षों से एक-एक युवक को हिरासत में लिया है। तहरीर नहीं मिलने पर दोनों का शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

एक मोहल्ला के युवक ने बताया कि वह बाहर रहकर नौकरी करता है। ईद पर युवक अपने घर आया हुआ है। घर पर उसके माता-पिता व बहन रहती है। जो विद्यालय में कक्षा 11 की छात्रा है। पास ही एक मोहल्ले के युवक की नजर छात्रा पर है। युवक का स्टेशन रोड स्थित नगर पालिका कार्यालय के बाहर साइबर कैफे है। सोमवार की सुबह युवक छात्रा के घर पहुंचा और उसे मोबाइल देने लगा। घर छात्रा का भाई मौजूद था, जिसने युवक को मोबाइल देते देख लिया। तभी युवक वापस आ गया और अपनी दुकान पर बैठ गया। कुछ देर बाद छात्रा का भाई कुछ परिचितों के साथ साइबर कैफे पर पहुंचा और बहन को मोबाइल देने का विरोध करने लगा। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद दोनों कोतवाली पहुंचे और एक-दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाने लगे।

पुलिस ने दोनों पक्षों के दो घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। दोनों पक्षों के अन्य सदस्य भी सीएचसी पहुंच गए। यहां भी कहासुनी होने लगी और देखते-देखते ही मारपीट शुरू हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस को देख अन्य लोग फरार हो गए। पुलिस ने छात्रा के भाई और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।

## सार-संक्षेप




शोभायात्रा में शामिल शहीदों की झांकी। ● अमृत विचार

### धूमधाम से निकाली डॉ. आंबेडकर की शोभायात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** डॉ. आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में डॉ. आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति मौलागढ़ की ओर से शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ मुख्य अतिथि भिक्षुणी धम्मानिया ने किया। शोभायात्रा में अनेक प्रकार की झांकियां शामिल रहीं। युवक हाथों में नीले रंग के झंडे लेकर चल रहे थे। डीजे की धुन पर युवक नृत्य भी कर रहे थे। बहजोई रोड स्थित आंबेडकर पार्क से आरंभ हुई शोभायात्रा बहजोई रोड, मौलागढ़ की पुलिया, शिव मार्ग होते हुए गांव मौलागढ़ पहुंची और गांव के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए पुन: आंबेडकर पार्क पर पहुंच जनसभा में तब्दील हो गई। यहां वक्ताओं ने डॉ. आंबडेकर को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान सतीश प्रेमी, रामरूप सिंह, नरेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान विजय सिंह, रामौतार, अमर पाल, विजय सिंह, कुलदीप, रविंद्र कुमार टिंकू आदि मौजूद रहे।

### वर्चुअल बैठक में कृषकों को मिले सवालों के जवाब

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र में प्रगति किसानों के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ के कुलपति डॉ. केके सिंह की ओर से वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्ष व विशेषज्ञों ने भी भाग लिया। वर्चुअल बैठक में कृषकों ने विशेषज्ञों के समक्ष समस्याओं को रखा। जिसका निराकरण तकनीकी सुझाव के साथ विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. केके सिंह ने कृषकों को नवोन्मेषी तकनीकों, नवीनतम उन्नतशील प्रजातियों का प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके कृषि को अधिक उन्नत बनाने की बात कही। बताया गया कि कृषक अपने जनपद के कृषि विज्ञान केंद्र से तकनीकी सहयोग भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कृषकों को प्राकृतिक खेती करने की बात कही व स्मार्ट एग्रीकल्चर, क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर की ओर भी आने के लिए कृषकों से कहा। इस दौरान प्रसार निदेशक डॉ. पीके सिंह, प्रभारी अधिकारी डॉ. महावीर सिंह के अलावा कृषकों में अनिल दत्त दुबे, रूम सिंह, देवराज, पीयूष शर्मा, बाबू खान, सोमपाल आदि शामिल रहे।

### मारपीट में नौ लोगों के विरुद्ध बलवे की रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा में रविवार को हुई मारपीट व पथराव में थाने के उपनिरीक्षक ने दोनों पक्षों के नौ लोगों के विरुद्ध बलवा सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। रविवार की दोपहर 12.30 बजे बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा में नजीर व मंसूर के बीच सड़क पर भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी करने को लेकर मारपीट हो गई। घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी गई है। इसके बाद उपनिरीक्षक हिमांशु गौतम घटना की जांच करने गांव पहुंचे। जांच में पाया गया कि नौ लोगों द्वारा एक राय होकर दंगा कर एक-दूसरे के साथ मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी है। उपनिरीक्षक हिमांशु गौतम की तहरीर पर पुलिस ने तालिब, सलीम, वसीम, नसीर, आतिफ, मंसूर, फरहाज, मशरूर व अब्दुल के विरुद्ध बलवे सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### नो ड्यूज न देने पर बैंक पर पांच हजार का जुर्माना

**बहजोई, अमृत विचार :** ऋण की धनराशि जमा करने के बाद भी उपभोक्ता को बैंक द्वारा नो ड्यूज नहीं देना भारी पड़ गया। उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने बैंक पर 5 हजार का जुर्माना डालने के आदेश पारित किए हैं। बहजोई निवासी भुवनेश कुमार ने अपने मकान ऋण को लेकर 2021 में बैंक द्वारा बताई गई सभी धनराशि पंजाब नेशनल बैंक के ऋण खाते में जमा की गई। इसके बाद भी बैंक द्वारा नो ड्यूज जारी नहीं किया गया। वर्ष 2023 में बैंक शाखा द्वारा भुवनेश कुमार को 22883 रुपए 52 पैसे बकाया का नोटिस दे दिया गया। अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग संभल में भुवनेश कुमार ने बैंक शाखा बहजोई के विरुद्ध एक परिवाद योजित किया।

### भाजपाइयों ने मनाई डॉ. भीमराव आंबडेकर जयंती

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ने मालगोदाम रोड स्थित आंबेडकर पार्क पर डॉ. भीमराव आंबडेकर की जयंती मनाई। भाजपाइयों द्वारा प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर मिष्ठान वितरित किया। नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर बाबा साहब के नाम से लोकप्रिय थे। बाबा साहब की दृष्टि कार्य और प्रवचन एक ऐसे समाज में आवश्यक परिवर्तनों के अनुरूप थे, जो सामाजिक और राजनीतिक स्वतंत्रता से वंचित था। नगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा प्रेमपाल सिंह ने बताया कि डॉ. आंबेडकर सार्वजनिक जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी में दृढ़ विश्वास रखते थे। 1942 में नागपुर में अखिल भारतीय वंचित वर्ग महिला सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा था कि किसी भी समुदाय की प्रगति को, उस समाज की महिलाओं की प्रगति से मापा जा सकता है। कार्यक्रम को विधानसभा संयोजक मीडिया अभिनव शर्मा, लोकसभा संयोजक मीडिया डॉ. टी एस पाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मनोज कठेरिया, नगर महामंत्री मनोज दिवाकर, गिरीश रतन, राजकुमार यादव, चंद्रसेन दिवाकर, तरुण नीरज, शीला सागर, संजय बंसल, आशा गोस्वामी, नीलम अरोरा, रक्षा रानी, विक्की रस्तोगी, यश मदान, शुभम अग्रवाल, मोहन लाल मौर्या, वंश आदि मौजूद रहे।

### दो दिवसीय वार्षिकोत्सव पर हुए धार्मिक कार्यक्रम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रामबाग रोड पर बाबा श्री हरगोविंद दास की समाधि पर दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को समाधि के महंत जगमोहन ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। सुबह आठ बजे लोगों ने समाधि पर चादर पोशी कर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत समाधि पर मार्कण्डेय पुराण संपन्न किया गया। अंत में महायज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें समाधि पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां दी। शाम को आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान कल्पना शर्मा, पुष्पा, नर्वेद कुमार, चंद्रपाल शर्मा, माधव कुमार, भूरे सिंह, संजय सक्सेना, विनय अग्रवाल, श्रीकृष्ण, प्रेमपाल, मुलायम सिंह, मोतीराम यादव, नन्हे, विनीत, पूरन कश्यप, श्रीपाल, वीरेश, प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।

### सार्वजनिक स्थल पर खाने की जूठी प्लेट फेंकने पर रिपोर्ट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस के जारई गेट में सार्वजनिक स्थल पर दावत का बचा मांसहारी भोजन फेंककर गंदगी फैलाने के आरोप में उपनिरीक्षक ने दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। मामला सोशल मीडिया में भी चर्चा का विषय बना है। लक्ष्मण गंज पुलिस चौकी इंचार्ज सचिन कुमार भाटी ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि शनिवार की रात 21.30 बजे जारई गेट स्थित देवी मंदिर के पास गशत करते हुए पहुंचे तो अयाज अहमद पुत्र मोहम्मद शमी व रियाज पुत्र मोहम्मद नबी निवासी जारईगेट के घर पर दावत हो रही थी।

# शादी से मुकरा प्रेमी युवक किशोरी के भाई से मारपीट

संवाददाता, संभल/धनारी

**अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र में घर से भागी किशोरी की शादी की तारीख पक्की करने पहुंचे उसके भाई के साथ युवक ने अपने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट की। युवक फरवरी माह में बहला-फुसलाकर किशोरी को घर से भगाकर ले गया था।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी शाकिब फरवरी माह में गांव की ही 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया था। तलाश करते हुए थोड़े दिन बाद परिजनों ने शाकिब व किशोरी को बरामद कर लिया और घर लेकर आ गए। गांव में बैठी पंचायत के कहने पर ईद बाद परिजन किशोरी का निकाह शाकिब के साथ करने को राजी हो गए। जिसकी वजह से किशोरी के परिजनों ने शाकिब के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की थी। ईद से अगले दिन 12 अप्रैल को किशोरी का भाई शादी की तारीख पक्की करने शाकिब के घर गया था। आरोप है कि शाकिब के पिता बाबू व उसके भाई इमरान ने गाली गलौज करते हुए किशोरी के साथ शादी करने से मना कर दिया। विरोध करने पर शाकिब, बाबू और इमरान ने मिलकर किशोरी के भाई के साथ मारपीट की।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर नहीं आई बरात

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के पचाक में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर वर पक्ष ने बरात लाने से इनकार कर दिया। जबकि वधु पक्ष ने शादी की सभी तैयारी पूरी कर ली थीं। बरात सोमवार को आनी थी। वधु पक्ष सभी मेहमान भी पहुंच गए। वधु के हाथों में मेहंदी भी लग गई थी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर वर पक्ष के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

## देवी कथा में सुनाया राजा सगर के 60 पुत्रों का वृत्तांत

**चन्दौसी, अमृत विचार:** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अकरौली में देवी कथा के छठे दिन कथा वाचक ने राजा सगर के 60 पुत्रों का वृत्तांत सुनाया। कथा के दौरान सुनाए।

समापन दिवस पर कथा वाचक सुमित शिवम ने कहा कि इक्ष्वाकुवंश में सगर नामक राजा राज करते थे। उनकी दो रानियां बेदर्भी और शैव्या थी। दोनों के कोई संतान नहीं थी, राजा सगर ने दोनों रानियों को लेकर हिमालय पर्वत पहुंच गए। वहां पर कठोर तपस्या की। जिससे प्रसन्न हुए और राजा सगर को 60 हजार पुत्रों की प्राप्ति हुई। उसके कुछ समय बाद राजा सगर ने एक यज्ञ कराया इसमें एक घोड़ा छोड़ा गया और वह घोड़ा गायब था उसे देखने के लिए राजा सगर के पुत्र वन में घूमते हुए चले गए जहां कपिल मुनि तपस्या कर रहे थे। 60 हजार पुत्रों ने कपिल मुनि की तपस्या में विघ्न डाला व अपशब्दों का प्रयोग किया। इस पर कपिल मुनि ने क्रोध में आकर अपने नेत्रों की ज्वाला से 60 हजार पुत्रों को भस्म कर दिया।

# सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों से देश में मोदी लहर : धर्मवीर प्रजापति

कार्यालय संवाददाता, संभल



भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मवीर प्रजापति।

- बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री ने गिनाईं उपलब्धियां

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी संभल विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री धर्मवीर सिंह प्रजापति ने कहा कि पिछले दस साल में किये गये जनकल्याणकारी कार्यों की वजह से आज देश में नरेंद्र मोदी की लहर है। उन्होंने पत्रकार वार्ता में भाजपा के संकल्प पत्र के बारे में भी चर्चा की।

संभल के प्रेमशंकर वाटिका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए धर्मवीर सिंह प्रजापति ने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम एवं प्रयासों की वजह से ही देश व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथ के लाभार्थियों से संपर्क करके अपने बूथ पर पहले से अधिक मतदान कराकर पार्टी को विजय श्री दिलाएं। जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि हम सभी मिलकर ज्यादा से ज्यादा वोट डलवा कर अपना वोट प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करेंगे तो चार सौ पार का संकल्प पूरा होगा। संचालन विधान सभा सह संयोजक गोपाल शर्मा ने किया।

इस दौरान लोकसभा प्रभारी राकेश चौहान, संयोजक पंकज गुप्ता, भुवनेश राघव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, कमल मलिक, विनय गुप्ता, डा. अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।



देवी के नौ स्वरूप की आरती करती शिक्षिका। ● अमृत विचार

# देवियों के नौ स्वरूप की हुई पूजा व आरती

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार:** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में नवरात्र पर विद्यालय की छोटी कन्याओं का नौ देवियों के स्वरूप में पूजन किया और फल, दही जलेबी का भोग लगाया। शिक्षिका रूपाली ने बताया कि नवरात्र में नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप की पूजा अर्चना के साथ-साथ व्रत रखा जाता है।

पहली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्माचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कूष्मांडा, पांचवीं स्कंद माता, छठी कात्यायिनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी व नौवीं सिद्धिदात्री है, यह मां दुर्गा के नौ रूप है। विद्यालय में नौ देवियों के स्वरूप में कन्याओं का पूजन कर भोग लगाया गया। लाल चुनरी पहनाई गई। इसके उपरांत माता के स्वरूपों की आरती कर प्रसाद का वितरण भी किया गया।

इस दौरान दिव्या, नेहा, सोनम, नीरज, निशा, शालू, श्वेता, कोमल, दीपाली, सरिता, संतोष, अनुषा, मनप्रीत, काजल, अर्शी, रक्षा, दीक्षा, दिव्या, मंतषा, मीनू, इशिता, पारुल, शिखा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## रात में महिला के पास पहुंचे व्यक्ति की धुनाई

**असमोली, अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में चारपाई पर सो रही महिला ने पास में खड़े दूसरे गांव के व्यक्ति को देखकर शोर मचा दिया। परिजनों ने व्यक्ति की धुनाई कर दी और मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया।

थाना क्षेत्र के गांव यारपुर उर्फ रामपुर निवासी विशाल रविवार की रात दूसरे गांव निवासी बरामदे में सो रही महिला की चारपाई के पास जाकर खड़ा हो गया। अचानक आंख खुलने पर महिला ने विशाल को देखकर शोर मचा दिया। शोर को सुनकर महिला का पति व अन्य परिजन नींद से जाग गए और विशाल को पकड़कर उसकी धुनाई कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीण से छुड़ाकर विशाल को हिरासत में ले लिया। महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सोमवार को थाना प्रभारी हरीश कुमार ने बताया कि विशाल के खिलाफ शांतिभंग की धारा में कार्रवाई की गई है।

# नशे की गोलियां बरामद होने पर युवक को एक साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अदालत ने दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया



**अमृत विचार:** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने एनडीपीएस एक्ट में युवक को एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दो हजार रुपये अर्थ दंड भी लगाया है।

एडीजीसी प्रेम प्रकाश मौर्य ने बताया कि 9 अगस्त 2020 को कोतवाली संभल के उपनिरीक्षक बिजेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ गश्त कर रहे थे। जब वह कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जगत डहर वाले मैदान के पास पहुंचे तो दो युवक आते दिखाई दिए, जो पुलिस को देखते ही मुरादाबाद रोड की ओर जाने लगे। शक होने पर पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। जिसमें एक युवक ने अपना नाम बिलाल पुत्र मुन्ना निवासी डेरा सराय टंकी के पास कोतवाली संभल व दूसरे ने सहरोज पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी सिकंदरपुर थाना हयातनगर बताया। पुलिस ने दोनों युवकों के पास से नशे की 120 गोलियां बरामद की थी। दोनों युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें सहरोज ने जेल में अपना जुर्म कबूल करने का प्रार्थना पत्र जेल अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया। सोमवार को दो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सहरोज को एक वर्ष के कारावास की सजा व दो हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किया है।



संभल के गांव में गेहूं की कटाई के काम में जुटा किसान परिवार। ● अमृत विचार

# किसानों ने तेज किया खेत में गेहूं की कटाई का काम

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

- रविवार को बूंदाबांदी होने से गेहूं की फसल में नुकसान को लेकर हुई थी चिंता

**अमृत विचार :** रविवार को बिगड़े मौसम को लेकर किसानों में चिंता देखी गई तो सोमवार को सुबह से ही खेतों का रुख कर लिया। खेतों में खड़े गेहूं की कटाई को रफ्तार दी। किसानों का कहना रहा कि मौसम बिगड़ने से पहले अगर गेहूं की कटाई पूरी करके फसल को नुकसान से बचाया जा सकेगा।

संभल जिले में रविवार को सुबह आसमान में काले बादल छाने के बाद कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई थी। तब किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई थीं क्योंकि बारिश होने पर कटी पड़ी गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता था। इतना ही नहीं, पकी खड़ी गेहूं फसल भी प्रभावित होती। हसनपुर मार्ग पर स्थित सिंहपुरसानी, चंदावली, फत्तेहपुर भाऊ, रिठाली, देहपा, शरीफपुर, गैलुआ, ऐंचवाड़ा डींगर, मन्नीखेड़ा के खेतों में किसान गेहूं फसल की कटाई में जुटे रहे।

## खरीदारी

### मंडी समिति में खुले हैं आठ क्रय केंद्र, 15 हजार क्विंटल खरीद का मिला है लक्ष्य

# केंद्रों पर गेहूं की खरीद शुरू, 2500 क्विंटल की हुई खरीद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



मंडी समिति स्थित गेहूं क्रय केन्द्र पर किसान का गेहूं उतारता मजदूर। ● अमृत विचार

> 100 क्विंटल से अधिक गेहूं वाले किसानों को एसडीएम से सत्यापित कराना होगा। इसके बाद ही उनका गेहूं क्रय केंद्र पर खरीदा जाएगा। 100 क्विंटल तक के किसानों को इस नियम से बाहर रखा गया है। उनका गेहूं रजिस्ट्रेशन के बाद क्रय केंद्र पर खरीदा जा रहा है।
>
> -विजेता सिंह, जिला विपणन अधिकारी, संभल

**अमृत विचार :** गेहूं की कटाई के बाद मंडी समिति स्थित गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं पहुंचना शुरू हो गया है। मंडी समिति में बने आठ क्रय केंद्रों पर सोमवार तक 2560 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। जबकि गेहूं खरीद का लक्ष्य 15 हजार क्विंटल निर्धारित किया गया है।

प्रशासन की ओर से मंडी समिति में आठ क्रय केंद्रों खोले गए हैं। इन केंद्रों का मार्केटिंग इंस्पेक्टर शांति मोहन दीक्षित को बनाया गया है। मार्केटिंग इंस्पेक्टर ने बताया कि सोमवार तक आठों क्रय केंद्रों पर लगभग 2560 क्विंटल की गेहूं खरीद हो चुकी है। जैसे-जैसे खेतों में फसल काटने में तेजी आ रही है। वैसे-वैसे क्रय केंद्रों पर भी किसान गेहूं लेकर पहुंच रहा हैं। लगभग एक सप्ताह बाद गेहूं की क्रय केंद्र में ज्यादा हो आएगी। जिससे लगता है कि इस बार गेहूं खरीद का लक्ष्य प्राप्त करने में मुश्किल नहीं होगी। क्योंकि सरकार गेहूं खरीद का रेट 2275 रुपये प्रति क्विंटल रखा है। जबकि मंडी समिति में 2230 से लेकर 2250 रुपये तक गेहूं की खरीद की जा रही है।

### 100 क्विंटल से अधिक गेहूं वाले किसानों को आ रही गेहूं बेचने में परेशानी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मंडी समिति में खुले गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद की जा रही है। जिस किसान के पास 100 क्विंटल से कम गेहूं है, उसे अपना गेहूं क्रय केंद्र पर बेचने में कोई परेशानी नहीं आ रही है। जबकि 100 क्विंटल से अधिक गेहूं के किसानों को अपना गेहूं क्रय केंद्रों पर बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए किसान के लिए ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है। मगर 100 क्विंटल से अधिक वाले किसानों को जिला विपणन अधिकारी विजेता सिंह व एएमओ अर्जुन कुमार पाठक से इजाजत लेनी पड़ती है। सोमवार को बनियाठेर क्षेत्र के कस्बा नरौली के मनोज सिंह व मधु सिंह नाम के किसान मंडी समिति पहुंचे। दोनों किसानों के पास 100 क्विंटल से अधिक गेहूं था। किसानों ने बताया कि वह तहसील के चक्कर लगा कर थक चुके हैं। मगर समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### सड़क किनारे खंभे से टकराई कार, पांच घायल

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** मनोटा चौधरपुर मार्ग पर गांव सैदपुर की पुलिया पर कार सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से टकराकर गहरी खाई में जा घुसी। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पांच लोग जख्मी हो गए। असमोली थाना क्षेत्र में मनोटा चौधरपुर मार्ग पर सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे ऐचौडा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव नहरौला निवासी मोहम्मद शहीद के घर नवविवाहिता के साथ मुरादाबाद जनपद के थाना छजलैट के गांव शदरपुर मतलब पुर जा रहे थे। रास्ते में मनोटा चौधरपुर मार्ग गांव सैदपुर इम्मा की पुलिया के पास पहुंचे तो सामने आ रहे ट्रक की तेज रोशनी के कारण कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पोल को तोड़ कर गहरी खाई में जा घुसी। जिसमे कार में सवार सभी लोगों में चीख-पुकार मच गई।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मौ. सुलेमान एवं उसकी पत्नी अफसीन जहां से गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। कलुआ पुत्र जमालुद्दीन ढकिय पीरू वार्ड 4, डिलारी, मुरादाबाद।

**संबंध विच्छेद**

मैने व मेरी पत्नी शीला देवी ने अपने पुत्र शिवम सागर व उसकी पत्नी श्रीमति अर्चना गौतम को आज दिनांक 16/04/2024 से अपनी संपत्ति एवं संबंधों से बेदखल कर दिया है। इनसे व्यवहार रखने पर स्वयं जिम्मेदार होंगे। अब मेरा इन दोनों से कोई वास्ता नहीं है।

पतराम सिंह, पुत्र झाऊ लाल
निवासी नया शिवमंदिर डालचन्द्र, सागर वाली गली
हरथला सोनकपुर, कांठ रोड मुरादाबाद
मौ. 9012615620

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्मनियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारी हितैषी और आत्मा ही हमारी शत्रु है।


## संपादकीय

# वैश्विक जगत में चिंता

दुनिया पहले से ही दो बड़े युद्ध के संकट को झेल रही है। ऐसे में ईरान के इजराइल पर हमले ने वैश्विक जगत में चिंता बढ़ा दी है। भारत ने भी इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इजराइल ने ब्रिटेन, फ्रांस से ईरान पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। ईरान ने हाल में कम से कम नौ मिसाइलों से इजराइल के दो हवाईअड्डों पर हमला किया है। हमले में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि शनिवार की रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इजराइली क्षेत्र पर अपने पहले सीधे हमले में इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। ईरान ने यह हमला गत एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइल के हवाई हमले के जवाब में किया था। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि गिलाद एर्दान ने कहा कि उनके पास ईरान के हालिया हमले का जवाब देने का कानूनी अधिकार है क्योंकि उसने (ईरान) ने 'हर लाल रेखा' को पार कर लिया है। उधर खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं और अमेरिका को युद्ध से दूरी बनाए रखने को लेकर चेता रहे हैं। आशंका यह भी जताई जा रही है कि यदि इजराइल जवाबी कार्रवाई करता है तो युद्ध का विस्तार बड़े इलाके में हो सकता है।

हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-7 देशों के नेताओं से हुई बातचीत के बाद इस संकट से निपटने में कूटनीतिक तेजी आई है। जो बाइडन ने जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी फोन पर अलग से बातचीत की। इन बातचीत में अमेरिकी नेतृत्व ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने से रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराया। दरअसल युद्ध को टाला नहीं गया तो इसका दायरा चिंताजनक स्तर तक फैल सकता है। गौरतलब है कि भारत के दोनों ही देशों से अच्छे संबंध हैं। यही कारण है कि इजराइल पर ईरान का हमला होते ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों पक्षों से बातचीत की। ईरान में चार हजार और इजराइल में 18.5 हजार भारतीय रहते हैं। युद्ध के फैलने की आशंका के मद्देनजर दोनों देशों में रह रहे भारतीयों की वहां से निकासी चिंता का कारण है। इसलिए भारत का रुख स्पष्ट है। वह तनाव कम करने के लिए हर संभव कोशिश करेगा। युद्ध से दुनिया गहरे आर्थिक संकट की चपेट में आ सकती है। इसलिए दोनों देशों को संयम बरतते हुए कूटनीति का रास्ता अपनाना चाहिए।

# एआई और फ्लेवर्स ने देशज साहित्य-शोध में बढ़ाई रुचि



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं।

भारत के अंग्रेजी लेखकों को अपने लेखन को जारी रखने या एनालिटिकल शोध हेतु विषय नहीं मिल रहे। आरके नारायण, मुलकरा आनंद और खुशवंत सिंह तो जाने-माने नाम हैं। इनसे पहले के बहुत-से नाम 'कलकत्ता रिव्यु' और 'द इंडियन रिव्यु' नामक पत्रिकाओं से मिलते हैं। कुछ नाम 'द जर्नल ऑफ़ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल' और 'इंडियन एंटीक्वेरी' से भी लिए जा सकते हैं। नई पीढ़ी बहुत बढ़िया लिख रही है और बहुत से ऐसे नाम जो आम प्रचलन में नहीं हैं। अंग्रेजी लिट्रेचर के जर्नल्स में से नोट किये जा सकते हैं।

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें। साहित्य के एक विद्यार्थी के मन में जो बात एक फिजिसिस्ट या फिजियोलॉजिस्ट एवं एक इनफार्मेशन साइंटिस्ट डालकर उसे एकदम से नया नज़रिया दे सकता है,वह सिर्फ लिट्रेचर ही जानने वाला प्रोफेसर नहीं कर सकता। इसीलिए अंतर्विद्यावर्ती दृष्टि लेकर अध्ययन अधिक किए जाने को आजकल बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि शोध कार्य एक सशक्त, नए ज्ञान-सृजन की एक्सरसाइज में तब्दील हो जाए और प्रयास एवं संसाधन व्यर्थ होने बचें। ये भविष्यमयी बनें।

नए किस्म के इस शोध प्रोटोकॉल से वाकफियत न होने में शोधकर्ताओं के सुपरवाइजर्स और सुपरविज़न की परंपरिक पद्धति की बड़ी भूमिका नज़र आने के अलावा एक और पावरफुल इन्फ्लुएंस सक्रियता अभी तक बनी हुई है। वह है हमारे आचार्यगण की ब्रिटिश, अमेरिकन और फ्रेंच लिट्रेरी क्रिटिसिज्म की ओर गाइडेंस के लिए देखने की और ता-उम्र इस आदत पाल कर काम करने की। बावजूद इसके, इन आचार्य गणमें से कुछ तो जरूर ऐसे हैं जो भारत की विशाल लोकवार्ता निधि के बारे में अंग्रेजी भाषा में सूक्ष्म मूल्यांकन (क्रिटिकल एप्रेज़ल) करते हुए इसे विश्व पटल पर ला रहे हैं। ब्रिटिश इंडिया में ब्रिटिश इंडोलॉजिस्ट्स और स्कॉलर्स की लोकवार्ता (इंडिक स्टडीज) में बेहद रुचि होने के कारण ही ऐसा संभव हुआ कि भारत के हरेक कोने में रहने वाले समुदायों की लोकवार्ता (फोकलोर) का दस्तावेजीकरण हो गया। भारतीय लोगों की लोकवार्ता निधि की विविधता और विशालता चकित करती है और इससे भी अधिक आनंदमयी अहसास यह कि इसके अधिकतर प्रोविंशियल लैंग्वेजेज और लोकभाषाओं में होने के वजह से लिंगविस्टिक फ्लेवर में अर्थात 'रस' और 'भाव' की वजह से यह अद्भुत संरचना वाली भी है। इसमें पद्यात्मक शैली-रूप की अधिकता है,लेकिन अध्ययन के समय यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि हमारे आदि-मनीषियों ने गद्य को भी पद्य माना है। फिर भी बहुत कुछ बचा रहा जिसका कलेक्शन और प्रस्तुतिकरण सन 1960 के बाद तक जारी रहा।

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें।

हरियाणा में असंकलित वार्ता, यथा लोककथा और लोकगीत, का संग्रह आचार्य भीम सिंह मलिक ने अपने छात्रों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 1970 और 1980-आदि दशक के दौरान करवाया और चालीस वर्ष पहले लोकवार्ता के प्रतिनिधि प्रकाशन 'संभावना' के प्रथमांक का प्रकाशन भी जिसमें आचार्य मलिक के नेतृत्व में आचार्य राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी की अपूर्व साहित्यिक सूझ से संपन्न किया गया। इसके लिए सामग्री के संकलन और संपादन में अपूर्व योगदान के कारण हरियाणा वासी दोनों के आभारी हैं। पिछले पांच दशक की साहित्य शोध प्रवृत्तियों के मद्देनज़र कह सकते हैं कि अंग्रेजी भाषा के साहित्य शोधक अब अंतर्मुखी होकर लोकवार्ता में डिस्कशन और कमेन्ट्री में मनुष्य चिंतन की केंद्र से सीमाओं पर ले जाकर, आधुनिक साहित्यिक-टूल्स के मद्देनज़र अनेक ऐसे पक्ष को उजागर करते रहे हैं जिनके बारे में पहले से आभास न था।

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं। इन्टरनेट के आने से लोकवार्ता या फोकलोर अध्ययन को 'ग्लोबल पर्सपेक्टिव' भी प्राप्त हुआ है। इसमें एक बड़ी कमी मुझे इसलिए महसूस हो रही है संस्कृत लिट्रेचर के हमारे आचार्यों ने बहुत पहले साहित्य कृतियों की साहित्यिक और लिंगविस्टिक समीक्षा की जो बेहतरीन पद्धति विकसित की थी उसे ग्लोबल एंड इंटरनेशनल फ्रेम में अभी तक फिट नहीं किया गया है। कुछ मामलों में अध्येताओं के बीच 'दिस्कोर्ड' हो सकता है लेकिन आगे जाकर आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) के नए टूल्स शोध-समीक्षा हेतु विकसित कर लिए जाएं तो आश्चर्य नहीं। शोध के लिए चुने जाने वाले अधिकतर विषय चूंकि यूनिवर्सल अपील के होते हैं इसलिए इन्हें बरते जाने के समय भाषांतर और लिंग्विस्टिक्स का ध्यान नहीं रखा जाएगा तो तत्व-समीक्षा नहीं हो पाएगी। अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि अमेरिकन और ब्रिटिश अध्येताओं की नज़र से लोकवार्ता की समीक्षा के लिए नए नैरेटिव का जिस तरह से सृजन हुआ, इसमें उन द्वारा प्रयुक्त मुहावरा और सिंटेक्स की संरचना ने ऐसे फ्लेवर्स की उत्पत्ति को संभव बनाया जो अज्ञात थे। इस काम के लिए भविष्य में एआई टूल्स को अधिक कारगर तरीके से विकसित किए जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि इस पूत के पांव कैसे पसरेंगे इसका अनुमान मैंने अभी कुछ महीना से अनुभव करना शुरू किया है। फोकलोर का कंटेंट हालांकि नहीं बदलता लेकिन प्रत्येक नए समीक्षात्मक अंदाज़ से निर्मित किए गए एक 'मिरर इमेज' को 'रेडिकली डिजाईन्ड' फ्रेम्स में फिट किए जाने से दृष्टिकोण जरूर बदलता है। इसकी जरूरत भी है। को-पायलट और चैट-जीपीटी को पहले मैं बकवास समझता था। यह आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस टूल है और इस द्वारा सूचना का न केवल कलेक्शन करने और इसे इच्छित भाषा में बदलने की न केवल 'ऑटो-कैपबिलिटी' है बल्कि इन्टरनेट पर सर्च के बाद नमूदार हुए टेक्स्ट में से अगर बिना पढ़े कुछ पूछना-ढूंढना है तब इसे भी यह 'सेलेक्टिव' आधार पर ढूंढकर ठीक सूचना देने में सक्षम है।

दुनिया में कहीं भी स्थापित चुनींदा 'सर्वर्स' में सूचना आधार की विशालता और वर्ल्ड-वाइड इन्टरनेट- हाइवेज पर लोकवार्ता के संग्रहों तक हमारी एक्सेस बनाकर प्रकाश की गति से काम करते हुए संदेशों का ट्रांसपोर्टेशन ही पर्याप्त नहीं है बल्कि को-पायलट और चैट-जीपीटी की क्षमता का आकलन भी अपरिहार्य बनता नज़र आता है। ऐसे में जर्मन चिन्तक वाल्ते बेंजामिन की सन 1935 में प्रकाशित हुई किताब के छहों अध्यायों के सभी 46 निबंधों में से विशेष तौर से 'द वर्क ऑफ़ आर्ट इन द एज ऑफ़ इट्स टेक्निकल रिप्रोड्यूसिबिलिटी' निबंध और 'स्क्रिप्ट, इमेज और 'स्क्रिप्ट-इमेज' अध्याय के निबंधों का मुझे स्मरण हो रहा है जिसमें पिछले लिट्रेचर को नए युग के अनुसार ढालने की प्रक्रिया की शुरुआत होने और इसे एक फैक्ट्रीनुमा प्रोडक्शन हाउस में तब्दील कर देने की इच्छा पर चर्चा की गई है। मैन्युअल मॉड से शिफ्ट होकर एआई मॉड में आंशिक तौर से प्रवेश करने में भी मुझे ख़तरा नज़र आता है। लगता है इंटरप्रिटेशन ऑफ़ डेटा एंड स्टेटिस्टिकल वेलिडेशन हेतु मशीन इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होने जैसा नया काम वास्तव में अधिक सृजनात्मक छवि पेश करने में मानवीय क्षमता का मुकाबला नहीं कर पाएगा और एक तरह की साहित्यिक अशांति को भी जन्म दे सकता है। विद्वानों का कहना है कि मनुष्य की कुदरती, विश्लेषणात्मक प्रतिभा का व्यक्तिगत दखल बनाए रखना जरूरी होगा। मानवीय प्रतिभा के इस्तेमाल की अनिवार्यता को नतीजे के अंतिम दौर में पहुंचने से पहले ही जागृत करना जरूरी होगा। सभ्यताओं के ही नहीं बल्कि मानव समुदायों के अस्तित्व को बचाए रखने की यह अंतिम शर्त होगी। विदेशी शोधकर्ता और इंडोलॉजिस्ट्स की रुचि इंडियन फोकलोर स्टडीज में बढ़ी है। विद्वज्जन विशिष्ट मनोभाव के कारण साहित्यिक विधा में मूल्यांकन कर पाते हैं। लिट्रेचर में 'इनटेंजीबल फैक्टर्स' जैसे कि भावप्र धानता और अलंकार, की मौजूदगी को आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सूंघ कर अगर एनालिसिस के लिए पकड़ न पाए तो भी एआई एक आधारभूमि तैयार करती है, बशर्ते विद्वज्जन इसमें से पक्षपात के तत्वों की पहचान करने और इन्हें निष्प्रभावी करने में सक्षम हैं।

## प्रसंगवश

# धर्म और तिकड़म का समन्वय



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

देश को तो एक मुश्त ही आगे बढ़ना होगा, कुछ लोगों की आर्थिक प्रगति से काम नहीं चलेगा। हम खुश हो लेते हैं कि हम चौथी आर्थिक ताकत बन गए या तीसरी बन गए,पर सत्यता यह है कि इसमें आपकी जनसंख्या का भी कमाल है। इतनी बड़ी जनसंख्या वाले देश को तो कुछ देशों के मुकाबले कुल जीडीपी के लिहाज से उनसे आगे निकलना ही है,पर असली परीक्षा पर व्यक्ति जीडीपी की है। उसके लिए बहुत प्रयास की जरूरत है। इंग्लैंड,जर्मनी और जापान पर व्यक्ति जीडीपी में वे हमसे कई गुना आगे हैं,वे पूर्ण विकसित हैं। आज हमें अपने देश में साफ-साफ दिखायी देता है कि तमाम भारतीय एक तरफ अध्यात्म की बात करते हैं, पूजा स्थल खूब जाते है,पर वहीं निम्न भौतिक स्वार्थों में आकंठ डूबे है? देश में धर्म और तिकड़म का अद्भुत समन्वय दिखता है। उदाहरण के लिए आइए देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की बात करें।

देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में कभी कपड़ों और दवाओं के उत्पादन में,उनके निर्यात में हम काफी आगे थे,पर कपड़ों में ज्यादातर आर्डर अब बांग्लादेश को मिल रहे हैं। बीच में मैं उज्बेकिस्तान गया था,पता चला हमारे यहां निर्मित दवाओं को खाकर वहां कुछ बच्चे मर गए। भारत की तमाम विख्यात दवा कंपनियों की दवाइयों मानक पर खरी नहीं उतर रही हैं। पिछले दिनों विदेश से आई मेरी बेटी को एंटीबायोटिक की जरूरत पड़ी,एक अच्छी कंपनी की दवा ली,कोई सुधार नहीं हुआ,फिर केमिस्ट ने कहा कि आप मेरे कहने से वही दवा एक साधारण कंपनी की ले जाइए,बेटी तत्काल उससे ठीक हो गई। मतलब हम दवाओं के उत्पादन में अपनी भौतिक आकांक्षा के कारण लाखों जिंदगियों से खेल रहे हैं। देश के विकास के लिए जरूरी मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर अब नीचे जा रहा है,इनका निर्यात घट रहा है। मतलब साफ है,पहले हम अपना स्वार्थ छोड़े,आर्डर के पूरी सदिच्छा से तैयार कराकर निर्यात करें,क्वालिटी से समझौता न करें वरना हम पिछड़ते ही जाएंगे। हमारे सपने कभी पूरे नहीं होंगे। हमारी अनैतिक आकांक्षाओं का खामियाजा देश को उठाना पड़ रहा है। एक तो लाल फीताशाही के कारण वैसे ही उत्पादन कीमत काफी ज्यादा हो जाती है, ऊपर से हमारी बेईमान सोच।

# जीवन से कटी हमारी शिक्षा



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया।

आजादी के बाद हमारे शासकों ने शिक्षा के स्वरूप को बदलने की दिशा में थोड़ा भी काम नहीं किया। उसी शिक्षा में इन शासकों का भी हित था जिसमें अंग्रेजों का हित था। इसलिए पूरी की पूरी अंग्रेजी शिक्षा आत्मसात कर ली गई और धीरे-धीरे सभी दलों ने अपना गुलाम अंधभक्त तैयार कर लिया।

पढ़े-लिखे लोगों के भीतर चिंतन-शक्ति और रचनात्मकता का ह्रास होता चला गया। अन्य विषयों को छोड़कर यहां मैं हिंदी साहित्य के अध्यापन पर विचार करूंगा। जिस तरह से विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है,उससे बहुत अधिक नुकसान हुआ है। छात्रों की कल्पनाशीलता,संवेदनशीलता और रचनात्मकता पर कुठाराघात हुआ है। किसी भी विषय की पढ़ाई तभी सही मानी जाएगी,जब उस विषय का उद्देश्य पूरा होता हो। साहित्य का उद्देश्य क्या है? कहा जाता है कि साहित्य हमारे भावों का परिष्कार करता है। हमारे सौंदर्य बोध को निखारता है। हमारी कल्पना-शक्ति को जगाता है। हमें संवेदनशील बनाता है। हमारे भीतर छिपी मनुष्यता को उभारता है,इत्यादि। प्रश्न है कि क्या हमारे अध्ययन-अध्यापन से साहित्य का यह उद्देश्य पूरा हुआ? मेरे देखे तो इसका उल्टा ही हुआ।

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया। प्रेम की जगह घृणा ने ले ली। वीरता के स्थान पर कायरता आ गई। सत्य का स्थान झूठ ने ले लिया। लोग अपने छोटे परिवार और अपने में ही सिमटते चले गए। धन, पद और यश की दौड़ में मनुष्यता भूलते चले गए। इन सबके पीछे हमारी पढ़ाई और परीक्षा की पद्धति है। मैं सीधे-सीधे एक सवाल करना चाहता हूं। क्या हिंदुस्तान के किसी भी विश्वविद्यालय में एक भी ऐसा हिंदी विभाग है,जहां छात्रों की सृजनशीलता पर अंक हो? क्या कोई विद्यार्थी उपन्यास, कहानी, कविता, नाटक आदि लिखकर एमए पास कर सकता है? उत्तर है नहीं। आपको दूसरों की रचनाएं पढ़नी होंगी। उन्हीं पर विचार रखने होंगे। क्या यह छात्रों की रचनात्मकता को मारने वाली पद्धति नहीं है?

अगर साहित्य का उद्देश्य भावों का परिष्कार है तो यह देखना चाहिए कि जीवन के व्यवहार में हमारे भाव परिष्कृत हुए या नहीं,लेकिन ऐसा नहीं देखकर हम लिखित परीक्षा लेते हैं कि अमुक कविता के भाव स्पष्ट करें या उसकी समीक्षा करें। दूसरों के भावों की हम समीक्षा करते हैं,लेकिन अपने भावों का पता ही नहीं। जीवन प्रतिदिन कोई नया प्रश्न खड़ा करता है,उससे जूझने और उसका समाधान निकालने का कोई प्रशिक्षण हमारी शिक्षा में नहीं है। हम तो घिसे-पिटे पुराने प्रश्नों पर ही विचार करते रहते हैं। जैसे-तुलसीदास की नारी-भावना पर प्रकाश डालें। हमारे घर,समाज और देश में नारी की क्या स्थिति है और उसे कैसे बेहतर बना सकते हैं, इस पर कोई विचार नहीं।

कबीर दास की विद्रोह-भावना को अपने शब्दों में लिखें,लेकिन हमारी विद्रोह भावना मरती जा रही है,इसकी चिंता शिक्षा को नहीं है। विद्यापति भक्त कवि थे या श्रृंगारिक? विद्यापति चाहे जो हों। सवाल है कि हम क्या हैं? विद्यापति सहज श्रृंगार के अद्वितीय कवि हैं। सवाल तो यह उठना चाहिए था कि करीब आठ सौ वर्ष पहले विद्यापति श्रृंगार को लेकर जितने सहज थे,उतने असहज हम कैसे हो गए? विद्यापति सही थे या हम सही हैं? अगर हम सही हैं तो उसका प्रमाण क्या है? नारियों के साथ छेड़खानी,बलात्कार? मीरा की भक्ति भावना पर प्रकाश डालें। क्या हमारा जन्म इसीलिए हुआ है कि जिंदगी भर दूसरों की भक्ति पर चर्चा करते रहें और अपने भीतर कैसे भक्ति पैदा हो,इसका ख्याल तक न रह जाए?

'उर्वशी' में दिनकर ने पुरूरवा के द्वंद्व का सफल चित्रण किया है,इसे अपने शब्दों में लिखें। हो सकता है,हमारा द्वंद्व कुछ अलग हो। उससे हम कैसे बाहर निकलें,यह सिखाने वाला कोई नहीं। द्वंद्व में रहना दुख है,उससे बाहर निकलने का रास्ता क्या हो सकता है,इससे किसी को मतलब नहीं। इस तरह पूरी की पूरी हमारी शिक्षा ने हमें जीवन से काटकर अपाहिज बना दिया है और हमने दो टकिए की नौकरी पर लाखों के जीवन की बलि चढ़ा दी है। वह सरकारी नौकरी भी मात्र डेढ़-दो प्रतिशत को मिलती है। बाकी अठानवे प्रतिशत किस हाल में हैं,इसकी खबर लेने वाला कोई नहीं।

## सोशल फोरम

# करे कोई और भरे कोई



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

करे कोई और भरे कोई। यह कथन सत्य के कितना निकट है,इसका निर्णय आप पर छोड़ रहा हूं। कल चन्द्रशेखर की दुकान चाय पीने पहुंचा तो उन्होंने एक प्रश्न दाग दिया। उनका स्वाभाविक प्रश्न था कि एक नया साल संवत्सर प्रतिपदा से शुरू हो गया तो एक कल वैशाखी से शुरू हुआ ऐसा क्यों है?

जब तक मैं युधिष्ठिर प्रवृत्त संवत के बीते वर्ष की चर्चा शुरू कर ही रहा था। बीच में एक विद्वान और शिक्षित सज्जन कूद पड़े और बोले कि यह सब पंडितों का किया हुआ है। शुरुआत की लाइन पर आ जाइए कि करे कोई।

हस्तिनापुर के राजा युधिष्ठिर ने,उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने,शालेय धारा के शालिवाहन सम्राट ने, चित्रकूट के शासक विजयाभिनंदन ने,नागार्जुन ने,भृगुकच्छन के राजा बलि ने अपने शासन काल में अलग-अलग पंचांग प्रारंभ करवाए और अलग-अलग दिनों को नया वर्ष का आरंभ मनाया गया। बेचारे पंडित तो निरीह थे आज भी हैं,उनका तो प्रयास यही रहा कि समस्त भारतीय पंचांग का समावेश कर इसे राष्ट्रीय स्वरूप दिया जाए। यहां तक कि इस्लामिक कलेंडर जो मुहर्रम की पहली तारीख से शुरू होता है को (इस बार आठ जुलाई से हिजरी 1446) भी भारतीय पंचांग में स्थान दिया गया है। ग्रेगेरियन कैलेंडर तो है ही,जो पहली जनवरी से शुरू होता है और आज का समाज इसे नया साल मानकर अरबों लीटर शराब पी जाता है। बेचारे पंडितों ने केवल इन पर्वों को पूजा पाठ और सात्विक मार्ग के अनुसरण की याद दिलाने के प्राथमिकता देने का प्रयास किया है।

मेरे एक मित्र सेना के उच्च पद से रिटायर हैं,मेरे गोल्फ कोर्स के गुरु भी हैं। उनके साथ केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की यात्राएं की गई हैं। एक बार चर्चा के दौरान भारत को गुलाम बनवाने में अपने ही लोगों के लोगों की भूमिका पर बात शुरू हो पड़ी। स्वाभाविक था कि जयचंद, मानसिंह जैसे अनेक क्षत्रिय राजाओं के पारस्परिक विद्वेष और अच्छी कन्याओं के वरण के लिए भयानक खून-खराबा से लेकर विदेशी आक्रमणकारी को बुलाने के इतिहास का जिक्र हो गया। मैंने उनसे पूछा कि क्या इस प्रकार का कोई कृत्य किसी गरीब ब्राह्मण के नाम दर्ज है? वह तो अपने पांडित्य का मुखड़ा लगाकर भिक्षावृत्ति ही करता रहा।

-फेसबुक वॉल से

# बंगाली समाज के सकारात्मक पहलू



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भावुकता उनकी कमजोरी नहीं,शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है,लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

स्वामी विवेकानंद वस्तुतः बंगाली जाति के निर्माताओं में एक हैं,उनकी बेहतरीन उक्ति है- 'दरिद्र,पददलित तथा अज्ञ लोग तुम्हारे ईश्वर बनें।' गरीबों के पक्ष में इतनी बड़ी बात पहली कभी इतनी दृढ़ता के साथ कही नहीं गई। बंगाली जाति का आधुनिककाल में सबसे बड़ा योगदान यह है कि उसने धर्म और ईश्वर को मानवीय बनाया। पहले धर्म और ईश्वर वायवीय थे। दरिद्रों से प्रेम करना सिखाया। अभिजन की भाषा और जनभाषा में भेद खत्म करके अभिजन की भाषा को जन-जन की भाषा बनाया। व्यक्तित्व विकास को सामाजिक विकास का मूलाधार बनाया। बंगाली जाति पहली जाति है जिसने हिंदू धर्म को अस्पृश्यता की दलदल से बाहर निकाला।

बंगाली जाति के भाषा प्रेम और संस्कृति बोध का एक रोचक अनुभव बताता हूं। मैं एक बार मिनीबस से कहीं जा रहा था। मिनीबस में काफी भीड़ थी। अचानक देखा दो व्यक्ति आपस में गरमागरम बहस कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं,प्रतिवाद कर रहे हैं। मैंने पता किया माजरा क्या है,पता चला,एक सज्जन ने अपने पास बैठे सज्जन को किसी पर पर "बोका" कहा, वे कुछ न बोले, बाद में इडियट कहा तो वे सज्जन भड़क गए और बोले इडियट केनो बोले छो,उस व्यक्ति ने कहा मैंने पहले "बोका" कहा तब आपको गुस्सा क्यों नहीं आया,उसे तो चुपचाप सहन कर गए अब इडियट कहने पर भड़क क्यों रहे हो? सारी मिनीबस इस उत्तेजना को देखकर हंस रही थी और मजा ले रही थी। मुझे बंगालियों को देखकर मन में ईर्ष्या होती है 'स्व' की इतनी गहरी अनुभूति,मान-अपमान का इतना गंभीरबोध,भाषा के प्रयोग को लेकर सटीकपन। काश,मैं बंगाली होता। बंगाली जाति के दस गुण-बंगाली जाति के कई बेहतरीन गुण हैं जिनके कारण यह जाति मुझे बहुत प्रिय है। पहला गुण है,उत्सवधर्मिता और आनंद भाव। ये लोग उत्सव के दिन उत्सव भाव में रहते हैं। हर परिवार में विशिष्ट खाना बनेगा। आज आप कहीं भी जाइए पहला वैशाख की मीठी-मीठी गंध पाएंगे। नए कपड़े और स्वादिष्ट भोजन। क्या कहने हैं,सारा राज्य छुट्टी के मूड में। बंगाली जाति का दूसरा बड़ा गुण है सामूहिकता। उत्सव का दिन और सामूहिक खान-पान। कई दिन हैं जिनमें यह जाति सामूहिक भोज करती है। जैसे पहला वैशाख पर जगह-जगह विभिन्न कॉलोनी में रहने वाले मिलकर एक साथ खाते पीते हैं,नाचते-गाते हैं। लोकल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का मौका भी मिलता है। बंगाली जाति का तीसरा गुण है-यह कभी बीच का रास्ता नहीं पकड़ता। जिस राह जाते हैं,उस पर दौड़ ही लगाते हैं,जिस भाव का अवलंबन करते हैं,उसका चरम दृष्टांत ही पेश करते हैं। बंगाली जाति का चौथा गुण है-गंभीर बात को गंभीर भाव से न सुनना। गंभीर बात को हंसकर उड़ा देना। बंगाली जाति का पांचवां गुण है-प्राइवेसी या निजता का सम्मान करना। बंगाली लोग एक-दूसरे की निजता को मानते हैं और सम्मान करते हैं। छठा गुण है वर्जनाओं से मुक्ति। आमतौर पर पश्चिम बंगाल में पुरानी वर्जनाओं का नामोनिशां नहीं मिलेगा। जाति-धर्म आदि की वर्जनाओं से यह जाति पूरी तरह मुक्त है। इसके कारण शरीर को भी इस जाति ने वर्जनाओं से मुक्त किया है। भारत में संपूर्ण राज्य को वर्जनाओं से मुक्त देखना हो तो बंगाल आएं और कुछ दिन गुजारें।

बंगाली जाति का सातवां गुण है मुक्त हृदय। वे मुक्तभाव से एप्रिसिएट करते हैं। वे एप्रिसिएशन कला में पारंगत हैं। मिलें और सुख लें। बंगाली जाति का आठवां गुण है कि उन्होंने गरीबी को देश का प्रधान एजेंडा बनाया। गरीबी को अपराध, नैतिकता,भाग्य,पूर्वजन्म आदि से मुक्त किया। बंगाली जाति का नौवां गुण है मित्रभाव। परिचय होते ही बातें करेंगे,मित्र हो जाएंगे। बातचीत होते ही मित्रता मान लेंगे। फिर दूसरे ही क्षण घर आने के लिए कहेंगे और फिर दिल खोलकर अपने हृदय की सारी बातें रख देंगे। बंगाली जाति का दसवां गुण है भावुकता। भावुकता उनकी कमजोरी नहीं,शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है,लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

# देश को एक सूत्र में पिरोती रेल



रेल दिवस



डॉ.विकास खुराना
शाहजहांपुर

विश्व इतिहास का सतत सर्वेक्षण बताता है कि रेल के आगमन ने इसके हर आयाम चाहे वह सामाजिक हो अथवा आर्थिक अथवा सांस्कृतिक सबको प्रभावित किया। भारत के संदर्भ में तो रेल राष्ट्र का आधार है जैसा कि पर्सिवल स्पीयर लिखते हैं कि "रेल भारत में वो कार्य करेगी,जो अकबर की उदारता और टीपू की तलवार न कर सकी। यह भारत को एक सूत्र में पिरो देगी"। यह कथन अक्षरशः सत्य भी हुआ। इसने विभिन्न प्रांतों,बोलियों के लोगों को एक सूत्र में पिरो दिया। भारत में पहली रेल 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से ठाणे स्टेशन के मध्य चली,तब इसे इक्कीस तोपों की सलामी तथा हजारों लोगों की करतल ध्वनि के मध्य चलाया गया। इसे खींचने वाले इंजन सुल्तान,सिंध तथा साहिब थे। रुहेलखंड रीजन में रेल के विस्तार की बात करें तो यह अनेक कंपनियों द्वारा पूरा किया गया। क्षेत्र की मुख्य लाइन जो बनारस-लखनऊ से गाजियाबाद तथा आगे दिल्ली तक जाती थी। अवध रुहेलखंड रेल द्वारा बिछाई गई। तब यह बरेली नहीं आती थी। इसका मार्ग चंदौसी होकर था। वर्ष 1888 में इसका एक एक्सटेंशन बरेली तक खोला गया तथा चंदौसी लाइन, तब चंदौसी कार्ड के रूप में जानी गई। बाद में बरेली से होकर निकलने वाली लाइन कम दूरी के कारण मुख्य लाइन हो गई। बरेली से रामपुर होते हुए मुरादाबाद लाइन वर्ष 1894 को खुली तथा वर्ष 1898 में दिल्ली इस लाइन से सीधा जुड़ गया। रेल का दूसरा विस्तार कुमायूं रुहेलखंड रेल का था। यह कंपनी 1882 में शुरू हुई। सर अलेक्जेंडर आईजेड इसके मुख्य अभियंता थे जिनकी महारथ रेल के पुल बनाने में थी। यह रेल की मीटर गेज प्रणाली थी तथा इसके अधीन रेल विस्तार 957 मील था। प्रमुख लाइंस में भोजीपुरा-काठगोदाम, लालकुआं-काशीपुर, शाहजहांपुर-पीलीभीत, पीलीभीत-सीतापुर क्रमशः 1906,1907,1916,1906 एवं 1916 को खुल गई। बरेली से पीलीभीत होते हुए गोला स्टेट रेल का विस्तार नेपाल की सीमा के साथ-साथ बिहार तथा आगे बंगाल तक किया गया। इसकी एक शाखा अप्रैल 1895 में दुधवा तक खोली गई। रेल ने पूरे रुहेलखंड रीजन में व्यापक प्रभाव छोड़े। इसके आने से पहले जहां मात्र नदियां ही आवागमन का साधन थीं,रेल ने क्षेत्र के व्यवसाय और संस्कृति को उच्च शिखर तक पहुंचा दिया। जनपद शाहजहांपुर में भी रेल का विस्तार अत्यंत लाभकारी रहा जिसके कारण केरू जैसी विख्यात कंपनियां यहां लगीं जिसमें बनी रम,क्रिस्टल चीनी का निर्यात ब्रिटेन तक किया जाता था। आजकल जहां रेल के आमान (गेज) परिवर्तन का कार्य जारी है तथा परंपरागत सिग्नल्स तथा स्टेशन की घंटियों का प्रतिस्थापन किया जा रहा है। अनेक विदेशी यात्रियों जिनमें इयान मैनिंग प्रमुख है कि यात्रा वृत्तांत बीते दिनों की याद दिलवाते हैं।

# हैट्रिक मारेगी भाजपा या बैंड बजा देंगे निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी

छात्र राजनीति से आए भाटी की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ कर रही बहुत कुछ इशारा

बाड़मेर जैसलमेर क्षेत्र

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** बाड़मेर के रण में इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प है। हैट्रिक लगाने की तैयारी में जुटी भाजपा की राह में रोड़ा बन गए हैं, निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी। कभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मजबूत कार्यकर्ता रहे भाटी के बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंकने से मुकाबला काफी रोचक हो गया है। भाटी और भाजपा की लड़ाई में कांग्रेस खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है, उसके रणनीतिकारों को लगता है कि 2014 में मिले हार के जख्म को इस बार वह आसानी से भर लेगी। हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा यह कह पाना तो किसी जानकार के लिए भी बहुत आसान नहीं है, लेकिन जिस तरह भाटी के साथ मतदाताओं का हुजूम उमड़ रहा है, उसने बड़े- बड़ों के माथे पर बल जरूर ला दिया है। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र में जनसभा कर माहौल भाजपा के पक्ष में करने की कोशिश की है पर इसमें उन्हें कितनी कामयाबी मिली यह परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा।

## भाजपा के लिए नाक का सवाल बनी बाड़मेर सीट

- राजस्थान की सत्ता पर हाल ही में काबिज हुई भाजपा के लिए बाड़मेर–जैसलमेर लोकसभा सीट नाक का सवाल बन गई है। इसी जिले की शेओ विधानसभा सीट से रवींद्र सिंह भाटी निर्दलीय विधायक हैं। उन्होंने यहां से भाजपा के उम्मीदवार को हरा दिया था। भाटी की चुनौती से निपटने के लिए भाजपा ने प्रधानमंत्री की रैली कराने के साथ ही जल्द ही अन्य बड़े नेताओं की सभा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इन परिस्थितियों में कांग्रेस के नेता इस रोचक होते जा रहे मुकाबले में मैदान मारने की जुगत लगा रहे हैं।
- भाटी को उम्मीद थी कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक बनने के बाद भाजपा उन्हें लोकसभा का टिकट दे देगी पर पार्टी ने यहां से केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी को पुन: मैदान में उतार दिया है तो कांग्रेस ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से आए उम्मेदा राम बेनीवाल को अपना चेहरा बनाया है। भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भाटी को मनाने की काफी कोशिश की पर वे सफल नहीं हुए। भाजपा के वोट बैंक में सेंधमारी कर भाटी लगातार मजबूत हो रहे हैं, पार्टी इसी बात से चिंतित है।




### कांग्रेस नेता सचिन पायलट से लोग कर रहे तुलना

राजपूत समुदाय से आने वाले 26 वर्षीय भाटी छात्र राजनीति से निकले हैं। उनकी चुनावी रैलियों में खासकर बाड़मेर क्षेत्र में भारी भीड़ जुटती है और उनका हौसला बढ़ाती है। युवाओ, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच उनकी बढ़ती लोकप्रियता का जिक्र करते हुए लोग उनकी तुलना सचिन पायलट से करते नजर आते हैं। उधर, रविंदर भाटी का कहना है कि " मुझे भरोसा है, सभी पिता समान लोग, मातृ शक्ति और युवा साथी और 36 समुदायों के लोग जो आ रहे हैं, उनके समर्थन से रविंदर आगे आएगा और एक नेता की तरह नहीं, बल्कि एक बेटे की तरह क्षेत्र के लिए काम करेगा।"

### मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से भाजपा को मिली राहत

भाजपा के दिग्गज नेता रहे पूर्व विदेश मंत्री स्व .जसवंत सिंह के पुत्र मानवेंद्र सिंह की भाजपा में वापसी हो गई है। मानवेंद्र सिंह भाजपा नेतृत्व से नाराज होकर अक्टूबर 2018 में कांग्रेस में चले गए थे। उनकी वापसी से भाजपा को राहत मिली है क्योंकि रवींद्र सिंह भाटी के निर्दलीय मैदान में आने से भाजपा को यहां नुकसान होता दिख रहा था। पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से पार्टी को बड़ी राहत मिली है। पिता जसवंत सिंह को लोकसभा टिकट न मिलने के बाद मानवेंद्र सिंह ने भाजपा को अलविदा कहा था।

### 6.5 लाख ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में



बाड़मेर–जैसलमेर लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार कैलाश चौधरी जाट समुदाय से हैं तो रवींद्र सिंह भाटी राजपूत हैं। कांग्रेस उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल भी जाट हैं। यहां अगर जातिगत आधार पर मतदाताओं की स्थिति देखें तो ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। यहां पर सबसे ज्यादा 4 .5 लाख जाट मतदाता हैं तो राजपूतों की संख्या भी करीब सवा तीन लाख है। मुस्लिम मतदाता 2 .7 लाख और ओबीसी मतदाताओं की संख्या 6 .5 लाख है। एससी– एसटी मतदाताओं की बात करें तो उनकी संख्या चार लाख के आसपास है।

---

**तालों के लिए मशहूर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कारण देश-दुनिया में जाना जाता है। मुस्लिम बहुल अलीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। इस बार उसकी नजर जीत की हैट्रिक पर है, लेकिन पार्टी के मौजूदा ब्राह्मण सांसद के सामने बसपा के भी ब्राह्मण चेहरा उतारने और सपा-कांग्रेस गठबंधन से जाट प्रत्याशी होने से लड़ाई दो ब्राह्मण और एक जाट प्रत्याशी के बीच सिमटकर रोचक हो गई है। ऐसे में सपा कभी लहर तो कभी ध्रुवीकरण की चाबी से यहां खुलने वाला जीत का ताला खोलने की कोशिश में जुटी है।**

# अलीगढ़ का ताला खोलने का तिलिस्म तलाश रही सपा

- भाजपा की जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए बसपा ने भी ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारा
- समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस छोड़कर आए जाट बिरादरी के पूर्व सांसद पर खेला दांव

**1991**

1996, 1998 और 1999 में भाजपा की शीला गौतम ने लगाया था जीत का चौका

## मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र लेकिन बीते 67 साल से कोई मुस्लिम प्रत्याशी यहां नहीं जीता इस बार के चुनाव में किसी भी प्रमुख दल ने मुस्लिम चेहरे को मैदान में नहीं उतारा






**02**

ब्राह्मण प्रत्याशियों की जंग में जाट उम्मीदवार दिखा पाएगा कमाल, बड़ा सवाल

मनोज त्रिपाठी


**अमृत विचार:** 1952 और 1957 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां बड़ी जीत दर्ज की थी। लेकिन इसके बाद हर चुनाव में इस लोकसभा सीट पर गैर कांग्रेसी दलों का ही परचम लहराता रहा। 1967 और 1971 में भारतीय क्रांति दल तो 1977 और 1980 में जनता दल ने चुनावी जीत हासिल की। हालांकि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां वापसी की। लेकिन 1989 के चुनाव में जनता दल के सत्यपाल मलिक ने कांग्रेस को हरा दिया। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन आगे बढ़ा तो अलीगढ़ की राजनीति भारतीय जनता पार्टी की तरफ मुड़ गई। वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा की शीला गौतम ने लगातार जीत दर्ज करके यहां कमल खिलाए रखा। 2004 के चुनाव में कांग्रेस को आखिरी बार अलीगढ़ सीट से जीत मिली थी। 2009 के चुनाव में बसपा की राजकुमारी चौहान को जीत मिली। लेकिन 2014 की मोदी लहर में जीतने वाली भाजपा ने अपनी जीत की लय को 2019 में बरकरार रखा है।

**2019 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | सतीश कुमार गौतम | 6,56,215 | 56.80 |
| बसपा | डॉ. अजीत बलियान | 4,26,954 | 37.10 |
| कांग्रेस | विजेंद्र सिंह | 50,880 | 04.50 |

**2022 विधान सभा चुनाव में प्रमुख दलों का मत प्रतिशत**

| भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| 51.65% | 23.90% | 15.10% | 1.95% |




### बसपा के खाते में एक जीत पर सपा पहली जीत को तरस रही

अलीगढ़ लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी अभी तक पहली चुनावी जीत के लिए तरस रही है। इस सीट से लगातार प्रत्याशी उतारने के बावजूद वह आज तक अलीगढ़ की राजनीति का बंद ताला नहीं खोल पाई है। बहुजन समाज पार्टी को भी इस सीट पर केवल एक बार 2009 में ही जीत नसीब हुई है।

### विकास और ट्रैफिक जाम स्थानीय मुद्दे

### 1957 के बाद कोई मुस्लिम प्रत्याशी इस मुस्लिम बाहुल्य सीट से नहीं जीत पाया

- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद अलीगढ़ लोकसभा सीट से 1957 के बाद किसी मुस्लिम उम्मीदवार को जीत नहीं मिल सकी है। 1957 में अलीगढ़ से मुस्लिम सांसद बनने वाले जमाल ख्वाजा एकमात्र नेता थे। इस बार के लोकसभा चुनाव में तो किसी भी प्रमुख दल ने किसी मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। यहां तक कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा लगाकर चुनावी सफलता की उम्मीद लगाने वाली समाजवादी पार्टी ने भी यहां अल्पसंख्यक प्रत्याशी नहीं दिया है। भाजपा और बसपा के साथ उसने भी हिंदू चेहरे पर ही दांव लगाया है।

**लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने जमाया था कब्जा :** अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तहत कुल पांच विधानसभा सीटें खैर, बरौली, अतरौली, कोल और अलीगढ़ आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांच सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

**कल्याण सिंह के बिना पहला चुनाव बन सकते नए राजनीतिक समीकरण :** अलीगढ़ की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' का प्रभाव गहरे तक है। उनके बिना यह पहला लोकसभा चुनाव है। भाजपा उनके प्रभाव से खुद को मजबूत मान रही है। लेकिन विरोधी दल कल्याण सिंह के नहीं होने पर नए समीकरण गढ़कर लोकसभा सीट पर खासतौर पर लोध मतदाताओं के बीच तस्वीर बदलना चाहते हैं।

**20 लाख**

मतदाताओं में मुस्लिम, जाट, जाटव, ठाकुर व ब्राह्मण मत सर्वाधिक

अलीगढ़ में मतदाताओं की संख्या करीब 20 लाख है। जातीय समीकरणों के लिहाज से यहां 3 .50 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। करीब 2 .5 लाख जाट मतदाता, 2 लाख जाटव, 2 लाख के आसपास ठाकुर मतदाता, 1 .5 लाख ब्राह्मण और एक–एक लाख की संख्या में बघेल, वैश्य, लोध, यादव मतदाता हैं।

## प्रत्याशियों का प्रोफाइल

### चौधरी विजेंद्र सिंह : समाजवादी पार्टी प्रत्याशी

विजेंद्र सिंह कांग्रेस से एक बार सांसद और तीन बार विधायक रह चुके हैं। जाट नेता विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2020 में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। तभी से वह लोकसभा चुनाव का टिकट पाने की कोशिश में लगे थे। चौधरी विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2004 में कांग्रेस के टिकट पर अलीगढ़ से लोकसभा चुनाव जीता था। लेकिन इसके बाद वह लोकसभा के लगातार तीन 2009, 2014 और 2019 में चुनाव हार चुके हैं। 2014 व 2019 के चुनाव में उनकी जमानत भी नहीं बची थी। माना जा रहा है कि विजेंद्र सिंह के जरिए सपा ने जाट लैंड पर निशाना साधा है।

### सतीश गौतम : सांसद भाजपा के प्रत्याशी

अलीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद सतीश गौतम लगातार दो चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि उनका कई विवादों से नाता रहा है। इसके चलते भाजपा से टिकट की दौड़ में पूर्व सांसद शीला गौतम की पुत्र वधू नमिता गौतम, पूर्व उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, विधायक जयवीर सिंह और अनिल पाराशर शामिल थे। लेकिन गौतम ने सभी को पछाड़ कर हाईकमान का भरोसा जीतने में सफलता पाई। इससे पहले सतीश गौतम का नाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में प्रमुखता से लिया जा रहा था।

### हितेंद्र उपाध्याय बंटी : बसपा से प्रत्याशी

बहुजन समाज पार्टी ने अलीगढ़ से पहले एआईएमआईएम के नेता गुफरान नूर का टिकट घोषित किया था। लेकिन उन्हें हार्ट अटैक आने और अस्पताल में भर्ती होने के बाद पार्टी ने टिकट काटकर भाजपा में सक्रिय रहे हितेंद्र उपाध्याय बंटी को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी का यह फैसला चौंकाने वाला माना जा रहा है। रीयल स्टेट कारोबारी बंटी लंबे समय से ब्राह्मण समाज की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में भी अलीगढ़ से भाजपा से टिकट की दावेदारी की थी।

### तीनों प्रत्याशियों को साधना पड़ रहा संगठन और जातीय आधार

पहले बसपा ने अलीगढ़ लोकसभा सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारा था। लेकिन बाद में उसका टिकट काटकर रीयल एस्टेट के कारोबारी और भाजपा से आए ब्राह्मण चेहरे हितेंद्र उपाध्याय पर दांव लगा दिया। इससे अलीगढ़ में इस बार चुनाव के सियासी समीकरण बदल गए हैं। बदली परिस्थितयों में जानकार भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सतीश गौतम की राह आसान नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि टिकट की जंग में तो गौतम जीत गए हैं, मगर असली चुनौती अब सभी को साथ लेकर चुनाव लड़ने की है, तभी उन्हें बड़ी जीत मिल पाएगी। हालांकि कुछ ऐसा ही हाल समाजवादी पार्टी के भीतर भी है। कांग्रेस से आए चौ. बिजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाने का फैसला कुछ सपा नेता पचा नहीं पा रहे हैं। उधर, बसपा के पास अपना कैडर वोट है। लेकिन नामांकन से पहले आए ब्राह्मण प्रत्याशी को दलित मतदाताओं के सामने अपनी पहचान बनाने और ब्राह्मण समाज के वोट बांटने का हुनर दिखाना है।

**चप्पल मिला चुनाव निशान :** अलीगढ़ में एक निर्दलीय प्रत्याशी पंडित केशव देव लोगों के कौतुहल का विषय बने हैं। वह चप्पलों की माला पहनकर सुबह चुनाव प्रचार के लिए निकल पड़ते हैं। इसकी वजय यह है कि उन्हें चुनाव आयोग से चप्पल चुनाव चिह्न आवंटित हुआ है।

---

# अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा 26 के बाद

नई दिल्ली,ब्यूरो

- वायनाड में 26 को मतदान, इससे पहले राहुल गांधी को प्रत्याशी घोषित करने पर दक्षिण भारत में जा सकता है गलत संदेश

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में कुछ सीटों को लेकर कांग्रेस एवं भाजपा काफी असमंजस में हैं। रायबरेली व अमेठी संसदीय क्षेत्र से किसे मैदान में उतारा जाए, इस सवाल का जवाब खोजना कांग्रेस के लिए काफी भारी पड़ रहा है। कांग्रेस हाईकमान ने 26 अप्रैल के बाद दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने के संकेत दिए हैं। करनैल गंज सीट पर भाजपा की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है।

2019 के चुनाव में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गए थे। अब कांग्रेस इसे भाजपा का दुर्ग समझ कर देख रही है, जबकि स्थानीय जनता का दबाव है कि रायबरेली एवं अमेठी सीट से गांधी परिवार के ही किसी सदस्य को मैदान में उतारा जाए क्योंकि दोनों सीटों पर लंबे समय तक कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। हालांकि इस बार अमेठी और रायबरेली की सभी विधानसभा सीटों में एक भी कांग्रेस के पास नहीं है।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र से राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी संभावित प्रत्याशियों में चल रहा है। इंडिया गठबंधन के नेताओं का तर्क है कि यदि गांधी परिवार से इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार आएंगे तो पूरे प्रदेश में संदेश जाएगा, अन्यथा कांग्रेस के परंपरागत मतदाता हताश हो सकते हैं। इन स्थितियों को देखते हुए कांग्रेस ने अब दोनों सीटों पर 26 अप्रैल के बाद उम्मीदवार घोषित करने की डेडलाइन तय कर दी है। दरअसल, 26 अप्रैल को वायनाड संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। यदि 26 से पहले राहुल को उत्तर प्रदेश से भी चुनाव लड़ने की बात तय की जाएगी तो इसका विपरीत असर न सिर्फ केरल बल्कि पूरे दक्षिण भारत में पार्टी की संभावनाओं पर पड़ सकता है।

उधर, भाजपा करनैलगंज सीट पर फंसी है। यहां से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का महिला खिलाड़ियों ने काफी विरोध किया था। लेकिन एक जातीय संगठन भाजपा हाईकमान पर दबाव बना रहा है कि बृजभूषण या उनके परिवार को ही टिकट दिया जाए।

## रोज 100 करोड़ की नकदी व शराब की जा रही बरामद

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** चुनाव संहिता लागू होने के बाद रोज औसतन 100 करोड़ से ज्यादा की नकदी व शराब बरामद की जा रही हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय पर्यवेक्षकों की सतर्कता से अब तक 4658 करोड़ से ज्यादा की नकदी और शराब पकड़ी जा चुकी है। इनमें वे राज्य भी शामिल हैं, जहां पूर्ण शराबबंदी है। इस बरामदगी ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। गुजरात, बिहार, मिजोरम एवं नागालैंड जहां शराब प्रतिबंधित है, वहां भी शराब पकड़ी गई है। हालांकि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में कम शराब बरामद हुई है। सर्वाधिक शराब कर्नाटक में एक करोड़ 30 लाख लीटर बरामद हुई है। इसके बाद राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल, मध्य प्रदेश, असम का नंबर है। इस बार आयोग ने राज्य सरकार एवं नागरिकों की मदद से ऐसी तकनीक विकसित की है जिसके तहत काला धन के साथ-साथ शराब, ड्रग्स एवं लुभावने उपहार बरामद हो रहे हैं।

## दिग्विजय, कमलनाथ क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे

भोपाल

- भाजपा की कड़ी चुनौती के सामने दिग्गज कांग्रेसियों को बहाना पड़ रहा अपनी सीटों पर पसीना

**अमृत विचार :** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए अपने वरिष्ठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, छिंदवाड़ा में कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ और रतलाम से कांतिलाल भूरिया हैं। लेकिन भाजपा की चुनौती से निपटने में हालत यह है कि तीनों नेता अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा है। वह 33 साल बाद राजगढ़ से चुनाव लड़ रहे हैं। पूरे क्षेत्र में उन्होंने पदयात्रा की है। लेकिन राजगढ़ से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। राजगढ़ से भाजपा ने मौजूदा सांसद रोडमल सिंह नागर को टिकट दिया है। इसी तरह कमल नाथ छिंदवाड़ा में उलझे हैं। कांग्रेस ने उनके पुत्र नकुल नाथ को दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। कमल नाथ बेटे के चुनाव प्रचार की कमान संभाले हैं और क्षेत्र से बाहर ही नहीं निकले हैं। छिंदवाड़ा सीट पर पिछले 45 साल से कमलनाथ का कब्जा है। प्रदेश में यही एकमात्र सीट है जो भाजपा नहीं जीत पा रही है। इस बार भाजपा ने यहां से बंटी साहू को टिकट दिया है। चुनाव से पहले ही कई दिग्गज कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं, जो कमलनाथ की परेशानी और बढ़ा रहे हैं।

कुछ ऐसी ही स्थिति कांतिलाल भूरिया की है। वह भी रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट पर उलझे हैं। भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद गुमान सिंह डामोर का टिकट काटकर प्रदेश में कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता चौहान को टिकट दिया है, जो भूरिया को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही हैं।



**हम हाथ के साथ** कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी वायनाड लोकसभा सीट से दूसरी बार मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के लिए वह नीलगिरी कॉलेज पहुंचे तो छात्राओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया।

# वो भी क्या दिन थे जब फुटपाथ पर तैयार हो जाते थे नेताजी

## 30 साल पहले लकड़ी के खोखो में बिकती भी जनप्रतिनिधियों की ड्रेस

### फाइव स्टार संस्कृति ने बढ़ा दिया नेताजी की वर्दी का खर्च

नीरज मिश्र,लखनऊ



**अमृत विचारः** अभी ज्यादा वक्त नहीं बीता, करीब तीन दशक पहले की ही बात है जब 'दारुलशफा' में नेताजी बाकायदा 'तैयार' किए जाते थे। उन्हें टीप टॉप नेता बनाने के लिए 50 से अधिक दुकानें विधायक निवास के विभिन्न ब्लॉक में बने 'गैराज' और 'सड़कों' पर मौजूद थीं। नेताजी इन्हीं 'टेलरिंग शॉप' में अपनी 'वर्दी'' सिलवाते थे। वहीं कपड़ा लिया टेलर मास्टर को नाप दिया और पैदल ही चल पड़े जनता के बीच। एक बार तन पर खादी पहनी तो रात तक शरीर से उतरने का नाम नहीं लेती थी। अब न टेलर के पास काम है और न ही छोटी-छोटी गुमटियों से कपड़ा खरीदने का चलन। अब नेता जी हाईटेक हो चुके हैं ब्रांडेड कपड़ों की पसंद अब वे खोखे पर नही सीधे शोरूम में जाकर करते हैं। केवल ब्रांडेड पैंट-शर्ट नहीं कोटी भी साथ में पसंद करते हैं। जाहिर सी बात है कि इसके साथ मैंचिग पटका भी चाहिए।

बीते कुछ वर्षों में राजनीति का मिजाज पूरी तरह से बदल चुका है। पैठ बना चुकी 'फाइव स्टार संस्कृति' ने राजनीति में एक बड़ा बदलाव ला दिया है। अब जनप्रतिनिधियों का एक-दो जोड़ी ड्रेस से काम नहीं चलता है। रोज कम से कम चार बार सूट बदलते हैं। जनता से मिलने के लिए अलग और जनसभाओं एवं रोड शो के लिए अलग। पहले खादी थी। इनका स्थान अब महंगे और कीमती 'लेनिन' और ब्रांडेड वस्त्रों ने ले लिया है। एक बार की 'कड़क वर्दी' नेताजी की जेब से करीब पांच हजार रुपया तो आसानी से निकलवा ही लेती है। नेताओं के बदलते परिवेश और ड्रेस कोड पर एक रिपोर्ट।

| लेनिन कपड़ा | रुपये प्रति पीस |
|---|---|
| शर्ट | 1,800 से 2,100 रुपये |
| पैंट | 1,500 से 1,800 |
| कोटी | 1,200 से 1,500 |

| सेमी लेनिन कपड़ा | रुपये प्रति पीस |
|---|---|
| शर्ट | 1,000 -1,500 |
| पैंट | 600 - 800 |
| कोटी | 1,000 -1,200 |

| सिलाई | रुपये प्रति पीस |
|---|---|
| शर्ट | 400- 450 |
| पैंट | 600-700 |
| कोटी | 800 -1,000 |

### गिने-चुने लोग ही आते हैं नाप देने, 'टेलर मास्टर' का सम्मान अब गुजरे जमाने की बात

दशकों से दारुलशफा गैराज में दुकान चला रहे टेलर मो. शकील बताते हैं कि एक दौर था जब जनप्रतिनिधि आते और कपड़ा देखते। नाप देते और चलते बनते। तीन-चार दिन बाद पूरी ड्रेस तैयार कर उनके कमरे में भिजवा दी गई या फिर वे खुद आए और पहनकर चले गए। दूसरी और तीसरी जोड़ी एक अखबार में लपेट कर उन्हें थमा दी। न केवल वह उनके साथ कई बार पार्टी कार्यकर्ता भी अपनी नाप देकर कपड़ा सिलवा लेते थे।' 'मास्टर'' कह कर हमें सम्मान भी दिया जाता था।अब वह दिन नहीं रहे, फैशन और कीमती कपड़ों और डिजाइनों का दौर है। बस गिने-चुने लोग ही कपड़ा सिलवाने आते हैं। इन्हीं के सहारे धंधा चल रहा है। अली मोहम्मद कहते हैं कि अब उतनी आमदनी नहीं है। बस कुछ लोगों के सहारे ही धंधा किसी तरह आगे बढ़ रहा है।

### कड़क वर्दी तैयार करने पर रोज 150 रुपया खर्च

जब लेनिन के कड़क सूट और इसमें कलफ लगी पैंट, शर्ट, कॉटन कोटी और पटका। इसे घर में धोया जाना आसान काम नहीं। लांड्री धुलाई कल्चर पर रोज एक सूट पर करीब 150 रुपया व्यय होता है। यानी चार से पांच सूट अगर धुलने गए 600 से 750 रुपया रोज का औसतन खर्च। अगर 24 से 48 घंटे में धुलाई चाहिए तो यह व्यय बढ़कर दोगुना हो जाता है।

### 20 से 30 फीसद महंगी हुई नेताजी की लेनिन ड्रेस

**लेनिन का एक सूट कपड़ा लेकर सिलवाया तो 5,000 रुपये खर्च :** उप्र.कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी और लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कपड़ा व्यवसायी प्रभू जालान बताते हैं कि लोक सभा चुनाव की घोषणा के साथ ही लेनिन वस्त्रों की मांग तेज हो गई है। एक तो बढ़ती गर्मी और दूसरे नेताओं का पसंदीदा रंग सफेद कपड़ा काफी महंगा हो गया है। पहले लेनिन कपड़ों पर तेजी 20 फीसद के आसपास रही जो अब बढ़कर 25 से 30 प्रतिशत तक हो गई है। रेडीमेड और ब्रांडेड का भाव अलग है। ब्रांडेड लेनिन कपड़ों का शूट हजारों का बैठता है। पटका तक डिजाइनर चाहिए। सत्ता पक्ष से जुडे़ हैं तो सफेद के अलावा गुलाबी और नारंगी रंग पसंदीदा। सफेद रंग सभी दल के लोग पहनते हैं।



कुर्ता पैजामा सिलवाने आये युवक की नाप लेते शकील।



दारुलशफा में नेताओं के कपड़े सिलते अली मोहम्मद।

## अपनी ढपली अपना राग



लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा। - योगी आदित्यनाथ



जिन्होंने अपने वादे पिछले दस वर्षों के राज में पूरे नहीं किए, वो भला भविष्य की गारंटी देने की बात कैसे कह सकते हैं। यह केवल धोखा है। - अखिलेश यादव



कांग्रेस की तरह वर्तमान सरकार भी जातिवादी हैं। पूरे देश में गरीबों, दलितों और मुस्लिमों का शोषण हो रहा है। - मायावती



पश्चिम उप्र. को अलग राज्य बनाने की बात अच्छी पर, उन्हें मौका नहीं मिलेगा। जनता ने मोदी को फिर से पीएम बनाने का मन बना लिया। - डॉ. संजीव बालियान, केंद्रीय मंत्री



पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपनी औकात में रहें। भाजपा के लिए काम करना बंद कर दें। -रुचि वीरा (मुरादाबाद से इंडी उम्मीदवार)



देश में बदलाव का माहौल है। चाहे वह राजनीति में रहें या न रहें, पर देश और देश के लोगों के लिए मेहनत करते रहेंगे। - रॉबर्ट वाड्रा

## सपा और राजद का चुनावी घोषणा पत्र कंगाल बैंक के चेक जैसाः नन्दी



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा और राजद के चुनावी घोषणा पत्र, किसी कंगाल बैंक के चेक सरीखे हैं। बिना बुनियाद की इमारत बनाने के दावे और हवा-हवाई खोखले वादे किये गये हैं। दोनो पार्टियां जनता को मूर्ख समझने की भारी भूल कर रहे हैं। यह बात सोमवार को औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने अमेठी संसदीय क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन अवसर पर कही।अमेठी संसदीय क्षेत्र के तिलोई, जगदीशपुर, गौरीगंज, अमेठी और सलोन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा चुनाव कार्यालयों में उन्होंने कहा कि इनके घोषणा पत्र में मतदाताओं को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस, सपा और आरजेडी जैसी पार्टियों ने साझा घोषणा पत्र न जारी करके अपनी ढपली अपना राग अलापना यह साबित किया है।

नन्दी ने कहा कि इंडी गठबंधन की न तो नीति तय है और न ही नेता। एक अनार सौ बीमार वाली हालत है। ऐसे में इन दलों का अपना-अपना घोषणा पत्र कोढ़ में खाज की तरह है! उन्होंने सपा के घोषणा पत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इनके घोषणा पत्र में, जैसे बैल यह दावा करे कि वह दूध देगा और मुर्गा यह वादा करे की वह अण्डा देगा ।गौरीगंज में नन्दी ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल दलों में बिखराव साफ नजर आ रहा है। विपक्षी गठबंधन अपना एक साझा घोषणा पत्र तक नहीं जारी कर पाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और इसकी बदौलत भाजपा उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के साथ-साथ 400 पार के लक्ष्य को भी हासिल करने में सफल होगी।

# सोशल इंजीनियरिंग में फंसी बीजेपी

## बसपा ने उदय राज वर्मा और सपा ने राम भुआल निषाद को मैदान में उतारा

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लगातार तीसरी बार सुलतानपुर लोकसभा सीट जितने का मंसूबा पाले बैठी बीजेपी को बीएसपी ने बड़ा झटका दिया है। सोशल इंजीनियरिंग को साध कर बीएसपी ने कुर्मी वोट बैंक में सेंधमारी का प्रयास किया है। बीएसपी ने सुलतानपुर से युवा नेता व जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। आम तौर पर पिछले चुनाव में कुर्मी वोट बैंक बीजेपी के लिए जिताऊ साबित हुआ था। वहीं, निषाद वोट भी बीजेपी से खिसकता दिख रहा है। क्योंकि, सपा ने पहले घोषित भीम निषाद को वापस बुलाकर यहां अपने कद्दावर नेता राम भुआल निषाद को प्रत्याशी बनाकर बीजेपी को उसी की मांद में घेरने की कोशिश की है।

भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर में फिर से मेनका गांधी को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा हैं। 2014 में यहां पर वरुण गांधी ने कमल खिलाया था तो 2019 में उनकी मां मेनका संजय गांधी ने इस सीट को भाजपा के पाले में डाल दिया था। लंबी जद्दोजहद के बाद भाजपा ने मेनका गांधी को यहां दोबारा मौका दिया है। वह चुनाव मैदान में मजबूती से उतर पड़ी हैं।

सबसे मजबूत माने जाने वाले भाजपा व उसके संगठनों ने चुनावी तैयारियों में ताकत झोंक दी है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए घर-घर पहुंच रहे हैं और अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दिए हैं। सुलतानपुर में छठवें चरण में 25 मई को होने वाले चुनाव में अभी काफी समय है। जैसे जैसे चुनाव तिथि नजदीक आएगा वैसे वैसे सुलतानपुर की चुनावी सरगर्मी अपने उफान पर होगी।

**पांच विस में चार पर भाजपा, एक पर सपा का कब्जाः** सुलतानपुर जिले की कुल पांच विधानसभा सीटों में वर्तमान में चार पर भाजपा और एक पर सपा का कब्जा है। सुलतानपुर सीट से भाजपा के विनोद सिंह, लंभुआ सीट से भाजपा के सीताराम वर्मा, जयसिंहपुर सदर सीट से भाजपा के राज बाबू उपाध्याय, कादीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा के राजेश गौतम और इसौली सीट से सपा के मोहम्मद ताहिर खान विधायक हैं।

**चुनेंगे अपना सांसदः** जिले की पांचों विधानसभाओं में मिलाकर कुल 18,34,355 मतदाता है। इनमें 9,54,358 पुरुष तो 8,79,932 महिला वोटर शामिल हैं। 65 ट्रांसजेंडर मतदाता है। इनमें युवा मतदाता ही निर्णायक होंगे। 18 से 19 साल के 22,819 तो 20 से 39 साल के 8,28,479 वोटर्स है। इस वर्ग के ज्यादातर मतदाता बूथ तक पहुंचते है और निर्णायक बनते हैं।

### ऐसा था परिणाम

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी चार लाख 58 हजार 281 मत पाकर विजयी हुई थीं। सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ने वाले चंद्रभद्र सिंह सोनू को चार लाख 44 हजार 422 वोट मिले थे, जबकि पूर्व मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी अमीता सिंह को महज 41 हजार 588 मतों से संतोष करना पड़ा था। इस बार अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि हाईकमान जिसे भी टिकट देगा, उसी के लिए पूरे तन-मन से लगेंगे।



**बसपाः** सुलतानपुर सीट पर दो बार सांसद दे चुकी बहुजन समाज पार्टी ने इस बार भी सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को दोहराया है। आंबेडकर जयंती के अवसर पर यहां पहुंचे बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने उदराज वर्मा को प्रत्याशी घोषित कर दिया। साफ-सुथरी छवि, युवा चेहरा और जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा बसपा के मूल वोट के साथ कुर्मी बिरादरी को अपने पाले में लाने के लिए पूरा दम लगा देंगे। जबकि, भाजपा के जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा व लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा है। इस लिहाज से यहां का कुर्मी वोटर भाजपा का वोट बैंक माना जाता रहा है। यदि उदराज अपनी बिरादरी का वोट बसपा के पाले में लाने में कामयाब होते हैं तो भाजपा को नुकसान होना तय है।


**सपाः** अमेठी से सटी सुलतानपुर सीट कांग्रेस के लिए खास मानी जाती रही है। फिर भी यह सीट इस बार इंडी गठबंधन में समाजवादी पार्टी के खाते में चली गई है। अब तक सुलतानपुर में साइकिल जीत का स्वाद नहीं चख सकी है। कई बार नजदीकी मुकाबला होने के बाद भी सपा यहां पर जीत नहीं हासिल कर सकी। बीते दिनों सपा ने अंबेडकरनगर के मूल निवासी भीम निषाद को उम्मीदवार बनाकर भेजा था। जब से भीम यहां प्रत्याशी बने थे सपा संगठन दो धड़ों में बंट गया था। दबाव इस कदर पड़ा कि सपा शीर्ष शीर्ष नेतृत्व ने यहां का प्रत्याशी रविवार की शाम बदल दिया। सपा मुखिया ने भीम निषाद को वापस बुलाकर अब गोरखपुर के मूल निवासी राम भुआल निषाद को यहां का प्रत्याशी बना दिया है। राम भुआल का निषाद समाज में अच्छी पकड़ मानी जाती है। वह गोरखपुर में सीएम योगी के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके हैं। जिले का निषाद समुदाय का वोट पिछले चुनाव में काफी हद तक भाजपा का रहा था। ऐसी स्थिति में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि निषादों का कितना वोट सपा प्रत्याशी अपने पाले में ला पाएगा।

### लोकसभा सीट का इतिहास

सुलतानपुर लोकसभा सीट के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 में एम.ए. काजमी उर्फ काजिम अली एडवोकेट पहली बार कांग्रेस सांसद चुने गए। 1957 में गोविंद मालवीय, इनकी मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार बाबू गनपत सहाय सांसद बने थे। वर्ष 1962 में कांग्रेस से उनके पुत्र कुंवर कृष्ण वर्मा सांसद बने। 1967 में बाबू गनपत सहाय ने जीत हासिल की थी। उनकी मृत्यु के पश्चात हुए 1969 में हुए उपचुनाव में चौधरी चरण सिंह की बीकेडी से पं. श्रीपति मिश्र सांसद बने, उन्होंने महज 249 वोटों से कांग्रेस के डा. कैलाश नाथ सिंह को हराया था। यह सुलतानपुर सीट के इतिहास का सबसे नजदीकी मुकाबला रहा है। 1970 में कांग्रेस से केदारनाथ सिंह, 1977 से जनता पार्टी के जुल्फिकार उल्ला, 1980 में कांग्रेस के गिरिराज सिंह, 1984 में कांग्रेस से राजकरन नाथ सिंह, 1989 में जनता दल से राम सिंह, 1991 में बीजेपी का खाता इस सीट पर खुला और अयोध्या के महंत विश्वनाथ दास शास्त्री सांसद बने। 1996 व 1998 में बीजेपी के डीबी राय, 1999 बसपा के जयभद्र सिंह, 2004 में बसपा के मो. ताहिर खान, 2009 में कांग्रेस से डा. संजय सिंह यहां के सांसद बने। 2014 में भाजपा के वरुण गांधी और 2019 में भाजपा से वरुण गांधी की मां मेनका संजय गांधी सांसद चुनी गई।


# आईना : सुलतानपुर लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| मेनका संजय गांधी | 4,58,281 |
| चन्द्र भद्र सिंह | 4,44,422 |
| अमिता सिंह | 4,1,588 |

### 2014 में किसको कितने वोट





| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | वरुण गांधी | 4,10,348 |
| बसपा | पवन पांडेय | 2,31,446 |
| सपा | शकील अहमद | 2,28,144 |
| कांग्रेस | अमिता सिंह | 41,983 |

2019 नोटा 9,771

2014 नोटा 5,412

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | डॉ. संजय सिंह | 3,00,411 |
| बसपा | मोहम्मद ताहिर | 2,01,632 |
| सपा | अशोक पांडेय | 1,07,895 |
| बीजेपी | सूर्यभान सिंह | 44,425 |





### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | एम.ए. काजमी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | गोविंद मालवीय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1961 | गनपत सहाय | निर्दलीय |
| 1962 | कुँवर कृष्ण वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | गणपत सहाय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | केदार नाथ सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | जुल्फिकारुल्ला | जनता पार्टी |
| 1980 | गिरिराज सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राज करण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | राम सिंह | जनता दल |
| 1991 | विश्वनाथ दास शास्त्री | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996व 98 | देवेन्द्र बहादुर राय | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | जय भद्र सिंह | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | ताहिर खान | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | संजय सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | वरुण गांधी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | मेनका गांधी | भारतीय जनता पार्टी |

कुल मतदाता- 18,34,355

पुरुष मतदाता- 9,54,358

महिला मतदाता- 8,79,932



# निर्दल प्रत्याशियों पर नोटा पड़ रहा भारी

## 2014 में लोकसभा चुनाव में पहली बार नोटा को किया गया था लागू

## लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनावों में भी दिख रहा असर

## इस लोकसभा चुनाव में भी हो सकता है इजाफा


अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव 2014 में देश में पहली बार नोटा को लागू किया गया था, इसके बाद से चुनाव में वोटिंग के ट्रेंड में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, इसके तहत यदि मतदाता को चुनाव में खड़ा कोई भी प्रत्याशी योग्य नहीं समझ में आता है तो वह नोटा बटन दबाकर अपना मत दे सकता है। ऐसे में बात यदि बीते दो चुनाव में नोटा के ट्रेंड की कर लें तो, यूपी की सियासत में नोटा बढ़ता हुआ दिखाई दिया है, देवीपाटन मंडल में भी इसका व्यापक असर है जहां 2014 व 2019 लोकसभा चुनाव में सभी निर्दल उम्मीदवारों से अधिक नोटा पर मतदान हुआ।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में गोंडा, कैसरगंज, बहराइच व श्रावस्ती सीटों के लिए हुए चुनाव में 47926 नोटा के वोटों की गिनती हुई थी। वहीं 2019 में 51883 लोगों ने नोटा के बटन दबाए थे। यानि 2014 के मुकाबले 2019 में नोटा की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में माना जाए तो नोटा की संख्या में इस बार भी इजाफा हो सकता है। हालांकि चुनाव के बाद ही पता चलेगा।



### 2019 के चुनाव में नोटा के आंकड़े




### 2014 में नोटा की स्थिति

| | |
|---|---|
| श्रावस्ती | - 14,587 |
| बहराइच | - 13,498 |
| कैसरगंज | - 11,853 |
| गोंडा | - 7,988 |

### सभी निर्दल उम्मीदवारों को नोटा से कम मिले वोट

लोकसभा चुनाव 2014 में गोंडा लोकसभा में 14 उम्मीदवार थे। इसमें आठ उम्मीदवारों को नोटा से कम मत प्राप्त हुए थे। 2019 में 15 उम्मीदवार मैदान में थे जिनमें 12 उम्मीदवारों को नोटा से कम मत प्राप्त हुए थे। इसी तरह कैसरगंज सीट से 2014 में 14 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें 10 उम्मीदवारों को नोटा से कम वोट मिले थे। 2019 में 12 उम्मीदवारों में 9 प्रत्याशियों को नोटा का आधा वोट भी नहीं मिला था। यही हाल बहराइच व श्रावस्ती में था। श्रावस्ती में 2019 में 17 हजार से अधिक नोटा का प्रयोग किया गया था।

### 2013 में ईवीएम में मिला स्थान

पीपुल्स यूनियन आफ सिविल लिबर्टीज( पीयूसीएल) संगठन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। इसमें सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को नागरिकों के अधिकार का हवाला देते हुए यह आदेश पारित किया था कि चुनाव के दौरान यह आप्शन रखा जाए जिसमें किसी प्रत्याशी के पसंद न आने पर लोगों को विकल्प मिल सके। 2013 में सरकार ने ईवीएम में सबसे नीचे एक लाल रंग की बटन की व्यवस्था की जिसका नाम नोटा( नन आफ एवब) यानि इनमें से कोई नहीं का विकल्प दिया गया। इसका असर 2014 के लोकसभा व अन्य विधानसभाओं के चुनाव में खूब दिखा।

## लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से मुकेश सिंह चौहान कांग्रेस प्रत्याशी



अमृत विचार, लखनऊ। विधानसभा की खाली सीटों पर उप चुनाव के तहत कांग्रेस ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से मुकेश सिंह चौहान प्रत्याशी घोषित किया है।

मुकेश सिंह चौहान नगर निगम के पार्षद व प्रदेश कांग्रेस के महासचिव हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अलीमुल्लाह खान ने कहा कि एक लोकप्रिय प्रत्याशी घोषित होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ पूरे विधानसभा में आम लोगों में उत्साह है।

उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। मालूम हो कि भाजपा नेता पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन के निधन के कारण यह सीट खाली हुई थी। भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा की खाली चार सीटों लखनऊ पूर्वी, दुद्धी, ददरौली व गैसड़ी शामिल हैं।

## चुनावी चक्कर

**अखिलेश के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत :**

वाराणसी में एक शख्स ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत की। यहां तक कि अपनी अभद्र भाषा का शिकार वह अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को भी बनाता है। उसने फेसबुक पर लाइव आकर यह हरकत की। घटना का वीडियो वायरल हुआ तो सपा के पदाधिकारियों ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करायी। आरोपी की पहचान दीपक चौहान उर्फ बड़ेलाल चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 504 और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

**हे 'राम' आपने भी बोल दिया? :**

लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाओं का बाजार भी गरम है। कोई संविधान खत्म करने की बात कर रहा तो कोई बदलाव की। अयोध्या से भाजपा सांसद लल्लू सिंह के बाद अब मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का भी संविधान में बदलाव करने का एक वीडियो वायरल हुआ है। अरुण गोविल पत्रकारों से कह रहे हैं, जब संविधान बनाया गया था उस समय परिस्थितियां कुछ और थीं, आज की कुछ और हैं। इसके बाद पत्रकारों ने अरुण गोविल से भाजपा के 400 पार वाले नारे पर सवाल किया। इस पर अरुण गोविल बोले- मुझे ये महसूस होता है क्योंकि मोदी जी ऐसे ही कोई बात नहीं कहते हैं, उसके पीछे कोई न कोई अर्थ जरूरत होता है।

### मोदी, योगी और शाह एनडीए प्रत्याशियों के लिए कर रहे ताबड़तोड़ जनसभाएं, अखिलेश, मायावती ने भी तेज की रैलियां

# पहले चरण के लिए प्रचार को 48 घंटे शेष, आरोप-प्रत्यारोपों का होगा जमीनी घमासान

अजय दयाल, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान है। राज्य की आठ सीट के लिए होने वाले मतदान में अब मात्र तीन दिन शेष हैं। यानि प्रचार के लिए तो अब दो दिन ही मान कर चलिए। ऐसे में इन चंद घंटों में खासकर एनडीए और इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारकों के बीच पश्चिमी उप्र. में आरोप-प्रत्यारोपों का जमीनी घमासान देखने को मिलेगा।

इस बीच, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी और उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी हस्तियां एनडीए प्रत्याशियों के प्रचार में ताबतोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। वहीं, देर से ही सही, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और बसपा नेत्री मायावती व राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी अब जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। सभी दलों का फिलहाल फोकस पश्चिमी यूपी पर है। भाजपा के सहयोगी दल भी प्रदेश के चुनावी रण में पसीना बहाने में पीछे नहीं रहे। हालांकि, राजनीतिक दलों के नेताओं, आम कार्यकर्ताओं से लेकर आम मतदाताओं को अभी भी सबको प्रदेश के दो लड़कों की जोड़ी की संयुक्त रैली, रोड-शो का इंतजार है। बहरहाल, बुधवार को राहुल और अखिलेश की जोड़ी नजर आने वाली है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के मुख्य नेताओं ने आपस में बैठकर पिछले दिनों चुनाव के अगले चरणों की भी रूपरेखा बना ली है। प्रचार के दौरान आप नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी नजर आ सकती है।

दरअसल, दिल्ली का रास्ता तय कराने वाले उत्तर प्रदेश में सात चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को है। पहले चरण में पश्चिमी यूपी की कुल आठ सीटों पर चुनाव होना है। इसमें बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर सीट शामिल हैं। जिसमें से कई सीट पर भाजपा और सपा को अंदरूनी कलह से निपटना होगा।

#### प्रचार को लेकर कुछ और है विपक्ष की राजनीतिक सोच

बहरहाल, चुनाव प्रचार की रेस में एनडीए के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता नि:संदेह देर से शामिल हुए हैं। इसपर भाजपा के स्टार प्रचारकों ने चुटकी भी ली कि, एनडीए की तैयारी देखकर विपक्षी खेमा प्रचार से भी दूर है। वहीं, सूत्र बता रहे हैं कि, उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन में शामिल दल खामोशी से प्रचार की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। बड़ी रैलियों के बजाय लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर है। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना पर काम हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे विपक्ष की रणनीति भाजपा में अतिआत्मविश्वास भरकर अपनी चिन्हित कई सीटों से दूर रखना है।

#### विपक्षी दलों के लिए वित्तीय प्रबंधन भी बड़ी चुनौती

कांग्रेस के एक पुराने नेता का तर्क है कि पिछले कई चुनावों में कांग्रेस ने बड़ी चुनावी रैलियां तो कीं, लेकिन परिणाम लगभग सिफर ही रहा। इस बार कांग्रेस को वित्तीय प्रबंधन की भी चिंता है। वहीं, प्रत्याशी भी खामोशी से चुनाव लड़ना चाहते हैं। यही स्थिति अमूमन अन्य दलों की भी है। क्योंकि क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत बेल्ट हैं, वह नहीं चाहते कि भाजपा की उनमें भी सेंधमारी हो। सूत्रों की मानें तो इंडी गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति यह है कि उनके परंपरागत वोटबैंक में अतिरिक्त मतदाताओं को बिना किसी शोर-शराबे के जोड़ने का प्रयास करते हुए जीतने की जुगत भिड़ाई जाए, बाकी 'अंडर करंट' पर निर्भर रहें।

#### एनडीए को पहले चरण में ही बड़ी चुनौती

लखनऊ : प्रदेश में मिशन 80 लेकर चल रही भाजपा के सामने पहले चरण में ही बड़ी चुनौती है। पहले चरण में रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना लोस. सीट के लिए चुनाव होना है। इन्हीं आठ में से पांच सीटों पर भाजपा 2019 में पराजित हुई थी। हालांकि, पिछले चुनाव में सपा का साथ देने वाला रालोद इस बार राजग के साथी बन चुका है। बहरहाल, ताजा चुनौती कुछ और भी है। कई इलाके में राजपूत समुदाय सत्तारूढ़ दल के खिलाफ महा पंचायतें कर रहा है। इस तरह की महापंचायतें सहारनपुर, मेरठ और गाजियाबाद में हो चुकी हैं। मतदान पर इसका क्या-क्या प्रभाव पड़ेगा यह बड़ा सवाल है?

## फर्रुखाबाद में ट्रेन के शौचालय में की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, एजेंसी :** फर्रुखाबाद रेलवे स्ट्रेशन पर एक पैसेंजर ट्रेन के शौचालय की खिड़की से लटका एक व्यक्ति का शव मिला है जिसके फांसी लगाकर आत्महत्या करने का अनुमान है। पुलिस के अनुसार फर्रुखाबाद जंक्शन पर, पूर्वान्ह करीब 10.25 बजे 01918 पैसेंजर ट्रेन पहुंची। ट्रेन के जनरल कोच संख्या 164057 के शौचालय में पुलिस ने एक 40 वर्षीय यात्री के शव को बरामद किया। शौचालय की बाहरी खुली खिड़की से ,फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले ट्रेन यात्री के फोटो खींचे गए। यात्री की शिनाख्त नहीं हो सकी। जीआरपी पुलिस इंस्पेक्टर भरत सिंह ने बताया कि मृतक अज्ञात रेल यात्री की शिनाख्त के लिए फोटो आदि विभिन्न स्टेशनों को भेजे गए है।

## 11 हजार छात्रों को आरटीई के तहत मिलेंगी निःशुल्क पुस्तकें

**लखनऊ, अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं को आरटीई (शिक्षा के अधिकार) के तहत निशुल्क पुस्तकें दी जाएंगी। समाज कल्याण विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग में इसको लेकर आपसी सहमित बन गई है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 56 यूपी बोर्ड के विद्यालय हैं। यूपी बोर्ड के विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक के लगभग 11 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। आरटीई के तहत इनको पुस्तकें निशुल्क दिए जाने का प्रावधान हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पुस्तकें नहीं दी जा रही थीं। पुस्तकें न मिलने से छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही थी। उन्होंने बताया कि विभाग के अपर राज्य परियोजना निदेशक से इस संबंध में बात की गई और उनको पूरे मामले की जानकारी दी गई। अपर राज्य परियोजना निदेशक ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें देने को कहा है।

# सड़क हादसों में कमी लाएगी चालक के परिवार की फोटो

### परिवहन विभाग की अनूठी पहल, डैशबोर्ड पर होगी तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग एक अनूठी पहल करने जा रहा है। इसके तहत वाहन के डैशबोर्ड पर या चालक के सामने उसके परिवार की तस्वीर ( फैमिली फोटो) लगाई जाएगी। ताकि गाड़ी चलाते समय चालक अपने परिवार के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा रहे। परिवार सामने रहेगा तो वह रैश ड्राइविंग से भी बचेगा और नशे से भी।

बढ़ते सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने यह फैसला किया है। इस तरह का प्रयोग आंध्र प्रदेश में किया गया था। इससे सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी को देखते हुए इस मॉडल को उत्तर प्रदेश में भी लाया जा रहा है। रोडवेज बसें, निजी बसें, मोटर कैब, मैक्सी, टैक्सी कैब सहित सभी वाहनों में लिए यह अनिवार्य किया गया है। इस आशय के आदेश परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्तों, आरटीओ और एआरटीओ को भेज दिए गए हैं। दरअसल, प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बीते 9 अप्रैल को प्रमुख सचिव परिवहन की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें अपर पुलिस महानिदेशक ( सड़क सुरक्षा एवं यातायात ) द्वारा बताया गया कि आंध्र प्रदेश में सार्वजनिक वाहनों में चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति भावनात्मक रूप से संवदेनशील बनाया जाए। इसके लिए चालक के परिवार की तस्वीर उसकी सीट के ठीक सामने लगाए जाने की व्यवस्था शुरू हुई। इसके बाद आंध्र प्रदेश में वाहन चालकों ने अतिरिक्त सावधानी बरती और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सिंह ने बताया कि इससे चालकों का इमोशनल जुड़ाव होगा। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों के साथ ही सभी सार्वजनिक और व्यवसायिक यात्री वाहनों में चालक के परिवार की तस्वीर उसकी सीट के सामने लगेगी। इससे वाहन चालक और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएगा।

#### वर्ष 2023 में मौत का आंकड़ा बढ़ा

अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी के अनुसार वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में हुई सड़क दुर्घटना में 22,595 लोगों की मौत हुई थी। वहीं वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 23,652 पहुंच गया। वर्ष 2023 में वर्ष 2022 की तुलना में 4.7 प्रतिशत अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल से 4 मई के बीच शुरू हो रहे सड़क सुरक्षा पखवारा के दौरान अभियान चला इसे लागू कराया जाएगा।

## फर्जी प्रमाण पत्र मामले में आजम की याचिका पर सुनवाई 22 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा नेता आज़म खान और उनके परिवार को फिलहाल कोई राहत न देते हुए मामले की सुनवाई आगामी 22 अप्रैल को सुनिश्चित कर दी है। जेल में बंद सपा नेता आज़म खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई।उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। सोमवार को हुई सुनवाई में आजम खान के परिवार का पक्ष रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल हाईकोर्ट में प्रस्तुत हुए। उन्होंने अपनी बहस पूरी कर ली है और अगली सुनवाई पर सरकार अपना पक्ष रखेगी। रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने दो जन्मतिथि प्रमाण पत्र मामले में आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे को सात साल की सजा सुनाई थी, जिसे चुनौती देते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की गई है। रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र का मामला दर्ज कराया था।

# कब्र में दफन अतीक, राजनीति में जिंदा

विनय सिंह, लखनऊ



**अमृत विचार :** उप्र. के दुर्दांत अपराधी, पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या एक साल पूर्व 15 अप्रैल को की गई थी। गली-मोहल्लों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अब चर्चा न के बराबर होती है लेकिन वोट की राजनीति ने उसे जिंदा कर रखा है। मौजूदा लोकसभा चुनाव में अतीक की चर्चा कर मतों का ध्रुवीकरण करने में कोशिश में लगे हैं। भाजपा और सपा दोनों ही दलों के लिए अतीक एक मुद्दा बना हुआ है।

अपराधी अतीक के खिलाफ हुई कार्रवाइयों को भाजपा अपनी सफलताओं में गिना रही है, जबकि सपा उसकी हत्या के मुद्दे को उठाकर मुस्लिमों की सहानुभूति को वोटों में बदलने की फिराक में है। मंगलवार को अतीक की पुण्यतिथि थी। जिस कालिंदीपुरम कब्रिस्तान में अतीत दफन है, उसके बाहर सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मियों का पहरा रहा। दरअसल पुलिस को अनुमान था कि भगोड़ा घोषित अतीक की पत्नी शाइस्ता और जैनब कब्रिस्तान पहुंच सकते हैं। हटवा में रह रहे बेटे आबान व एहजम के भी कब्रिस्तान जाने की संभावना थी। भगोड़ा शाइस्ता और जैनब को लेकर भी पुलिस को आशंका थी कि वह कब्रिस्तान पहुंच सकती हैं, लेकिन वह भी नहीं पहुंची ।हालांकि पुण्यतिथि पर किसी भी दल के बड़े नेता ने अतीत की हत्या पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन इस लोकसभा चुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने हिसाब से गुद्दे को भुना रहे हैं।

#### अतीक के दोनों बेटों की हिस्ट्रीशीट खुली

अतीक अहमद के दोनों बेटों उमर और अली की प्रयागराज के खुल्दाबाद थाने में मंगलवार को हिस्ट्रीशीट खोल दी गई। उमर का हस्ट्रीशीट नंबर 57 बी और अली अहमद उर्फ अली अतीक का हिस्ट्रीशीट नंबर 48 बी है। अतीक की हिस्ट्रीशीट का नंबर 39 और अशरफ का 93बी था। अतीक अंतरराज्ययीय गैंग आईएस 227 का सरगना था। खुल्दाबाद थाने में ही अतीक और अशरफ की भी हिस्ट्रीशीट खुली थी। अतीक पर 105 मुकदमे दर्ज थे। उमर पर तीन और अली पर 11 मुकदमे दर्ज हैं।

#### अतीक की 1800 करोड़ की संपत्तियों पर हुई कार्रवाई

उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस ने अतीक अहमद और उसके सिंडीकेट को खत्म करने का अभियान चलाया। अतीक, अशरफ, उसके परिवार और आईएस-227 गैंग के सदस्यों की करीब 1800 करोड़ की नामी-बेनामी संपत्तियां कुर्क की गई।

## विवाहिता ने दुधमुंही के साथ खुद को आग लगाई, दोनों की मौत

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- घरेलू विवाद के बाद उठाया आत्मघाती कदम

**अमृत विचार :** गौरा गांव के पास पहाड़ी डेरा निवासी एक विवाहिता ने गृह कलह के चलते अपनी 6 माह की पुत्री के साथ आग लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना मुस्करा के गौरा गांव के पास पहाड़ी डेरा निवासी उत्तम सिंह की पत्नी किरन (22) ने सोमवार को सुबह करीब आठ बजे किसी बात से कहासुनी होने पर बच्ची आराध्या (6 माह) को गोद में लेकर आग लगा ली। जानकारी होते ही परिजन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां मौजूद चिकित्सक डॉ मनोलिका ने प्राथमिक इलाज के बाद 80 प्रतिशत जले होने के कारण उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। उरई मेडिकल कॉलेज में ही दोनों का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना की सूचना पर मृतका की मां सुखवाती निवासी गोरहारी थाना चरखारी जनपद महोबा भी परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गई। मां सुखवाती ने बताया कि मायके से अभी दो दिन पहले ही आई थी। कहा कि सोमवार को ही नातिन आराध्या का मुंडन संस्कार बेघांय बल्लांय की देवी मंदिर में करने जाना था, लेकिन विधाता को कुछ और ही मंजूर था। उत्तम की शादी चार वर्ष पूर्व जिला महोबा गौहरारी गांव निवासी भगवान सिंह राजपूत की पुत्री किरन के साथ हुई थी। इस मामले में सीओ राठ दिलीप कुमार ने बताया कि परिवारिक विवाद में महिला ने बच्ची के साथ आग लगा ली थी जिसकी इलाज के दौरान उरई मेडिकल में उनकी मौत हो गई। फिलहाल अभी तक पुलिस को कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## नाबालिग से अश्लील हरकत के आरोपी को 5 साल की सजा

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी गणेश को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल ने पाँच वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी गुडम्बा थाने के पंचायत पुरवा का रहने वाला है। विशेष अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट 2 फरवरी 2016 को नाबालिग पीड़िता के पिता द्वारा गुडम्बा थाने पर दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में कहा कि उसकी आठ वर्ष की बेटी को अभियुक्त दस रुपए का लालच देकर बहलाफुसला कर एकांत स्थान पर ले गया तथा उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। कहा कि इस दौरान अभियुक्त की मंशा को भाँपकर पीड़िता शोर मचाने लगी, जिससे अभियुक्त वहाँ से भाग गया।

## मुद्रक-प्रकाशक का नाम व पता चुनाव प्रचार सामग्री पर अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किया निर्देश

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम व पता अनिवार्य कर दिया है। विज्ञापन करने वाली एजेंसियों को जवाबदेह बनाने के तहत यह कार्रवाई की गई है। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को इसे सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देश के तहत सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता का अनिवार्य रूप से उल्लेख करना होगा। यह कदम चुनाव प्रक्रिया में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पैम्फलेट, पोस्टर या बैनर के मुद्रण में मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते के बिना मुद्रित नहीं किया जा सकता।

आयोग ने यह निर्देश उन शिकायतों के बाद जारी किया, जिसमें दावा किया गया था कि नगर निकाय के नियंत्रण वाले होर्डिंग लगाने के स्थानों पर बिना प्रकाशक और मुद्रक की पहचान वाले होर्डिंग लगे हुए हैं। इस निर्देश के साथ आयोग ने अब 'आउटडोर मीडिया' पर प्रकाशित राजनीतिक विज्ञापनों के लिए स्थान किराए पर देने वाले सभी स्थानीय प्रशासन व नगरीय निकायों के लाइसेंसधारियों-ठेकेदारों की जवाबदेही तय कर दी है। सभी नगरीय निकायों व स्थानीय प्रशासन जो कि होर्डिंग्स, पोस्टर, बैनर लगवाने के लिए जिम्मेदार हैं को आयोग के निर्देशों का पालन करना होगा।

## वर्ग पहेली-41

**बाएं से दाएं**

1.1. उत्सव या समारोह के लिए निकलने वाली यात्रा, जनयात्रा, (रैली) 2. लोगों का वह विशाल समूह जो विरोध या उल्लास प्रदर्शित करने के लिए निकलता हो 3. किसी अवसर पर धूमधाम की सवारी 4. किसी मंत्री या राजनेता की शोभायात्रा या नगर-भ्रमण।

3.1. पीड़ा न देना, उत्पीड़ित न करना 2. दया, अनुकंपा।

4. कर्मचारी को किसी अतिरिक्त कार्य के लिए वेतन के अलावा दी जाने वाली रकम

5.1. गाय 2. बैल 2. वृष राशि 3. गाय की शक्ल का शराब का प्याला।

6.1. अच्छा व्यवहार या चालचलन, सादगीपूर्ण बरताव 2. सात्विक व्यवहार, सदाचार 3. उत्तम व्यवहार, सद्व्यवहार।


**ऊपर से नीचे**

1. छालों से संबंधित

2.1. धातु के बरतनों के टकराने से होने वाला शब्द 2. बच्चे के रुक-रुक कर रोने का शब्द 3. बच्चे का मचलना।

3.1. किसी कार्य की विशेष विधि समझाना, शिक्षा 2. निर्देश, हिदायत 3. संकेत।

4.1. केवल आभास के रूप में होने वाला मिथ्या ज्ञान 2. प्रतीति 3. चमक 4. झलक 5. दिखाई देना।



### वर्ग पहेली -40 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 रु | णि | त | ■ | ■ | 2 अ | ■ |
| ख़ | ■ | ■ | 3 सं | ■ | भि | ■ |
| 4 स | खा | ■ | चा | ■ | भा | ■ |
| त | ■ | 5 प | रि | जी | वि | त |
| ■ | 6 गि | रि | का | ■ | त | ■ |
| ■ | ■ | क | ■ | ■ | ■ | 7 बा |
| ■ | 8 धी | र | शां | त | ■ | पू |

## सुडोकू -120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | 8 | | 3 | | | | 5 | 7 |
| | | 9 | | 7 | | 6 | | |
| 6 | | | | 1 | 5 | | 7 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 9 | | 2 | 3 | | | | 4 |
| | | 7 | | | | 8 | | 3 |
| 3 | 6 | | | | 8 | | 2 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |


### सुडोकू -119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 5 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 13.23 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 17 अप्रैल 05.16 तक तत्पश्चात अश्लेशा।


मेष
आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। मित्रों की छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। आप अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।


वृष
आज दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।


मिथुन
आज मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में मन लगाएं। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।


कर्क
आज आपको फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहना चाहिए। उच्च स्तरीय शोध कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात पर झगड़ा हो सकता है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है।


सिंह
आज समाज में अपयश जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।


कन्या
आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। आप शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।


तुला
आज आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे, नए और उत्तम विकल्प मिल सकते हैं।


वृश्चिक
आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में लापरवाही न करें। आपको परिजनों को लेकर काफी चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सुझाव लेकर काम करना हितकारी होगा।


धनु
आज जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। किसी को कर्ज या उधार बिल्कुल भी न दें। जीवनसाथी आपसे कुछ शिकायत कर सकता है। बीमा संबंधित कारोबार से लाभ मिलेगा।


मकर
आज परिवार का खर्च बढ़ सकता है। घर की मरम्मत आदि की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है। आपके सभी काम शांतिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।


कुंभ
आज भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। आपके टीमवर्क की प्रशंसा होगी। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।


मीन
आज अत्यधिक आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए। आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वी
सुबह : 08.35
राम बलराम
दोपहर : 01.05

SONY MAX
थानेदार
सुबह : 11.00
चेक
शाम : 06.00

SONY PIX
ग्रैन टूरिस्मो
सुबह : 11.00
वंडर वुमन
रात : 08.29

ZEE CINEMA
हमेशा
सुबह : 10.20
ऐतराज
रात : 07.20

colors CINEPLEX
दुनिया
सुबह : 11.18
बद्रीनाथ की दुल्हनियां
रात : 08.55

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो,जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,399.78 | 22,272.50 |
| गिरावट | 845.12 | 246.90 |
| प्रतिशत में | 1.14 | 1.10 |

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव : दाल चना** : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 अरहर : 118 से 125रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये ।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी : शिवालिक**– 995, फ्लैग–1110, बोल्ड– 1160, डीएमओ– 880

**रामपुर : शिवालिक**–1000, फ्लैग–1110, डीएमओ–890, बोल्ड–1170

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74450 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55450–55650 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,850 |
| सोना रवा | 74,700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,100 |
| चांदी (999) | 83,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 823 (अनुमानित ) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 74,650 |
| चांदी आभूषण | 83,000 |

## 15 अक्टूबर तक पूरी क्षमता से काम करें कोयला आधारित संयंत्र

**नई दिल्ली।** बिजली मंत्रालय ने देश में बढ़ती मांग के बीच बिजली की कमी से बचने के लिए आयातित कोयले का उपयोग करने वाले सभी ताप विद्युत संयंत्रों को 15 अक्टूबर त्यानी अगले साढ़े तीन महीने तक पूरी क्षमता पर काम करने को कहा है। मंत्रालय ने इस साल गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) में 260 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया है।

सितंबर, 2023 में अधिकतम बिजली की मांग 243 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस साल गर्मियों में देश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान के सामान्य से अधिक रहने का अनुमान लगाया है। बिजली मंत्रालय के 12 अप्रैल के एक नोटिस में 15 आयातित कोयला-आधारित ताप बिजली परियोजनाओं को कहा गया अब आयातित कोयला-आधारित संयंत्रों वाली उत्पादन कंपनियों के लिए धारा-11 निर्देश की समय अवधि को 15 अक्टूबर, 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

# मार्च में 0.53 प्रतिशत पर पहुंची थोक मुद्रास्फीति


## फरवरी में 0.20 प्रतिशत का था आंकड़ा, पिछले वर्ष मार्च में 1.41 प्रतिशत पर थी मुद्रास्फीति

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 0.53 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो फरवरी में 0.20 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के स्तर पर थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मार्च 2024 में 0.53 प्रतिशत (अस्थायी) रही। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 6.88 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.42 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर 19.52 प्रतिशत रही, मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 2.39 प्रतिशत थी। आलू की मुद्रास्फीति मार्च, 2023 में 25.59 प्रतिशत थी जो मार्च, 2024 में 52.96 प्रतिशत हो गई। प्याज की मुद्रास्फीति 56.99 प्रतिशत रही जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 प्रतिशत थी। मार्च, 2024 में खाद्य मुद्रास्फीति भी बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 4.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के वरिष्ठ निदेशक सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से अनाज की मुद्रास्फीति से बढ़ी जो 12 महीने के उच्चतम स्तर नौ प्रतिशत पर रही। आम उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण दालें और सब्जियों की मुद्रास्फीति मार्च, 2024 में क्रमशः 17.2 प्रतिशत और 19.5 प्रतिशत रही।

मुख्य मुद्रास्फीति मार्च में शूल्य से नीचे 1.1 प्रतिशत रही। आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से इस साल मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में मुद्रास्फीति 10.26 प्रतिशत बढ़ गई। मार्च, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, मशीनरी और उपकरण और अन्य विनिर्माण उत्पादों की महंगाई बढ़ने से मुद्रास्फीति की दर शून्य से ऊपर रही। विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में भी 0.85 प्रतिशत की गिरावट आई। इस बीच, मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण इस साल मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85% पर आ गई।




## कोटक महिंद्रा बैंक का सर्वर ठप, ग्राहकों को लेन-देन में दिक्कत

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक के ग्राहकों ने सोमवार को बैंक के सर्वर में समस्या के कारण लेन-देन में दिक्कत आने के बारे में जानकारी दी।

बैंक के ग्राहकों को सुबह यूपीआई भुगतान, पैसे निकालने और ऑनलाइन बैंकिंग जैसे लेनदेन को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने इन मुद्दों को सोशल मीडिया पर उठाया। कोटक महिंद्रा बैंक ने रात 8.45 बजे सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसके ग्राहकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उसकी टीम इस मुद्दे को तेजी से हल करने के लिए काम कर रही है। बैंक ने कहा हमें यह बताते हुए खेद है कि हमारे तकनीकी सर्वर में वर्तमान में कुछ समस्याएं आई हैं। हालांकि, सामान्य रूप से काम करने में लगने वाले समय के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

## वीआई को नौ माह में चुनिंदा इलाकों में 5जी सेवा शुरू करने की उम्मीद

मुंबई, एजेंसी




दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) को छह से नौ माह में चुनिंदा इलाकों में 5जी सेवाएं शुरू करने की उम्मीद है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अक्षय मूंदड़ा ने अपने 18,000 करोड़ रुपये के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) से पहले सोमवार को यह बात कही।

मूंदड़ा ने कहा कि 5जी सेवाओं को शुरू करना जनता से पूंजी जुटाने के उद्देश्यों में से एक है और एक बार कोष आने के बाद इसे शुरू करने का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5जी की शुरुआत से अगले 24-30 महीने में कंपनी के कुल राजस्व में इसकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत होगी। हालांकि, मूंदड़ा ने 5जी सेवाएं कब शुरू की जाएंगी, इसपर कोई विशिष्ट समयसीमा साझा नहीं दी। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत के लिए 5,720 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है और बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है। मूंदड़ा ने इसकी शुरुआत किस स्थान से की जाएगी यह जानकारी भी नहीं दी। गौरतलब है कि इसके दोनों प्रतिद्वंद्वी भारती एयरटेल और रिलायंस जियो कई महीने पहले ही 5जी सेवाएं पेश कर चुकी हैं। दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने 18,000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को मंजूरी दी है। एफपीओ 18 अप्रैल को खुलकर 22 अप्रैल को बंद होगा।

## ओला इलेक्ट्रिक ने स्कूटर की कीमतों में की 10 हजार की कटौती

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को अपने प्रवेश-स्तर के मॉडल एस1 एक्स के सभी संस्करणों की कीमतों में 5,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की कटौती कर दी। कीमतों में इस कटौती के साथ ही ओला का यह इलेक्ट्रिक स्कूटर अब परंपरागत स्कूटर मॉडलों के आसपास पहुंच गया है।

ओला ने एस1 एक्स मॉडल को इस साल फरवरी में 79,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया था। इसके सबसे उन्नत संस्करण की कीमत 1,09,999 रुपये रखी गई थी। ओला इलेक्ट्रिक के मुख्य विपणन अधिकारी अंशुल खंडेलवाल ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि इस प्रवेश-स्तर के स्कूटर की कीमतें तत्काल प्रभाव से कम कर दी गई हैं और अगले सप्ताह से इनकी आपूर्ति भी शुरू हो जाएगी। कटौती की घोषणा के बाद इस मॉडल के शुरुआती संस्करण की कीमत 69,999 रुपये हो गई है जबकि सबसे उन्नत संस्करण की कीमत अब 99,999 रुपये होगी। खंडेलवाल ने कहा हमें लगता है कि भारत को और भी बहुत कुछ चाहिए।

## पैसा वसूलने को रोज वैली ग्रुप की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) रोज वैली ग्रुप द्वारा अवैध योजनाओं के माध्यम से लोगों से जुटाए गए धन की वसूली के लिए समूह की कंपनियों की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा। 20 मई को होने वाली इस नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है।

सेबी ने सोमवार को एक नोटिस में कहा कि जिन संपत्तियों की नीलामी की जाएगी उनमें पश्चिम बंगाल में स्थित फ्लैट और कार्यालय स्थल शामिल हैं। ई-नीलामी 20 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच आयोजित की जाएगी। इन संपत्तियों का कुल आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है। समिति परिसंपत्तियों की बिक्री की निगरानी करेगी और धन का उपयोग निवेशकों को भुगतान करने के लिए किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मई, 2015 में पारित एक आदेश के बाद समिति का गठन किया गया था। नोटिस के अनुसार, बोली लगाने वालों को बोली जमा करने से पहले नीलामी में रखी गई संपत्तियों की देनदारी, कानूनी विवाद, कुर्की और देनदारियों के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए। नियामक ने जून, 2022 में निवेशकों के कुल 5,000 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया की वसूली के लिए रोज वैली होटल्स एंड एंटरटेनमेंट लि. और उसके तत्कालीन निदेशकों के बैंक खातों के साथ-साथ शेयर तथा म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को कुर्क करने का आदेश दिया था।



## एक नजर

### भाजपा नेता की शिकायत पर कमलनाथ के घर आई पुलिस, सहायक से पूछताछ

**छिंदवाड़ा (मप्र)।** मध्य पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू की शिकायत पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के छिंदवाड़ा स्थित घर में उनके एक सहयोगी से पूछताछ की है। कोतवाली थाने के निरीक्षक उमेश गोल्हानी ने बताया कि साहू ने शिकायत की है कि कमलनाथ के सहयोगी आर के मिगलानी ने उनका एक आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित किया था। गोल्हानी ने कहा कि हमने पूछताछ की। जांच जारी है, अधिक जानकारी बाद में मीडिया के साथ साझा की जाएगी। साहू की शिकायत को पूरी तरह से झूठ बताते हुए मिगलानी ने कहा कि मुझसे पुलिस ने पूछताछ नहीं की। मुझे नोटिस दिया गया। मैंने उनसे कहा कि मैं चुनाव के बाद इसका जवाब दूंगा। इस घटना के बाद कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ क्षेत्र में अपना दौरा रद्द कर शिकारपुर स्थित अपने आवास पर वापस आ गए। नकुलनाथ छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद हैं और उन्हें कांग्रेस ने फिर से उम्मीदवार बनाया है। छिंदवाड़ा कमलनाथ का गढ़ है और 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में भाजपा यही एकमात्र सीट जीतने में असफल रही थी। इस बार इस सीट पर 19 अप्रैल को मतदान है।

### पवन पर पार्टी नेता की टिप्पणी के खिलाफ चंडीगढ़ में कई नेताओं ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में महिला कांग्रेस प्रमुख सहित पार्टी के कई नेताओं ने पार्टी की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष एच.एस. लकी द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल के कथित अपमान को लेकर अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वालों को बंसल का करीबी माना जाता है। यह कदम उस दिन उठाया गया जब चंडीगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी ने यहां पार्टी कार्यालय का दौरा किया। तिवारी और बंसल चंडीगढ़ लोकसभा सीट से उम्मीदवारी के दावेदार थे। पार्टी ने हालांकि बंसल की जगह तिवारी को चुना। चंडीगढ़ महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाली दीपा दुबे ने चंडीगढ़ इकाई प्रमुख लकी पर बंसल का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि लकी ने अपने इंस्टाग्राम खाते पर एक 'पोस्ट' साझा की थी जिसमें लिखा था, पवन बंसल के साथ हो गया खेल, मनीष तिवारी को मिली टिकट। दुबे ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर लकी पर बंसल का अपमान करने का आरोप लगाया। हमने इस्तीफा दे दिया है और हम कांग्रेस की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष पद से लकी के इस्तीफे की मांग करते हैं। उन्होंने हालांकि स्पष्ट किया कि वे चंडीगढ़ लोकसभा सीट से तिवारी की उम्मीदवारी के खिलाफ नहीं हैं।

### हालिया हिंसा के बाद कुकी संगठनों ने की चुनाव के बहिष्कार की घोषणा

**चुराचांदपुर (मणिपुर)।** कुकी-जो समुदाय के कुछ संगठनों ने घोषणा की है कि वे संघर्ष प्रभावित राज्य में हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद 'न्याय नहीं तो वोट नहीं' का आह्वान करते हुए आगामी लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे। शनिवार को इम्फाल पूर्वी जिले में दो सशस्त्र समूहों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, वहीं शुक्रवार को तेंगनौपाल जिले में सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात लोगों के बीच हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए। कुकी समुदाय के लोगों ने घोषणा की है कि वे बहिष्कार के रूप में संसदीय चुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतार रहे। वैश्विक कुकी-जोमी-हमार महिला समुदाय ने पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को पत्र लिखकर चुनाव बहिष्कार के फैसले की जानकारी दी थी। यह महिलाओं का एक समूह है जिसमें पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, बाहरी मणिपुर के पूर्व सांसद किम गांगटे और दिल्ली में कुकी-जोमी-हमार महिला मंचों के नेता शामिल हैं।

# 10 वर्ष का काम ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है : मोदी

## राजग सरकार की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री बोले- अभी बहुत कुछ किया जाना है बाकी

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के वास्ते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन के लिए केरल से समर्थन जुटाने की कवायद में सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पिछले दशक में जो काम हुआ है वह महज एक ट्रेलर है और इस दक्षिण राज्य तथा देश की प्रगति के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

नजदीकी कुन्नामकुलम में राजग द्वारा आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा जो अभी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के वास्ते केरल में हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता पर उत्तर प्रदेश में अपने परिवार की सीट न बचा पाने और करुवन्नूर बैंक घोटाले पर चुप रहने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहापिछले 10 वर्ष में जो हुआ है वह महज ट्रेलर है क्योंकि केरल तथा भारत के लिए और बहुत कुछ किया जाना बाकी है। यह केरल में प्रगति का साल होगा। उन्होंने भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किए गए विभिन्न वादों तथा विकास कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए इसे मोदी की गारंटी बताया, जिसे रविवार को जारी किया गया था।



तिरुनेलवेली जिले के अंबासमुद्रम में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक में भाग लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अंदाज में स्वीकार किया समर्थकों का अभिवादन। ● एजेंसी

राहुल गांधी का नाम लिए बगैर मोदी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र के संदर्भ में कहा कि कांग्रेस के युवराज उत्तर प्रदेश में अपनी सीट सुरक्षित कर परिवार के गौरव की रक्षा करने में नाकाम रहे और वोट मांगने केरल में आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता केरल के लोगों से वोट मांगेंगे लेकिन उनके हितों में अपनी आवाज नहीं उठाएंगे। वह राज्य की सत्तारूढ़ माकपा द्वारा नियंत्रित करुवन्नूर सहकारी बैंक में करोड़ों रुपये के घोटाले पर चुप हैं। उन्होंने प्रतिबंधित पीएफआई की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस को दिए समर्थन को लेकर भी पार्टी की आलोचना की। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और एसडीपीआई के बीच 'साठगांठ' है, जो कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए भारत में एक प्रतिबंधित संगठन की राजनीतिक इकाई है। उन्होंने माकपा नीत सरकार पर करुवन्नूर सहकारी बैंक घोटाला करने का मुद्दा उठाया और वाम दल पर गरीबों का पैसा लूटने का आरोप लगाया।

### मणिपुर में शांति स्थापित करना केंद्र की प्राथमिकता : शाह

**इम्फाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार की प्राथमिकता जातीय संघर्ष प्रभावित मणिपुर में शांति स्थापित करना है। शाह ने इम्फाल में एक जनसभा में कहा कि यह लोकसभा चुनाव मणिपुर को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों और इसे एकजुट रखने वालों के बीच है। शाह ने कहा कि सभी समुदायों को साथ लेकर और राज्य को तोड़े बिना मणिपुर में शांति स्थापित करना नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले साल तीन मई को मणिपुर में जातीय झड़प शुरू होने के बाद कम से कम 219 लोग मारे गए थे, जब मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था।

## किसी के नाम से पहचाना जाना, पहचान के अधिकार का मूल आधार है: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी के नाम से या माता-पिता की संतान के रूप में पहचाना जाना किसी भी व्यक्ति की पहचान का मूल आधार है। अदालत की यह टिप्पणी याचिकाकर्ता की 10वीं और 12वीं की सीबीएसई की अंकतालिकाओं में पिता का नाम बदलने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करते हुए आई।




अदालत ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के प्रमाणपत्रों में उल्लिखित नाम वास्तव में याचिकाकर्ता के पिता का नहीं था और उसने पंजीकरण के समय अपने चाचा का नाम अंकित किया था क्योंकि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी। हालांकि विभिन्न सार्वजनिक दस्तावेजों में याचिकाकर्ता के पिता के नाम की वर्तनी में कुछ विसंगतियां थीं और अदालत ने कहा कि नाम पहचान से जुड़ा होता है और ऐसे मामलों में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाए। न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने हाल के एक आदेश में कहा था, ऐसे मामलों में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा और प्रमुख विचार को ध्यान में रखना होगा कि नाम पहचान से जुड़ा है और किसी के नाम से, साथ ही माता-पिता की बेटी या बेटे के रूप में भी पहचाने जाने का अधिकार एक व्यक्ति के रूप में उसकी पहचान का मूल आधार है।

## भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं : राहुल




केरल के वायनाड में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनाव प्रचार रोड शो करते राहुल गांधी। ● एजेंसी

उधगमंडलम (तमिलनाडु), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं है लेकिन बातें 2036 का ओलंपिक आयोजित कराने की हो रही हैं।

राहुल ने नीलगिरी जिले में अपने दौरे के दौरान केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। केरल के वायनाड के लिए प्रस्थान करने से पहले यहां थलूर में कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ बातचीत के दौरान राहुल ने पूछा, गरीबों के लिए भाजपा की क्या नीति है? कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं और महिलाओं सहित सभी लोगों के लिए नीतियां हैं लेकिन भाजपा का चुनावी घोषणापत्र 2036 में ओलंपिक कराने की बातें करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को भाजपा का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें 'विकसित भारत' के उनके दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है।

## ईडी के सामने आत्मसमर्पण कर दें खानः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को राहत देने से इनकार कर दिया, जिन्होंने दिल्ली वक्फ की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन मामले में उनकी अग्रिम जमानत खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने खान को 18 अप्रैल, 2024 को सुबह 11 बजे ईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि एक बार यह शर्त पूरी हो जाने पर, वारंट जारी करने का आवेदन वापस ले लिया जाएगा।

## एजी को टी राजा, नितेश राणे के नफरत भरे भाषण की जांच करने का आदेश

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार के राज्य महाधिवक्ता से कहा कि वह जनवरी में मीरा रोड पर हिंसा के दौरान विधायक नीतीश राणे, गीता जैन और विधायक टी राजा द्वारा दिए गए कथित नफरत भरे भाषणों की जांच करें और यह निर्धारित करें कि क्या उनके खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ मीरा रोड की एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें भाजपा विधायकों नितेश राणे, गीता जैन (महाराष्ट्र) और टी राजा (तेलंगाना) के खिलाफ कथित रूप से नफरत भरे भाषण देने और हिंसा भड़काने के लिए कार्रवाई की मांग की गई थी, जो जनवरी में नया नगर, मीरा रोड में भड़की थी। पिछले सप्ताह सुनवाई के दौरान, पीठ ने मुंबई और मीरा-भयंदर के पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिया था कि वे नफरत भरे भाषणों की रिकॉर्डिंग और प्रतिलिपि की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें और अदालत को सूचित करें कि क्या पुलिस द्वारा ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि इस पर गौर करने की आवश्यकता है।

## अगर दंगा भड़का तो भूख हड़ताल कर दूंगी : ममता

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाली केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और भगवा ब्रिगेड का पक्ष लेने के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) की आलोचना की। बनर्जी ने राज्य में एक भी दंगा होने पर चुनाव आयोग के बाहर भूख हड़ताल करने की धमकी दी।



- **मुख्यमंत्री बोलीं किसानों के लिए 26 दिन कर सकती हूं उपवास तो 55 दिनों तक ईसीआई कार्यालय पर भी करूंगी भूख हड़ताल**

उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार को संबोधित करते हुए, उन्होंने जरूरत पड़ने पर 55 दिनों के लिए ईसीआई कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल करने की धमकी दी। बनर्जी ने दोहराया कि अगर मैं किसानों के लिए (सिंगूर में) 26 दिनों तक उपवास कर सकती हूं, तो मैं ईसीआई कार्यालय के बाहर 55 दिनों तक भूख हड़ताल भी कर सकती हूं। उन्होंने भाजपा नेताओं पर कथित तौर पर विपक्ष को जेल में डालने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज भी, सिर्फ भाजपा के निर्देश पर मुर्शिदाबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक को बदल दिया गया। अब, अगर मुर्शिदाबाद और मालदा में दंगे होते हैं, तो जिम्मेदारी चुनाव आयोग की होगी।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 06 | 284 |
| संजू सैमसन (राजस्थान) | 06 | 264 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 06 | 11 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## खेल डायरी

### माइकोलास ने चक्का फेंक में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

**रेमोना (अमेरिका)।** लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था, लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया।

### जेहान ने फार्मूला ई में पहला अंक जुटाया

**मिसानो (इटली)।** भारत के जेहान दारूवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए। उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी। फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी। अब तक उन्होंने जिन रेस में हिस्सा लिया, उनमें से दो को पूरा नहीं कर पाए।

### बैंगनी रंग का होगा ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

**पेरिस।** एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं।

### विदित गुजराती ने फिर नाकामूरा को हराया

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला। रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है।


### भाटिया संयुक्त 35वें, थीगाला संयुक्त 45वें स्थान पर

**अगस्ता।** भारतीय-अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया और सहिथ थीगाला रविवार को यहां अगस्ता नेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में क्रमश: संयुक्त 35वें और संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। स्कॉटी शेफलर ने चार शॉट के अंतर से तीन साल में अपना दूसरा अगस्ता मास्टर्स खिताब जीता। मास्टर्स टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे भाटिया ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया जबकि दूसरी बार मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे थीगाला अंतिम दौर में तीन ओवर 75 का स्कोर ही बना सके। थीगाला पिछले साल शीर्ष 10 में रहे थे। शेफलर ने अंतिम दिन 68 के स्कोर से कुल 11 अंडर के स्कोर से चार शॉट की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया।

### इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं। वहीं उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में पहले स्थान पर हैं। उनके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और चेन्नई सुपरकिंग्स के एमएस धोनी का नंबर आता है। वहीं विदेशी खिलाड़ियों में एबी डिविलियर्स टॉप-5 में मौजूद हैं।

357



272



251



248




245



# मैच में चैलेंज बनी रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

## हैदराबाद ने 25 रनों से हराया, हेड के शतक और क्लासेन के अर्धशतक के दम पर आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया



ट्रैविस हेड

**बेंगलुरु, एजेंसी**

ट्रेविस हेड 102 रन की तूफानी शतकीय और हेनरिक क्लासेन 67 रन की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 30वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 25 रनों से हरा दिया है। छह मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की यह चौथी जीत है।

288 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले पहले विकेट के लिये 80 रन जोड़े। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विराट कोहली को बोल्ड कर दिया। कोहली ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 42 रन बनाये। उसके बाद विल जैक्स सात रन बनाकर रनआउट हो गये। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने सात चौके और चार छक्के लगाते हुए 62 रन बनाये। उन्हें पैट कमिंस ने आउट किया। रजत पाटीदार नौ रन बनाकर आउट हुये। सौरव चौहान बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये।

एक समय 122 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाकर संकट में फंसी टीम को दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर की पारी ने संभाला। महिपाल लोमरोर 19 रन बनाकर आउट हुये। मार्कंडेय ने कार्तिक की शानदार पारी का अंत किया। कार्तिक गुड लेंथ गेंद को ऑफ स्टंप के बाहर कवर के ऊपर से खेलने के प्रयास में बल्ले का बाहरी किनारा लगा और कीपर क्लासेन ने कैच पकड़ लिया। कार्तिक के आउट होते के साथ आरसीबी की जीत उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। कार्तिक ने पांच चौके और सात छक्के लगाते हुए 83 रन बनाये। अनुज रावत 25 रन और विजय कुमार वैशाख एक रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी 20 ओवर में सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी और 25 रन से मुकाबला हार गई। हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस को तीन विकेट मिले और मयंक मार्कंडेय ने दो विकेट लिये।

सोमवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 108 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में रीस टॉप्ली ने अभिषेक शर्मा 34 रन को लॉकी फर्ग्युसन के हाथों कैच कराया। ट्रेविस हेड ने नौ चौके और आठ छक्कों की मदद से 102 रन ठोके। वहीं हेनरिक क्लासेन ने भी ताबड़तोड़ अंदाज में दो चौके और सात छक्के लगाते हुए 67 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों को लॉकी फर्ग्युसन ने आउट किया। एडन मार्करम 32 और अब्दुल समद 37 रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 287 रनों का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिये। रीस टॉप्ली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 | +0.767 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.688 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

### हैदराबाद 287/3 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 15

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का फर्ग्युसन बो टॉपली | 34 | 22 | 2/2 |
| ट्रेविस हेड का डु प्लेसी बो फर्ग्युसन | 102 | 41 | 9/8 |
| हेनरिच क्लासेन का विशाख बो फर्ग्युसन | 67 | 31 | 2/7 |
| एडेन मार्करम नाबाद | 32 | 17 | 2/2 |
| अब्दुल समद नाबाद | 37 | 10 | 4/3 |

**गेंदबाजी :** जैक्स 3-0-32-0, टॉपली 4-0-68-1, दयाल 4-0-51-0, फर्ग्युसन 4-0-52-2, विशाक 4-0-64-0, लोमरोर 1-0-18-0

### बेंगलुरु 262/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली बो मार्कंडेय | 42 | 20 | 6/2 |
| फाफ डु प्लेसी का क्लासेन बो कमिंस | 62 | 28 | 7/4 |
| विल जैक्स रन आउट | 07 | 04 | 1/0 |
| रजत पाटीदार का रेड्डी बो मार्कंडेय | 09 | 05 | 0/1 |
| सौरव चौहान पगबाधा बो कमिंस | 00 | 01 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक का क्लासेन बो नटराजन | 83 | 35 | 5/7 |
| महिपाल लोमरोर बो कमिंस | 19 | 11 | 0/2 |
| अनुज रावत नाबाद | 25 | 14 | 5/0 |
| विजयकुमार विशाख नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** शर्मा 1-0-10-0, भुवनेश्वर 4-0-60-0, शाहबाज 1-0-18-0, नटराजन 4-0-47-1, कमिंस 4-0-43-3, मार्कंडेय 4-0-46-2, उनादकट 2-0-37-0

## ऑस्ट्रेलिया के इनकार पर कुछ नहीं कर सकते : राशिद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट उनके देशवासियों को खुशी के पल मुहैया कराता है लेकिन अगर कोई देश उनके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने से इनकार कर दे तो कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद तर्क देते हुए कहा कि ऐसा करने से उनके देशवासी खुशी से महरूम हो गये।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तालिबान शासित देश में महिलाओं के साथ व्यवहार में गिरावट के चलते 2023 में अपने ही देश में अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे श्रृंखला रद्द कर दी थी और इस साल के अंत में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली टी20 श्रृंखला में खेलने से भी इनकार कर दिया। राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों का 'बिग बैश लीग' में खेलना जारी है।

## अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा केकेआर

**कोलकाता, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नरेन की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नरेन ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नरेन ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नरेन ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नरेन थे, जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।

मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नरेन की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। मौजूदा सत्र में नरेन बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज। **समय :** मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

## 'हाइब्रिड पिच' पर खेले जायेंगे आईपीएल के मैच

**धर्मशाला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ का खूबसूरत स्टेडियम बीसीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त पहला स्टेडियम होगा जिसमें अत्याधुनिक 'हाइब्रिड पिच' बिछाई गई है जहां इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के दो मैच होंगे। एचपीसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हाइब्रिड पिच बिछा दी गई है और आईपीएल के दो मैच खेले जायेंगे।'

नीदरलैंड की 'एसआईएस ग्रास' कंपनी को इसका जिम्मा दिया गया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह पिच अधिक टिकाऊ, स्थिर और हाई परफॉर्मिंग होगी। एचपीसीए अध्यक्ष आर पी सिंह ने कहा,'' भारत में हाइब्रिड पिच तकनीक का आगमन क्रिकेट के लिये बहुत महत्वपूर्ण पल है।' इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय निदेशक पॉल टेलर ने कहा, 'भारत में हमारे डिलिवरी साझेदार पिच विशेषज्ञ ग्रेटर टेन के साथ मिलकर एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं के जरिये भारतीय क्रिकेट के इकोसिस्टम में निवेश करने को लेकर प्रतिबद्ध है।'' हाइब्रिड पिच में मैदान के भीतर की कुदरती टर्फ के साथ कुछ प्रतिशत पोलीमर फाइबर होता है। इससे पिच टिकाऊ रहती है और समान उछाल भी मिलता है।




## भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना हंसी के खजाना रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''हंसी के खजाना'' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और गायिका ममता राउत का शिक्षा से भरपूर गीत ''हंसी के खजाना'' यूट्यूब पर आ गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह की अदाकारी और ममता राउत की आवाज है।यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसके वीडियो में दिख रहा है कि अक्षरा लाल साड़ी पहने, आँखों पर सिंपल चश्मा और मांग में सिंदूर लगाये हुए अध्यापिका के गेटअप में स्कूल में बच्चों को पढ़ा रही हैं। उनका पढ़ाने का अंदाज एकदम निराला है। वह इस वीडियो में बच्चों को प्रेरणा स्रोत एवं शिक्षा पूर्ण गाना सुनाकर पढ़ा रही हैं और प्रेरणा दे रही हैं। इस गाने को फणीन्द्र राव ने लिखा है और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह बच्चों को पढ़ाते हुए कह रही हैं कि ...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... त बच्चा लोग के के सुनी...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... खोलिके तू कान से सुनि ला धियान से, ना होई परेशानी... हंसी के खजाना लेके आइल बानी...। गौरतलब है कि ''हंसी के खजाना'' गाना फिल्म ''अक्षरा'' का है। वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं।




## फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति चोपड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से भावुक हो गयी हैं। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ''अमर सिंह चमकीला'' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से परिणीति चोपड़ा भावुक हो गयी हैं। परिणीति चोपड़ा ने भावुक होकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में परिणीति चोपड़ा ने ''अमर सिंह चमकीला'' के सेट की बीटीएस फोटो शेयर कर कैप्शन लिखकर बताया है कि उनके आंसू नहीं थम रहे हैं। परिणीति चोपड़ा फोटोज में इम्तियाज अली और दिलजीत दोसांझ के साथ पोज करतीं और मस्ती करती नजर आ रही हैं। परिणीति ने फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा, कंबल में लिपटी हूं और आपके शब्दों, कॉल और फिल्म रिव्यूज से अभिभूत हूं (मेरे आंसू नहीं रुक रहे हैं) परिणीति इज बैक, यह शब्द तेजी से गूंज रहे हैं। ऐसा नहीं सोचा था, हां मैं वापस आ गई हूं और कही नहीं जाने वाली हूं।



## श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने का गाना तू मिल गया रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' का गाना 'तू मिल गया' रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का गाना 'तू मिल गया' हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा रचित यह गाना राजकुमार राव और अलाया एफ पर फिल्माया गया है। जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार द्वारा स्वरबद्ध किये गए इस गाने को श्लोक लाल ने लिखा है। फिल्म ''श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने'' उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# 75 साल के चुनावी इतिहास में ईसी की सबसे बड़ी कार्रवाई

*लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का एलान हो चुका है। सभी पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। चुनाव आते ही पार्टी और प्रत्याशी धनबल का इस्तेमाल हर बार मतदाताओं को लुभाने के लिए करते ही हैं। इस बार भी ऐसा ही माहौल बना हुआ है लेकिन चुनाव आयोग ने इस साल धनबल के इस्तेमाल पर अब तक की सबसे बड़ी जब्ती की है।*

● चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि उसकी निगरानी में अधिकारी लोकसभा चुनाव से पहले एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपये की जब्ती कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि प्रवर्तन अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले ही 4,650 करोड़ रुपये जब्त किए हैं और यह 2019 के चुनावों में की गई 'कुल जब्ती से अधिक' है।



### 2024 में चुनाव आयोग की सबसे अधिक जब्ती

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 2024 के आम चुनाव के साथ, ईसीआई देश में लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में दर्ज की गई सबसे अधिक प्रलोभन की जब्ती की राह पर है।18वीं लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों ने धनबल पर रोक लगाने के लिए 4,650 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड जब्ती की है।

### तमिलनाडु में सबसे ज्यादा कैश, कर्नाटक में शराब

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 53 करोड़ कैश, तेलंगाना में 49 करोड़, महाराष्ट्र में 40 करोड़, कर्नाटक और राजस्थान में 35-35 करोड़ रुपये से ज्यादा जब्त किए गए हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124 .3 करोड़ की शराब सीज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 51 .7 करोड़, राजस्थान में 40 .7 करोड़, उत्तर प्रदेश में 35 .3 करोड़ और बिहार में 31 .5 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई।

### ड्रग्स जब्ती में गुजरात समेत 5 राज्य आगे

आंकड़ों के मुताबिक कुल जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ हैं। गुजरात से सबसे ज्यादा करीब 485 .99 करोड़ रुपये के ड्रग्स बरामद किए गए हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 293 .02 करोड़, पंजाब में 280 . 81 करोड़, महाराष्ट्र में 213 .56 करोड़ और दिल्ली में 189 . 94 करोड़ के ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

### हर दिन करीब 100 करोड़ की जब्ती हो रही

आयोग के मुताबिक, 1 मार्च के बाद से जब्त किए गए सामान में 2068 .85 करोड़ रुपये के ड्रग्स, 1142 .49 करोड़ के मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान, 562 .10 करोड़ की कीमती धातुएं, 489 .31 करोड़ रुपये की शराब और 395 .39 करोड़ कैश शामिल है। कैश सहित सभी सामानों को मिलाकर हर दिन करीब 100 करोड़ रुपये सीज किए जा रहे हैं।

# हवाई यात्रा के सपने की कीमत 150 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

यदि विमान में बैठने का सपना हो और महंगे टिकट के चलते उसे पूरा नहीं कर पा रहे हों, तो आप असम जा सकते हैं। यहां सिर्फ 150 रुपये में आपका सपना पूरा हो सकता है।

असम के लीलाबाड़ी से तेजपुर तक के लिए विमान कंपनी अलायंस एयर केंद्र सरकार की 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) स्कीम के तहत यह सुविधा दे रही है। कंपनी की इस रूट पर रोज दो उड़ानें हैं, जो दो महीने से लगभग फुल चल रही हैं। यात्रा पोर्टल 'इक्सिगो' के अनुसार, तेजपुर से लीलाबरी बस से जाते हैं 216 किमी के सफर में 4 घंटे लगते हैं। जबकि इसी रूट पर हवाई दूरी 147 किमी है, जो फ्लाइट से 25 मिनट में पूरी हो जाती है। इस यात्रा में एक तरफ का किराया 150 रुपये है। इसी रूट पर वाया कोलकाता वाली फ्लाइट का किराया 450 रुपये है। जब से यहां सस्ती विमान सेवा शुरू हुई, तब से ऑक्यूपेसी 95 फीसदी तक है।

बता दें, 2017 में शुरू हुई 'उड़ान' का पूर्वोत्तर में अच्छा रिस्पॉन्स है। असम, मेघालय, नगालैंड, अरुणाचल, सिक्किम की 73 हवाई पट्टियां स्कीम से जुड़ी हैं। अलायंस एयर, फ्लाईबिग, इंडिगो यहां सेवा दे रही हैं। इसी स्कीम के तहत 2021 में इंफाल से शिलॉन्ग के लिए सीधी उड़ान शुरू हुई थी।

### 2016 से शुरू हुई उड़ान सेवा... इतनी सस्ती कैसे



एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर किराए को किफायती बनाने के लिए उड़ान योजना के तहत एयरलाइंस को वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) दी जा रही है। इससे कंपनी को मूल किराए में हुए नुकसान की भरपाई हो जाती है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और हवाईअड्डा परिचालक क्षेत्रीय उड़ान सेवा के तहत उड़ानों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन देते हैं। अन्य बातों के अलावा, इन उड़ानों के लिए कोई 'लैंडिंग' या 'पार्किंग' शुल्क नहीं है। नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना को प्रोत्साहित करने तथा हवाई यात्रा को और अधिक किफायती बनाने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर, 2016 को उड़ान सेवा शुरू की।

## एक नजर

### अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में भारी बारिश से अब तक 58 की मौत

**दार एस सलाम।** अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में स्थित देश तंजानिया के 10 क्षेत्रों में भारी बारिश हो रही है। कई हिस्सों में बाढ़ से 58 लोग मारे गए हैं, जबकि, कई लापता हैं। मुख्य सूचना सेवा के निदेशक ने कहा कि पीड़ितों की मौत 01 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच हुई है। मतिनयी ने बंदरगाह शहर दार एस सलाम में रविवार को कहा कि 58 मौतों में से 10 अरुशा क्षेत्र में, चार गीता में, दो दार एस सलाम में, पांच इरिंगा में, एक किलिमंजारो में, चार लिंडी में, छह म्बेया में, पांच मोरोगोरो में, 11 कोस्ट में और 10 रुकवा में हुई हैं।

### घाटी के दो जिलों में हिमस्खलन और हिमपात की चेतावनी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के दो जिलों के ऊंची चोटियों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। जेकेडीएमए के अधिकारियों ने सोमवार को कहा है कि, उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिले और मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में 2,400 मीटर से ऊंची चोटियों पर मध्यम स्तर के खतरे' का हिमस्खलन होने का अनुमान जताया है। कश्मीर घाटी में पिछले दो दिनों से बड़े पैमाने पर व्यापक बारिश हुई और कुछ ऊपरी चोटियों में ताजा हिमपात भी हुआ है।



### नेपाल में वसंत आगमन के स्वागत में सिन्दूर यात्रा...

**भक्तपुर।** नेपाल के भक्तपुर स्थित बालकुमारी मंदिर में रविवार को सिंदूर जात्रा उत्सव मनाया गया। यह वसंत और नववर्ष के आगमन का प्रतीक है। लोगों ने सिंदूर और गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया और 32 देवी-देवताओं के शाही रथ खींचे गए हैं।

### हरियाणा के अंबाला में मिनी ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे श्रद्धालू

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में अधोया गांव के पास श्रद्धालुओं को ले जे रहे मिनी ट्रक का टायर फटने से वाहन पलट गया, जिस कारण कुछ यात्री घायल हो गए। पुलिस ने कहा- मिनी ट्रक में 18 श्रद्धालु त्रिलोकपुर माता मंदिर में माथा टेककर कैथल स्थित अपने घर लौट रहे थे। तभी अचानक ट्रक का टायर फट गया, जिससे सभी बाल-बाल बच गए।

# ईरान में फंसे 17 भारतीयों से जल्द मिल सकेंगे अधिकारी: जयशंकर

## जंग शुरू होने के बाद भारतीय दूतावास और ईरानी अधिकारियों के बीच जारी है बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने ईरान द्वारा जब्त किए गए पुर्तगाली मालवाहक जहाज पर सवार 17 भारतीयों को रिहा करने का आग्रह किया है। केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि भारतीय दूतावास और ईरानी अधिकारियों के बीच बातचीत हुई है।



उन्होंने कहा, मैंने कल रात अपने ईरानी समकक्ष हुसैन आमीर अब्दुल्लाहियन से बात की। मैंने उनपर दबाव डाला और उनसे कहा कि जहाज में 17 भारतीय सवार हैं। हम इन लोगों की रिहाई पर ईरानी सरकार से बात कर रहे हैं। हमने उनसे कहा कि इन लोगों को हिरासत में नहीं लिया जाए।

शनिवार को ईरानी सेना ने इस्राइल से जुड़े एक कार्गो जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जब्त कर लिया था। इस जहाज में 17 भारतीय भी सवार थे। जयशंकर ने आगे कहा, "मुझे कुछ रिपोर्ट मिले, लेकिन मैं चाहता हूं कि हमारे दूतावास के लोग वहां जाए और उन लोगों से मिले। यह मेरे लिए संतुष्टि का पहला पड़ाव होगा। मैं पूरी तरह से दबाव डालूंगा कि ये लोग भारत वापस आ जाए। मेरे ईरानी समकक्ष भी इससे बहुत हद तक सहमत थे।" जयशंकर ने बताया कि उन्होंने (ईरानी समकक्ष) कहा कि हम समझते हैं और हम कोशिश करेंगे और कुछ अच्छा करेंगे।

### हमले में प्रयोग किए 80 ईरानी ड्रोन को अमेरिका ने किया नष्ट

**वाशिंगटन।** पेंटागन ने रविवार को कहा कि अमेरिका ने ईरान द्वारा इजराइल पर दागे गए 80 से अधिक यूएवी और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट कर दिया। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि अमेरिकी यूरोपीय कमांड विध्वंसक द्वारा समर्थित अमेरिकी बलों ने शनिवार और रविवार को ईरान और यमन से इजरायल को निशाना बनाने वाले 80 से अधिक ड्रोन और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट किया है। सेंटकॉम ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, "इसमें लॉन्चर वाहन पर एक बैलिस्टिक मिसाइल और यमन में ईरान समर्थित हूतियों द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों में लॉन्च से पहले जमीन पर नष्ट किए गए सात यूएवी शामिल हैं। ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं जिसे तेहरान ने सीरिया में ईरान के दूतावास पर एक अप्रैल को किए उसके हमले की प्रतिक्रिया बताया है। ईरान के लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को इजराइली, अमेरिकी और सहयोगी सेनाओं ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही मार गिराया। एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि शनिवार और रविवार सुबह अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने 80 ड्रोन और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलें मार गिरायीं जो ईरान तथा यमन की ओर से इजराइल की ओर छोड़ी गई थीं।



# तनाव के बीच पाकिस्तान की यात्रा करेंगे ईरानी राष्ट्रपति

**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान की यात्रा करने वाले हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, रईसी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे।

बता दें, रईसी की यात्रा ऐसे समय होगी जब तेहरान ने कुछ दिन पहले ही सीरिया में दमिश्क स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर कथित हमले में इजराइल पर रविवार को मिसाइलों से जवाबी कार्रवाई की है। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि, जनवरी में, ईरान के सीमा पार हमलों के जवाब में पाकिस्तान ने ईरानी क्षेत्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और रॉकेट का उपयोग करके सटीक हमले किए थे। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह दो ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया था। जैश अल-अदल 2012 में बनाया गया एक बलूच सुन्नी आतंकवादी समूह है जो ज्यादातर पाकिस्तान में सक्रिय है।

# ऑस्ट्रेलिया में फिर चाकू से हमला, पादरी समेत कई घायल

● पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को किया गिरफ्तार

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाकूबाजी की एक और घटना सामने आई है। वेकली में स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में एक पादरी और इकट्ठा हुए कुछ और लोगों पर हमला किया गया है। चाकूबाजी में कई लोग घायल हुए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना चर्च सर्विस के दौरान हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है कि, आरोपी जांच में मदद कर रहा है।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें बिशप मार मारी इमैनुएल चर्च की स्टेज पर खड़े हैं। इस दौरान काले जंपर पहने एक शख्स उनकी तरफ भागता है और उन्हें खींचकर सीने पर चाकू मार देता है। इसके बाद पादरी जमीन पर ही गिर जाते हैं और हमलावर उन्हें चार से पांच बार और चाकू मारता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पादरी व



अन्य लोगों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ही वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में शनिवार को चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया था। इस घटना में पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए थे। इस घटना पर सिडनी पुलिस ने सोमवार को बड़े खुलासे किए हैं। पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि हमलावर के निशाने पर सिर्फ महिलाएं थीं, क्योंकि घटना में मारे गए छह लोगों में से पांच महिलाएं हैं।


# ट्रंप की रैली में लगे बाइडन को खत्म करने के नारे

**न्यूयॉर्क।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के खिलाफ भी अमेरिका में भी नाराजगी बढ़ रही है। इसकी बानगी तब देखने को मिली, जब पेन्सिलवेनिया में डोनाल्ड ट्रंप एक रैली को संबोधित कर रहे थे, उसी दौरान कुछ लोगों ने जो बाइडन को खत्म करने के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिसके बाद कई अन्य लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाए।

दरअसल डोनाल्ड ट्रंप रैली को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने 'जो बाइडन को खत्म करो' (जेनोसाइड जो) के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिन्हें सुनकर डोनाल्ड ट्रंप ने अपना भाषण रोक दिया। इसके बाद कई और लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाने शुरू कर दिए।

# मणिपुर के विस्थापित लोगों की मांग सुनने से सुप्रीम इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी



● लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा के लिए लगाई थी गुहार

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित लगभग 18 हजार लोगों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस अदालत का हस्तक्षेप, विशेष रूप से इस विलंबित चरण में, मणिपुर के लिए लोकसभा के आगामी आम चुनावों के संचालन में महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करेगा। पीठ ने कहा, आप अंतिम समय में आये हैं। इस स्तर पर, वस्तुतः क्या किया जा सकता है? हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते है। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि 18,000 आंतरिक रूप से विस्थापित लोग हैं। वे मणिपुर में चुनाव में मतदान करना चाहते हैं।

मणिपुर मई 2023 से हिंसा की चपेट में है। 3 मई को पहली बार राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हैं, जब पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्चका आयोजन किया गया था।

### रूपाला का टिकट काटने का अल्टीमेटम...





**राजकोट:** गुजरात की राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के विवादित बयान से खफा क्षत्रिय समाज ने शक्ति प्रदर्शन किया। राजकोट के करीब रतनपर में समाज ने महादरबार (क्षत्रिय अस्मिता महासम्मेलन) लगाया। समाज के नेताओं ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर 19 अप्रैल तक रूपाला का टिकट रद नहीं हुआ तो गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों का विरोध होगा। ● एजेंसी

# सिंगापुर के अगले पीएम होंगे वोंग, ली सीन लूंग छोड़ेंगे पद

**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने सोमवार को कहा कि वह 15 मई को अपने पद से इस्तीफा देंगे। लॉरेंस वोंग को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाएगा। वोंग फिलहाल देश के उप प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में हैंडओवर की तारीख की घोषणा की है। बयान के अनुसार, ली सीन 15 मई को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और डीपीएम लॉरेंस वोंग अगले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। ली 2004 से सिंगापुर के तीसरे प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी के महासचिव के रूप में कार्यरत हैं।



# गैंगस्टर लखबीर लांडा के 12 गुर्गे गिरफ्तार

● कारोबारी से मांगी थी दो करोड़ की रंगदारी, दो लग्जरी बाइक समेत हथियार बरामद

कपूरथला, एजेंसी

अमेरिका में बैठे गैंगस्टर लखबीर सिंह लंडा के 12 गुर्गों को कपूरथला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने लंडा और उसके यूके रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल के कहने पर सुल्तानपुर लोधी के एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी।

आरोपियों पर पहले भी कई लूटपाट व आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं। इनसे पुलिस ने 7.65 बोर की एक पिस्टल, एक देसी रिवाल्वर 32 बोर, एक देशी पिस्तौल 7.62 बोर, 26 रौंद और 2 लग्जरी बाइक बरामद किए हैं। एससपी वत्सला गुप्ता ने बताया कि 10 मार्च को कपूरथला से संबंधित एक धनाढ्य व्यक्ति के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस के पास मामला पहुंचने के बाद सीआईए स्टाफ कपूरथला, डीएसपी-डी और काउंटर इंटेलीजेंस जालंधर की टीम के साथ संयुक्त आपरेशन चलाया गया। इस दौरान तफ्तीश में मालूम हुआ कि अमेरिका बैठा गैंगस्टर लखबीर सिंह उर्फ लंडा निवासी हरिके जिला तरनतारन अपने यूके में रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल निवासी गांव चिट्टी थाना लांबड़ा जिला जालंधर के जरिये जिला कपूरथला व इसके आसपास के एरिया में धनाढ्य व एनआरआई को धमकियां देकर रंगदारी की मांग कर रहे हैं। इस पर आपरेशन टीम ने इनपुट और तकनीकी आधार पर ट्रैप लगाकर 12 गुर्गों को सुल्तानपुर लोधी, तरनतारन, संगरूर, जालंधर और शाहकोट से काबू करने में सफलता हासिल की।

पहले मुख्य आरोपी जसवीर सिंह उर्फ जस्सा निवासी गांव गिल नकोदर, यूके रहते हरजीत सिंह का भाई मनिंदर सिंह निवासी गांव चिट्टी जालंधर, गुरजीत सिंह उर्फ ज्ञानी निवासी नकोदर को पहले गिरफ्तार किया गया।



पकड़े गए सभी आरोपियों के साथ मौजूद पंजब पुलिस की टीम।

# कांगो में आतंकी हमला, 11 लोगों को उतारा मौत के घाट

**किंशासा (कांगो)।** कांगो में आतंकी हमला हुआ है। इस दौरान हमलावरों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी। मीडिया के अनुसार, इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने लोगों की हत्या करने के बाद वाहनों में भी आग लगा दी।

इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने यह हमला पूर्वी कांगो के गांवों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। हमलावरों ने इस दौरान लोगों के संपत्ति पर भी कब्जा कर लिया गया। बता दें, कि यह हमला शनिवार को हुआ था। हालांकि, स्थानीय मेयर ने इसकी जानकारी रविवार को दी। इस्लामिक स्टेट से जुड़े कई ग्रुप युगांडा के आसपास सक्रिय हैं। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में कहा था कि इस साल इस क्षेत्र में आतंकियों के हमले में करीब 200 लोग मारे गए हैं।

विज्ञान — हजारों ग्रहों की खोज के बाद इस उपग्रह के समुद्र में मिले सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य

# शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश शनिग्रह के उपग्रह पर जा ठहरी है। इस ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र में ऐसी कोशिकाएं (सूक्ष्म जीवन) के साक्ष्य मिले हैं, जो पृथ्वी के समुद्रतल में भी मौजूद हैं। इस खोज से पुष्टि होती है कि पृथ्वी के अलावा हमारे अपने सौर मंडल के दूसरे ग्रह में भी जीवन मौजूद है।

जीवन की तलाश मे वैज्ञानिक ब्रह्मांड की खाक छानने में जुटे हैं। हजारों ग्रहों की खोज के बाद अब जो सबूत मिले हैं, वह दूसरे ग्रहों पर जीवन बसाने की संभावनाओं को बल देता है। फिलहाल वैज्ञानिक मंगल पर जीवन बसाने की योजनाओं में जुटे हुए हैं, जबकि मंगल पर अभी तक जीवन के कोई ठोस चिन्ह नही मिले हैं। मगर एन्सेलाडस मे सूक्ष्म जीवन की मौजूदगी से उम्मीद जताई जाने लगी है कि भले ही जीवन बसाने का लक्ष्य मंगल ग्रह हो, लेकिन भविष्य में अधिक संभावनाएं शनि ग्रह के उपग्रहों में नजर आती है। बहरहाल एन्सेलेडस की सतह में समुद्र हैं और जलवाष्प के फब्बारे निकलते हैं। नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी के जरिए इसका पता चल पाया है। कैसिनी से प्राप्त डेटा के नए अध्ययन में सब-माइक्रोमीटर कणों के प्रमाण मिले हैं जो पृथ्वी के महासागरों में हाइड्रोथर्मल वेंट में जीवाणु कोशिकाओं के समान आकार के हैं। एन्सेलाडस की सतह पर बर्फ की दरारों से निकलने वाले फब्बारों के आंतरिक भाग में एक तरल महासागर है।

शनि ग्रह का उपग्रह एन्सेलाडस एक दिलचस्प छोटी सी दुनिया है, जिसकी बाहरी बर्फ की परत के नीचे खारे पानी का एक वैश्विक महासागर छिपा हुआ है। यह खोज पोलैंड के तीन वैज्ञानिकों द्वारा सामूहिक रूप से की गई है।



शनि ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र से निकलते फब्बारों की तस्वीर।

### समाप्त हो चुका है कैसिनी का मिशन

नासा का अंतरिक्ष मिशन कैसिनी का मुख्य उद्देश्य शनि व इसके उपग्रहों की जांच पड़ताल करना था। इस अंतरिक्ष यान ने शनि के उपग्रहों के करीब पहुंचकर महत्वपूर्ण तस्वीरों को कैमरे में कैद किया और शनि समेत इसके उपग्रहों के अनेक राज हम तक पहुंचाए हैं। जिनका अध्ययन कर वैज्ञानिक आज भी नित नई जानकारी जुटा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी मिशन का समय अब खत्म हो चुका है।